नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 5 मई 2025 सोमवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 340 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं

1994: ब्रिटेन में स्थानीय चुनाव में लेबर पार्टी ने कंजरवेटिव पार्टी को हराया।

1999: रोजाने प्रोदी यूरोपीय संघ के कार्यकारी अध्यक्ष बने।

2003: भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग की बैठक सिलहट में शुरू।

2005: टोनी ब्लेयर तीसरी बार पीएम बने।

2008: एनटीपीसी के रिहन्द सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट को लगातार तीसरे वर्ष ग्रीनटेक गोल्ड सेफ्टी अवार्ड मिला।

भारत ने रोका चिनाब नदी का पानी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिले एयरफोर्स चीफ
- रक्षामंत्री राजनाथ बोले- देश जैसा चाहता है, वो होकर रहेगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि सस्पेंड करने के बाद भारत ने रविवार को चिनाब नदी का पानी रोक दिया। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, जम्मू के रामबन में बने बागलिहार बांध से चिनाब का पानी रोका गया है। वहीं कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिए झेलम नदी का पानी रोकने की प्लानिंग चल रही है। उधर एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक पीएम और एयरचीफ मार्शल के बीच पहलगाम हमले को लेकर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल) को 12 दिन हो चुके हैं। पाकिस्तान से तनाव के बीच पीएम मोदी लगातार सेना प्रमुखों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, शनिवार को उन्होंने नेवी चीफ के साथ मीटिंग की थी। उधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि, रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि आप (देशवासी) जो चाहते हैं वह निश्चित रूप से होगा। वहीं एआइएमआइएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि वे (पीएम) ऐसा कदम उठाएंगे कि पाकिस्तान भारत में घुसकर किसी को मारने से पहले 100 बार सोचेगा।

पंजाब- फिरोजपुर में आज ब्लैकआउट एक्सरसाइज

पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच फिरोजपुर कैंट एरिया व सीमावर्ती गांवों में ब्लैकआउट की रिहर्सल की जाएगी। इस दौरान कैंट एरिया के साथ सटे गांवों में रविवार (4 मई) को रात 9 से साढे 9 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। केंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारियों ने डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी है। इसमें लिखा है कि लोग रात 9 बजे से 9.30 बजे तक घरों में रहें और इस दौरान लाइटें बंद रखें। ये भी हिदायत दी गई कि लोग जनरेटर और इनवर्टर का भी यूज न करें।

मॉक ड्रिल की सूचना देने के लिए फिरोजपुर कैंट प्रशासन ने मुनादी भी करवाई ताकि लोग डरें न। ऑटो पर स्पीकर लगाकर बताया गया कि लोग घबराएं न, रात को ब्लैकआउट के तहत घरों की लाइट न जलाएं। इस दौरान 30 मिनट तक हूटर भी बजेगा। ये सुरक्षा के मद्देनजर एक अभ्यास है। इसे पूरा करने में लोग सहयोग दें। लोगों से अपनी दुकानें भी टाइम से बंद करने का अनुरोध किया गया।

25 राज्यों में आंधी तूफान का रेड अलर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, गुजरात में रविवार को तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि हुई। मध्य प्रदेश के तापमान में 16 डिग्री की कमी आई। यहां अधिकतम तापमान 37 डिग्री से गिरकर 21 डिग्री पर आ गया। राज्य के 5 जिलों में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। छतरपुर में मोबाइल टावर गिर गया। मौसम विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश के ऊपर से 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो टर्फ भी गुजर रहे हैं। इस वजह से मौसम बदला, 7 मई तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। राजस्थान के भी कई जिलों में रविवार को बारिश हुई। यहां तापमान में 10 डीग्री की कमी आई। 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज और 23 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। यहां भी 7 मई तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। उत्तर प्रदेश के 10 से ज्यादा शहरों में तेज बारिश हुई। तेज आंधी के कारण कई जगह पेड़ उखड़ गए। गाजीपुर में ओले गिरे। राज्य के 58 जिलों में ओले-बारिश, आंधी का अलर्ट है। बिजली भी गिर सकती है। 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। हिमाचल प्रदेश के शिमला में भी बारिश के साथ ओले गिरे। इस कारण सड़क पर ओले की चादर सी बिछ गई। आंध्र प्रदेश के 18 जिलों में बारिश हुई। विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम समेत कई जिलों में सुबह से तेज बारिश हो रही है और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है।

नक्सलियों ने मचाया उत्पात आठ गाड़ियों में लगाई आग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

लातेहार। नक्सलियों ने शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई के साइड पर धावा बोला और वहां खड़ी दो ड्रिलिंग मशीन समेत आठ गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों की ओर से वाहन फायरिंग की भी करने की सूचना मिली है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन आरंभ कर दी है। दरअसल चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे कंपनी का साइडिंग बनाया गया था। कंपनी के द्वारा क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार देर रात हथियारबंद नक्सली साइड पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों ने यहां दो ड्रिलिंग मशीन, दो कार, दो पिकअप तथा दो ट्रक में आग लगा दी गई। लगभग 1 घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। हालांकि इस घटना में सभी वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। पुलिस की टीम पूरे इलाके को सील कर छापामारी भी आरंभ कर दी है। हालांकि घटना को अंजाम किस संगठन ने दिया है? इसकी स्पष्ट सूचना नहीं है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया गया है यह माओवादी संगठन का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस के द्वारा भी इस संबंध में कुछ विशेष जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि घटनास्थल काफी सुदूर इलाका है। यह इलाका लातेहार-चतरा और रांची का बॉर्डर इलाका है। काफी सुदूर इलाका होने के कारण इस इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलते रहती है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से यह इलाका पूरी तरह शांत था लेकिन नक्सलियों ने एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

नक्सलियों ने पुलिस को दी खुली चुनौती

लातेहार जिले में एक बार फिर नक्सल खौफ की वापसी होते दिख रही है। चार दिनों के भीतर दो बड़ी वारदातों को अंजाम देकर नक्सलियों ने पुलिस के सामने खुली चुनौती पेश की है। इससे पहले साल 2024 के आखिरी महीने में भी लातेहार में एक दर्जन के करीब नक्सल वारदात हुई थी। जिले में एक बार फिर से स्प्लिंटर ग्रुप और माओवादी दोनों ही हावी होने की कोशिश में लग गए हैं। गुरुवार को लातेहार के महुआटांड़ में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वहीं शनिवार की देर रात नक्सलियों ने लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में छह से ज्यादा वाहनों को आग के हवाले कर दिया है। तीन दिन के भीतर दो बड़ी वारदातों को अंजाम देकर नक्सलियों ने पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है।

महाराष्ट्र, तमिलनाडु व राजस्थान के बीच सीधी रेल सेवा शुरू

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दो नई ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। केंद्रीय रेल तथा सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पुणे (हडपसर)-जोधपुर एक्सप्रेस और एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-जोधपुर (भगत की कोठी) एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रेन सेवाओं के शुरू होने से अब महाराष्ट्र, तमिलनाडु और राजस्थान के बीच सीधी रेल यात्रा की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इन ट्रेनों के शुरू होने से तीनों ही राज्यों में व्यापार और वाणिज्य के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा इन क्षेत्रों के बीच व्यापार और व्यवसायिक संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। लंबी दूरी के यात्रियों के समय में बचत होगी। इन ट्रेनों का संचालन शुरू होने से तीनों राज्यों के बीच सांस्कृतिक संबंधों और क्षेत्रीय एकता को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आज राजस्थान और विशेषकर पश्चिमी राजस्थान को जोड़ने वाली दो ट्रेनों एक महाराष्ट्र से और एक तमिलनाडु से रवाना हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्षों से जो हमारी डिमांड थी, आज उसे पूरी कर दी है। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि जो काम 70 सालों में नहीं हुआ, वो इन 10 वर्षों में केंद्र की सरकार ने करके दिखाया है। 1300 रेलवे स्टेशनों का पुनर्निमाण होने के बारे में कोई सोच नहीं सकता था। ऐसा काम प्रधानमंत्री ने हाथ में लिया। दुनिया में आज ये सबसे बड़ा स्टेशन रीडेवलपमेंट का कार्यक्रम अगर कहीं पर हो रहा है, तो वो भारत में हो रहा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आने वाले समय में सब देखेंगे कि कैसे विकसित भारत की नींव बनती है, कैसे हमारे सपनों का भारत बनता है।

सड़क हादसे में दो की मौत

जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)। गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघावा सरकारी स्कूल के समीप रविवार की सुबह ट्रक एवं कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में जहानाबाद जिले के घोसी थाना अंतर्गत सरमा गांव के एक युवक की मौत हो गई। युवक के मौत की खबर सुनते ही सरमा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक सरमा गांव के नंदकिशोर शर्मा उर्फ सोनू शर्मा बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि नंदकिशोर शर्मा गोरखपुर से अपने सगे संबंधियों के साथ कार पर सवार होकर जहानाबाद आ रहे थे तभी गोपालगंज जिला अन्तर्गत बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघावा सरकारी स्कूल के समीप विपरीत दिशा से जा रहा ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई।

गहरी खाई में गिरा सेना का वाहन, तीन जवान शहीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया। सेना और प्रशासन दोनों ने जवानों के बलिदान पर शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

> दुर्घटना बाद लोहे के ढ़ेर में तब्दील हो गया वाहन

कार-ट्रक के बीच टक्कर में तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी हाईवे पर महिंदवारा इलाके में रविवार सुबह हुई। तेज रफ्तार कार और ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच में यह बात सामने आई है कि कार की स्पीड काफी अधिक थी। वह अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। ट्रक और कार को जब्त कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। बताया जा रहा है कि पटना से स्कॉर्पियो पर सवार होकर बोखरा प्रखंड के हरी नगर गांव निवासी राजू कुमार अपने परिवार के साथ घर आ रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। इस घटना में 22 वर्षीय राजू कुमार (पिता उमेश मंडल), 48 वर्षीय पार्वती देवी (पति उमेश मंडल) और सरोज कुमार की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और ट्रक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

जीवन के हर क्षेत्र में खेल का बड़ा महत्व : नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री ने वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिए किया खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार में पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आगाज हो चुका है। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिए इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत बिहार सरकार के सभी प्रमुख मंत्री और अधिकारी मौजूद रहे। पीएम की मौजूदगी में सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मशाल जलाया। आज रविवार से 15 मई तक चलने वाले इस महासमर में शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 8500 खिलाड़ी पहुंच चुकी है। यह सभी खिलाफ 28 खेलों में 2435 पदक के लिए अपना दम दिखाने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत में खेल एक कल्चर के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स इस दिशा में देश के युवाओं के लिए एक बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बना है। किसी भी खिलाड़ी को अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए ज्यादा से ज्यादा मैच खेलना और प्रतियोगिता में हिस्सा लेना काफी अहम है। एनडीए सरकार ने इसे प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि आईपीएल में बिहार के छोटे से लड़के वैभव सूर्यवंशी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उनके इस प्रदर्शन के लिए मैं उन्हें बधाई देता हूं। इसके पीछे उन्होंने काफी मेहनत की। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों को नए खेल खेलने का मौका मिले। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने खेल को पढ़ाई में भी शामिल कराया। जीवन के हर क्षेत्र में खेल का बड़ा महत्व है।

खेल के क्षेत्र में अब तेजी से होगा विकास : नीतीश

सीएम नीतीश कुमार ने समारोह में कोने-कोने से आए खिलाड़ियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में अब काम और तेजी से होगा। उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गई है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग शुरू से ही एनडीए के साथ थे। हमको तो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने ही मुख्यमंत्री बनाया।

रांची सदर अस्पताल में आठ करोड़ की लागत से बन रहा कैथ लैब

दिल से जुड़ी बीमारियों का होगा अत्याधुनिक इलाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। राजधानी रांची का सदर अस्पताल सुपर स्पेशलिस्ट इलाज की सुविधा के क्षेत्र में हर दिन नई सफलता प्राप्त कर रहा है। न्यूरोसर्जरी, ऑर्थो सर्जरी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गैस्ट्रो के साथ-साथ हिमेटोलॉजिस्ट की सुविधा वाले सदर अस्पताल में अब कैथ लैब के की सुविधा शुरू होने वाली है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने बताया कि करीब 8 करोड़ की लागत से बनने वाले कैथ लैब की प्रक्रिया टेंडर से भी आगे बढ़ चुकी है और अगले 3 से 4 महीने के अंदर सदर अस्पताल में अत्याधुनिक मशीनों से लैस कैथ लैब काम करने लगेगा। कार्डियोलॉजी के चार सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सा वर्तमान समय में सदर अस्पताल से जुड़ भी गए हैं।

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने बताया कि कार्डियोलॉजी में डीएम डॉ. राजेश कुमार झा, डॉ. अमित चतुर्वेदी, डॉ. धनंजय कुमार सिंह और डॉ. साकेत सोनी अपनी सेवा सदर अस्पताल में दे रहे हैं। कैथ लैब शुरू हो जाने के बाद सदर अस्पताल में ही दिल के मरीजों की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, पेस मेकर लगाने जैसी सुविधा सदर अस्पताल में ही मिलने लगेगी। डॉ. बिमलेश सिंह ने बताया कि राज्य के बीपीएल और आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित मरीजों को सभी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी। जबकि अन्य सामान्य मरीजों को भी नॉमिनल चार्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो निजी अस्पतालों से बेहद कम होगी। रिम्स के बाद सदर अस्पताल, राजधानी का दूसरा ऐसा सरकारी संस्थान होगा जहां कैथ लैब के साथ दिल के मरीजों का इलाज होगा। राजधानी रांची में अभी तक रिम्स ही एक मात्र सरकारी अस्पताल है जहां कार्डियोलॉजी और कार्डियो थोरेसिक सर्जरी का पूरा विभाग चलता है।

वज्रपात की चपेट में आने से एक की मौत

सिमडेगा (नबिटा ब्यूरो)। ठेठईटांगर थाना के मधुबन गांव में वज्रपात की चपेट में आने से जोसेफ खेस नामक व्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जोसेफ खेस आंधी-तूफान के बीच अपने घर के पास एक पेड़ के नीचे आम चुनने गया था। इस दौरान अचानक वज्रपात हो गया व इसकी चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल ले दा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

समस्तीपुर व जयनगर से उधना के लिए चलेगी समर स्पेशल

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। गर्मी की छुट्टी को देखते हुए रेलवे ने शनिवार को उधना से समस्तीपुर और जयनगर के बीच एक-एक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। पूमरे के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते 09096/70 उधना-समस्तीपुर समर स्पेशल का परिचालन होगा। यह ट्रेन 3 से 31 मई के बीच प्रत्येक शनिवार को उधना से चलकर रविवार देर रात मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। वहीं 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल 5 मई से 2 जून के बीच प्रत्येक सोमवार को समस्तीपुर से खुलेगी। सीपीआरओ ने बताया कि इसके अलावा दरभंगा-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते 09067/68 उधना-जयनगर-उधना स्पेशल का परिचालन 4 से 25 मई के बीच प्रत्येक रविवार को उधना से होगा। 09068 जयनगर-उधना स्पेशल 5 से 26 मई के बीच यह प्रत्येक सोमवार को जयनगर से चलेगी।

बेगूसराय में घर से बुलाकर युवक को मारी गोली

- घर से 100 मीटर की दूरी पर वारदात
- सिर और जांघ में लगी बुलेट

बेगूसराय, एजेंसी। बेगूसराय के बखरी इलाके में अपराधियों ने घर से बुलाकर एक युवक को गोली मारी दी। वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर बनी हुई है। घटना राटन बभाइन गांव की है। घायल की पहचान बभाइन निवासी राजो पासवान के पुत्र नीतीश कुमार (28) के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शनिवार रात को किसी ने फोन करके बुलाया। घर से 100 मीटर की दूरी पर 6 बदमाश मौजूद थे। तीन बाइक से पहुंचे थे। नीतीश को देखते हुए बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू क दी। एक गोली सिर में और दूसरी गोली जांघ में लगी। जमीन पर गिरते ही बदमाश भाग निकले। गोलीबारी की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े। बेहोशी की हालत में जमीन पर छटपटा रहा था। जिसके बाद परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। फिलहाल घटना का कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। परिजन स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं बता रहे हैं। जबकि गांव में तरह-तरह की चर्चा है। कुछ लोगों का कहना है कि शराब के कारोबार में गोली मारी गई है, तो कुछ लोगों का कहना है कि प्रेम-प्रसंग में वारदात को अंजाम दिया गया है।

बिहार चुनाव से पहले बोले मुकेश सहनी

- चिराग को भी एक नसीहत

चंपारण, एजेंसी। विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण में घोषणा करते हुए कहा कि यहां की अधिकांश सीटों पर हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी और जीतेगी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इस बार तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनना तय है। निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा 3.0 'सरकार बनाओ, अधिकार पाओ' के तहत मोतिहारी के महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यकर्ता संवाद करते हुए वीआईपी के प्रमुख सहनी ने जोर देते हुए लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित बनाने तथा अपने अधिकार के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार इस क्षेत्र से महागठबंधन की बढ़त तय है। यहां 21 में 17-18 सीट महागठबंधन जीतेगी। सहनी ने पत्रकारों से चर्चा में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को नसीहत देते हुए कहा कि ऐसा न करें कि आपका समाज ही आपको छोड़ दे। एक बयान की चर्चा कर कहा कि वे कह रहे थे कि जातीय जनगणना हो, पर रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो। उनका यह बयान गलत है।

गया और औरंगाबाद में आंधी-बारिश ने कहर बरपाया, नवादा में एक की मौत

गया/औरंगाबाद/नवादा, एजेंसी। बिहार में कुछ जगहों पर शनिवार को खराब मौसम की वजह से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। खासकर दक्षिण बिहार के जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और कहीं-कहीं पर वज्रपात भी हुआ। गया और औरंगाबाद जिले में आंधी की वजह से कई जगहों पर पेड़ धराशायी हो गए और टीन-छप्पर उड़ गए। यहां कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई। नवादा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किशोर और 5 पशुओं की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को भी राज्य में आंधी-बारिश के आसार बने रहेंगे। गया शहर समेत जिले के अन्य हिस्सों में शनिवार दोपहर को मौसम बिगड़ गया। कई प्रखंडों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। आमस में तेज आंधी से भारी नुकसान देखने को मिला। झोपड़ियों के करकट हवा में उड़ गए। इमामगंज में भी आंधी-बारिश की वजह से फसल को नुकसान पहुंचा।

नवादा में ठनका से एक की मौत

नवादा जिले के ज्यूरी गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अमीरक यादव के 17 वर्षीय पुत्र शंकर कुमार के रूप में की गई है। सिरदला प्रखंड की खटांगी पंचायत के जोगी ठीका के बनियाडीह गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गौशाला में बंधे पांच पशुओं की मौत हो गई।

औरंगाबाद में बारिश के साथ ओले भी गिरे

वहीं, औरंगाबाद जिले में शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे के बाद मौसम में बदलाव हुआ। आंधी के साथ ही हल्की बारिश हुई। जिले भर में आंधी चली। कुछ जगहों पर छिटपुट तो कुछ जगहों पर तेज बारिश हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या दो पर बरवाडीह के समीप एक साथ दो ट्रांसफार्मर गिर गए, जबकि जिले भर में 8 से 10 बिजली के पोल क्षतिग्रस्त हो गए। इससे विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई। जिले के दाउदनगर में बिजली की गड़गड़ाहट और चमक ने लोगों को चौंका दिया। बारिश के दौरान छोटे-छोटे ओले भी गिरे। तेज बरसात की वजह से बाजार, सड़कों और नालियों में पानी भर गया। कई जगहों पर जलनिकासी की दिक्कतें हुईं। गांवों में खुले में रखी गेहूं की भूसी पर बारिश की मार से नुकसान हुआ।

दिल्ली सरकार के मंत्री लभुआनी महोत्सव में शामिल हुए

- पंकज सिंह बोले– राहुल गांधी गोल्डन स्पून बॉय हैं, तेजस्वी चुनाव के बाद अपनी सीटों की गणना कर लें

आरा (भोजपुर), एजेंसी। भोजपुर के गड़हनी प्रखंड में आयोजित लभुआनी महोत्सव में दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज कुमार सिंह शामिल हुए। सिद्धेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद सत्संग में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार हमारी जन्म भूमि है। यहां जब भी आते हैं तो एक मां की गोद में आने जैसा महसूस होता है। एनडीए की सरकार बिहार में अच्छा काम कर रही है। यहां काफी बदलाव दिख रहे हैं। इस बदलाव को जनता भी मान रही है। राहुल गांधी गोल्डन स्पून बॉय हैं। वो कुछ भी कहे, उनकी बात अलग है। जैसे पूर्वांचल के लोगों ने मन बना लिया था कि भाजपा को जिताना है। उसी तरह बिहार की जनता ने भी मन बना लिया है। बीजेपी-जेडीयू की सरकार बनेगी। तेजस्वी यादव बिहार चुनाव के बाद अपनी सीटों की गणना कर लें।

दिल्ली में बदलाव दिख रहा है

पंकज कुमार ने आगे कहा कि पिछली सरकार में दिल्ली का हाल बेहाल हो गया था। सिर्फ झूठ बोला गया। अगर दिल्ली के अस्पताल उस समय अच्छे तो केजरीवाल ने खांसी का इलाज जिंदल में जाकर क्यों करवाया। हमारी सरकार जब से आई है, दिल्ली में बदलाव चालू है। रोज बदलती हुई दिख रही है। सभी को अटूट विश्वास दिलाते हैं कि 100 दिन पूरे होने के बाद दिल्ली पूरी तरह बदल रही है। मैं बीजेपी का छोटा सा कार्यकर्ता हूं। पार्टी जहां भी जिम्मेदारी देगी, हम उस काम को करेंगे। 11 साल की आपदा की सरकार को झूठा साबित करने का काम करेंगे। यमुना इस बार छठ महापर्व में पूरी तरह से साफ हो जाएगी। जीत के बाद दिल्ली में विकास के साथ पूरे पूर्वांचल में हर संभव काम कर रहे हैं। छठ पूजा को लेकर इस बार अलग तरह का माहौल दिखेगा। पिछली सरकार ने दिल्ली की जनता के लिए कुछ भी काम नहीं किया है।

बालू लदे ट्रक-स्कॉर्पियो में टक्कर, दो की मौत

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। सीतामढ़ी के महिंदवाड़ा थाना इलाके में रामपुरहरि पुल के पास शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे बालू लदे ट्रक और स्कॉर्पियो में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो पर सवार उसके चालक और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर रामपुरहरि थाना अध्यक्ष सुजीत कुमार मिश्रा दलबल के साथ पहुंचे। महिंदवारा थाने की पुलिस भी आई। स्कॉर्पियो में फंसे घायल चार लोगों को पुलिस ने बाहर निकाला और इलाज के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। वहीं, घटनास्थल पर ही मरे स्कार्पियो चालक और उसमें सवार महिला के शव को महिंदवाड़ा पुलिस ने जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामपुरहरि थानाध्यक्ष ने बताया घटना महिंदवाड़ा थाना इलाके में पड़ता है। सीतामढ़ी की ओर से स्कॉर्पियो आ रही थी। सभी लोग पटना जा रहे थे।

मुजफ्फरपुर की ओर से बालू लदे ट्रक तेजी में आई और ओवरटेक करने के चक्कर में स्कॉर्पियो से आमने-सामने की टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त होकर ट्रक के नीचे फंस गई। इसमें दबे दो लोगों की मौत हो गई।

बिहार के 19 जिलों में आंधी, बारिश-बिजली का यलो अलर्ट, 8 मई के बाद बढ़ेगी गर्मी

30-40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी हवा

पटना, एजेंसी। मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने आज यानी रविवार को बिहार के 19 जिलों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30-40 किमी प्रति घंटा रहने का अनुमान है। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान गया और औरंगाबाद जिले में आंधी की वजह से कई जगहों पर पेड़ गिर गए। यहां कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। नवादा जिले में वज्रपात से एक किशोर और 5 पशुओं की मौत हो गई। 8 मई से बिहार में फिर एकबार तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

लोगों के लिए चेतावनी जारी

मौसम विज्ञान केंद्र ने साफ तौर पर कहा है कि यह मौसम स्थितियां जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकती हैं। खासकर खेत में काम करने वाले मजदूर, खुले क्षेत्रों में काम करने वाले लोग और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लागों को सतर्क रहने की जरूरत है।

खुले में नहीं रहें: आंधी और वज्रपात के समय खुले स्थानों, खेतों या पानी के निकट न जाएं।

पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें: तेज हवा और बिजली गिरने की स्थिति में इनसे खतरा बढ़ जाता है।

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से सावधानी बरतें: आंधी के समय घर में टीवी, मोबाइल चार्जर जैसे उपकरणों का प्रयोग सीमित करें।

आपदा प्रबंधन को रखा गया अलर्ट मोड पर

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अलर्ट पर रखा गया है। सभी जिलों में प्रशासन को चौकस रहने, क्विक रिस्पॉन्स टीम्स को तैयार रखने, आवश्यकतानुसार राहत और बचाव दलों को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली सप्लाई और संचार नेटवर्क की निगरानी के लिए स्पेशल टीमों की तैनाती की जा रही है।

छत से घुसे, वृद्ध दंपती को कमरे में किया बंद नवादा में 3 लाख के जेवर-नकदी ले उड़े चोर?

सीढ़ी से छत पर चढ़े थे चोर

नवादा, एजेंसी। नवादा में शनिवार रात एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। रामाशीष सिंह उर्फ लाटो सिंह के घर में चोर छत के रास्ते घुसे। इसके बाद उन्होंने वृद्ध दंपती को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद चोरों ने दूसरे कमरे में रखी अलमारी-बक्से तोड़कर नकदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने 45 हजार रुपये नकद के साथ करीब 2 से 3 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवर चुरा लिए। यह वारदात धमौल थाना क्षेत्र के अंजुनार गांव में अंजाम दिया गया।

पुलिस चोरों की तलाश में जुटी

सूचना मिलने पर धमौल थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए हैं। रविवार को डॉग स्क्वॉड की टीम भी जांच में शामिल होगी।

सीढ़ी के सहारे छत पर चढ़े थे चोर

जांच में सामने आया कि चोरों ने घर की छत पर चढ़ने के लिए सीढ़ी का इस्तेमाल किया। वारदात के बाद कुछ कपड़े घर से थोड़ी दूर फेंक दिए गए थे। ग्रामीणों के अनुसार, इस गांव में पहले भी कई बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

पंजाब के पूर्व सीएम ने सर्जिकल स्ट्राइक पर मांगा सबूत

बीजेपी विधायक बोले– ऐसे लोग देश के गद्दार, जेल में डालो

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने पर बवाल थमता नहीं दिख रहा है। बिहार के मुजफ्फरपुर औराई से बीजेपी विधायक राम सूरत कुमार ने उनके बयान की कड़ी निंदा की है। हाजीपुर में उन्होंने कहा कि ऐसे लोग देशभक्त नहीं, देश के गद्दार हैं। विधायक राम सूरत कुमार ने कहा कि पहलगाम की घटना सार्वजनिक है। उन्होंने सरकार को सलाह दी कि ऐसे बयान देने वालों पर देशद्रोह का मामला दर्ज कर जेल में डाला जाना चाहिए।

ओवैसी के बिहार दौरे पर कटाक्ष

ओवैसी के बिहार दौरे पर दिए गए बयान का जवाब देते हुए राम सूरत कुमार ने कहा कि उनकी हैसियत नहीं कि प्रधानमंत्री उन्हें जवाब दें। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी ओवैसी को जवाब देने के लिए काफी है।

तेजस्वी यादव पर साधा निशाना

जातिगत जनगणना पर तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए विधायक ने कहा कि जब उनके पिता केंद्र सरकार में थे, तब जनगणना करवा लेनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी जाति की राजनीति तो करते हैं, लेकिन जाति का भला नहीं चाहते। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर तेजस्वी यादव अपने चेहरे पर चुनाव लड़ना चाहते हैं तो सामने आएं। दरअसल, बीजेपी एमएलए राम सूरत कुमार बिदुपुर बाजार स्थित अपने रिश्तेदार और पूर्व मुखिया खिलवत संजीव कुमार सिंह के घर औपचारिक मुलाकात करने पहुंचे थे। इसी दौरान पत्रकारों से वार्तालाप की। इस दौरान भाजपा नेता पंकज कुमार पंकज, भारतेंदु ऋतुराज सिंह और कई लोग मौजूद थे।

पूर्णिया में करंट लगने से महिला की मौत

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया के चंपानगर में हाइटेंशन तार की चपेट में आने से महिला मजदूर की मौत हो गई। खेत में काम करते समय हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। मृतका की पहचान रामनगर निवासी सुरेंद्र पासवान की पत्नी महारानी देवी (36) के तौर पर हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना पासवान टोला के वार्ड नंबर-5 की हो। मृतका के देवर बिरेन पासवान ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस वजह से भाभी जमींदार के खेत में मजदूरी करती थी। हर दिन की तरह शनिवार को घर से 500 मीटर दूर खेत में मजदूरी करने गई थी। इस दौरान 11 हजार वोल्ट का तार टूटकर भाभी के ऊपर गिर गया। झुलसने से कुछ ही मिनटों में उनकी मौत हो गई। बिजली विभाग के कर्मियों को कॉल कर हाइटेंशन तार के टूटने की जानकारी दी गई। इसके बाद मेन लाइन काटा गया।

बिजली विभाग को ठहराया दोषी

वहीं, पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक पासवान ने बताया कि कुछ महीने पहले ही तार की मेंटेनेंस की गई थी। ऐसे में हाईटेंशन तार का टूटकर गिरना विभाग पर सवाल खड़ा करता है। महिला की मौत के लिए बिजली विभाग दोषी है। पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलना चाहिए।

किसानों की 'हीरो फसल' से खेती की नई क्रांति:बगहा का मॉडल बिहार में छाया

एक साल में तीन फसल, चाइना-4 धान से तिगुना मुनाफा

बगहा (बेतिया), एजेंसी। बगहा के बांसगांव मंझरिया पंचायत में खेती के क्षेत्र में एक नई क्रांति की शुरुआत हो चुकी है। यहां के किसानों ने परंपरागत सोच से बाहर निकलते हुए खेती को एक लाभकारी व्यवसाय में बदल दिया है। अब किसान साल में तीन-तीन फसलें उगा रहे हैं, जिसमें दो बार धान और एक बार गेहूं की खेती शामिल है। यह सब संभव हुआ है कुछ प्रगतिशील किसानों की सोच और मेहनत से, जिन्होंने पूरे इलाके में कृषि क्रांति उदाहरण पेश किया है।

'चाइना-4' धान की खेती से मिला लाभ

नवीन शुक्ला, पवन पांडे, आद्या सहनी और छोटू यादव जैसे किसानों की अगुवाई में करीब 30 से 40 एकड़ भूमि पर गरमा सीजन की 'चाइना-4' धान की खेती की गई। यह खास किस्म महज 80-90 दिनों में पक जाती है और प्रति एकड़ 18-20 क्विंटल तक उपज देती है। कम समय, कम खर्च और बेहतर मुनाफे के कारण यह फसल किसानों की पहली पसंद बन गई है।

खाली खेतों को मिला नया जीवन

जहां पहले खरीफ और रबी सीजन के बीच खेत खाली पड़े रहते थे, अब उस खाली समय का भी बेहतर उपयोग हो रहा है। किसान गेहूं-धान की फसलों के बीच एक और फसल लेकर खेतों की उत्पादकता तीन गुना कर रहे हैं।

जैविक खाद से उर्वरता में इजाफा

कटाई के बाद चाइना-4 की जड़ों को खेत में ही जोतकर जैविक खाद में बदला जा रहा है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। इससे न केवल अगली फसल को पोषण मिलता है, बल्कि रासायनिक खाद पर निर्भरता भी घट रही है।

गन्ना को पछाड़ 'चाइना-4' बनी हीरो फसल

कभी इस क्षेत्र में गन्ना को नगदी फसल माना जाता था, लेकिन अब उसकी जगह चाइना-4 धान ने ले ली है। तेज़ी से तैयार होने और बेहतर मुनाफे ने इसे किसानों की 'हीरो फसल' बना दिया है। इन प्रगतिशील किसानों ने यह साबित कर दिया है कि सही तकनीक, आधुनिक सोच और आपसी सहयोग से खेती में बदलाव संभव है। बगहा का यह मॉडल अब पूरे बिहार के किसानों को नई दिशा दिखा रहा है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हजारीबाग में नीट परीक्षा संपन्न, पिछले वर्ष यहीं से हुआ था पेपर लीक

प्रश्न पत्र स्ट्रॉन्ग रूम से सुरक्षा घेरे में पहुंचा केंद्र तक, सीसीटीवी की निगरानी में हुई परीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हजारीबाग। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2025 रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हजारीबाग में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पिछले वर्ष 2024 में हजारीबाग से ही प्रश्न पत्र लीक होने की बड़ी घटना के बाद इस बार जिला प्रशासन ने अभूतपूर्व सतर्कता बरती। प्रश्न पत्रों को स्ट्रॉन्ग रूम से सुरक्षा घेरे में निकालकर परीक्षा केंद्रों तक पहुँचाया गया, और उसी स्तर की सतर्कता के साथ उत्तर पुस्तिकाओं को भी वापस स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराया जाएगा। कुल आठ परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिनकी निगरानी सीसीटीवी कैमरों और 200 से अधिक सुरक्षाकर्मियों द्वारा की गई। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने खुद कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं नियमसम्मत ढंग से परीक्षा संपन्न कराई गई। परीक्षा से पहले ही सभी मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, और सेंटर सुपरिंटेंडेंट को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि परीक्षा निष्पक्षता व शुचिता के साथ कराई जाए।एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा के हर बिंदु पर एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के अनुरूप सख्ती बरती गई। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में नीट प्रश्न पत्र लीक मामले की गूंज राष्ट्रीय स्तर पर हुई थी, जिसकी जांच सीबीआई के हवाले की गई है। अब तक इस मामले में हजारीबाग से चार बड़ी गिरफ्तारियां हो चुकी हैं—ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज आलम, रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस के संचालक राजकुमार सिंह उर्फ राजू, और जमालुद्दीन। इस कांड के मुख्य साजिशकर्ता संजीव मुखिया को पटना के सुगना मोड़ इलाके से गिरफ्तार किया गया है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि उससे पूछताछ के बाद पेपर लीक रैकेट से जुड़े और भी बड़े नामों का खुलासा हो सकता है।

नशाखुरानी गिरोह का कहर, बस यात्री से लाखों रुपये और गहने लूटे

पटना से रांची आने के दौरान बेहोश कर वारदात को दिया अंजाम, रांची के सदर अस्पताल में भर्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में नशाखुरानी गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पटना से रांची आ रही एक बस में यात्रा कर रहे रिंकू सोनी नामक व्यवसायी को गिरोह के सदस्यों ने अपना शिकार बना लिया। उन्हें खाने में नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया गया और बैग में रखे पौने तीन लाख रुपये नकद, सोने की चेन और पर्स लेकर अपराधी फरार हो गए।

बेहोशी की हालत में बस में मिले यात्री

जानकारी के अनुसार, धनबाद निवासी स्क्रैप व्यवसायी रिंकू सोनी किसी कार्यवश पटना गए थे। वहीं से उन्हें धनबाद लौटना था, लेकिन पटना बस स्टैंड पर दो अज्ञात लोगों ने उन्हें झांसे में लेकर रांची जाने वाली चंद्रलोक बस में बैठा दिया।

बस में यात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने उन्हें खाने में कुछ दिया, जिसे खाते ही वह बेहोश हो गए। जब बस रांची पहुंची और रिंकू सोनी काफी देर तक नहीं उठे, तो बस स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद रिंकू को रांची सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

होश में आने के बाद रिंकू ने बताई आपबीती

होश में आने के बाद रिंकू सोनी ने पुलिस को बताया कि उनके पास लगभग 2.75 लाख रुपये, एक सोने की चेन और अन्य जरूरी सामान थे, जो चोरी हो चुके हैं।

हजारीबाग में उतरे संदिग्ध

रिंकू के अनुसार, बस में उनके साथ बैठे दोनों संदिग्ध हजारीबाग में ही उतर गए थे। पुलिस को आशंका है कि यही दोनों व्यक्ति गिरोह के सदस्य हो सकते हैं।

जांच में जुटी पुलिस, अपराधियों की तलाश जारी

पुलिस ने पीड़ित के परिजनों को सूचना दे दी है। रिंकू के स्वस्थ होने के बाद पुलिस उनसे विस्तृत पूछताछ करेगी, ताकि अपराधियों की पहचान कर कार्रवाई की जा सके।

रांची पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान किसी अजनबी से खाना या पेय पदार्थ न लें।

आजाद समाज पार्टी ने सारण जिला कमेटी की घोषणा की, जल्द निकलेगी रथ यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने अपनी सारण जिला इकाई की नई कमिटी की घोषणा कर दी है। जिला अध्यक्ष शेख नौशाद ने शनिवार को पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए बताया कि आने वाले समय में पार्टी जिले में कई बड़े कार्यक्रम और आंदोलन करेगी। पार्टी वक्फ संशोधन विधेयक 2024, जिसे पार्टी 'काला कानून' मानती है, और महाबोधि महावीर मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एक रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह रथ यात्रा गांव-गांव व टोला-टोला जाकर लोगों को जागरूक करेगी।

एकदिवसीय जिला समीक्षा बैठक
03/05/2025
शेख नौशाद

नई जिला कमिटी में इम्तियाज उर्फ गुड्डू खान को उपाध्यक्ष, दिनेश राम, शेख मुश्ताक, कादिर हुसैन, सुरेश प्रभु, मोहम्मद करीम को महासचिव, सोनू कुमार, दिलखुश, वहाब खान, अजीत कुमार मांझी को सचिव व नासिर रजा खान को प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं युवा टीम में सुन्दर कुमार, अखिलेश राव, सिंटू कुमार व अभिषेक कुमार को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष शेख नौशाद ने कहा कि पार्टी वंचित, पिछड़े व शोषित तबकों की आवाज़ है और सामाजिक न्याय की लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ेगी।

मशरक जदयू प्रखंड अध्यक्ष को मातृ शोक, नेताओं ने जताया दु:ख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मशरक (सारण)। मशरक नगर पंचायत के मेला बाजार निवासी जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री कार्यक्रम के प्रखंड उपाध्यक्ष रामाधार सिंह की मां जयमति कुंवर का निधन हो गया। वे 90 वर्ष की धर्मपरायण महिला थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही आसपास के लोग, रिश्तेदार व एनडीए से जुड़े नेता शोक संवेदना प्रकट करने उनके आवास पर पहुंचे। जयमति कुंवर का अंतिम संस्कार सारंगपुर (पानापुर) के श्मशान घाट पर किया गया। शोक जताने वालों में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, राजद नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महंतों, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अमर सिंह, अमित सिंह, अंटू सिंह, संत सिंह, प्राण सेठ व बिनोद सिंह शामिल रहे।

2.64 करोड़ की परियोजनाओं का मंत्री ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने बिहारशरीफ के बड़ी पहाड़ी स्थित हिरण्य पर्वत पार्क और इसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए कुल 2.64 करोड़ की ईको पर्यटन एवं पार्क विकास योजना का शिलान्यास किया। यह कदम क्षेत्र को पर्यावरणीय दृष्टिकोण से समृद्ध बनाने और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि इस परियोजना के अंतर्गत हिरण्य पर्वत से शिव मंदिर तक नई सीढ़ियों का निर्माण, एक आधुनिक कैफ़ेटेरिया, आकर्षक फाउंटेन, ओपन जिम, विश्वस्तरीय शौचालय, कैंटीन जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इस क्षेत्र को एक समृद्ध और पर्यावरणीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों में भी बढ़ोत्तरी करेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. सुनील कुमार ने हिरण्य पर्वत स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की और वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि सतत विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण जरूरी है, और सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। मंत्री ने जानकारी दी कि हिरण्य पर्वत के अलावा सूर्य मंदिर (सोहसराय) और बाबा मणिराम अखाड़ा (आशा नगर) में भी जल्द ही विभिन्न विकास योजनाएं प्रारंभ की जाएंगी, जिससे इन स्थलों को भी पर्यटन के मानचित्र पर लाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर वन विभाग के पदाधिकारी, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे। प्रमुख रूप से मौजूद लोगों में डॉ. अशुतोष कुमार, अमरेश कुमार, भेषनाथ प्रसाद, धनंजय कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, विपीन कुमार, भूषण प्रसाद, अविनाश कुमार, अमित शान सिंह, सन्नी कुमार, नवल यादव और रवि कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।


बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
ईको-पर्यटन एवं पार्क विकास योजना के तहत
नालन्दा वन प्रमण्डल अन्तर्गत बिहारशरीफ में
"हिरण्य पर्वत पार्क एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों" का
उन्नयन एवं विकास कार्य का
"शिलान्यास"
डॉ० सुनील कुमार
माननीय मंत्री
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार
की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 04.05.2025
को संपन्न हुआ।

विकास के लिए कृतसंकल्प नीतीश सरकार : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नालंदा। क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं विधान पार्षद रीना यादव के द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। रविवार को बिहारशरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज डुमरावां के मण्डाछ में 8 लाख 60 हजार की राशि से बाहापर पर मनरेगा से निर्मित चेक डैम का उद्घाटन किया गया। इसके अलावा डुमरावां गांव में प्रवेश महतो के खेत के समीप आरसीसी पुलिया का उद्घाटन, कुशवाहा दक्षिण टोला में 7 लाख की राशि से नवनिर्मित नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन, ग्राम मण्डाछ में राजेंद्र यादव के खेत से वाहा पर चेक डैम के आगे तक 8 लाख 32 हजार की राशि से मिट्टी भराई ईट सोलिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। राजो यादव के घर से सेनापति यादव के खेत तक 6 लाख 47 हजार की राशि से मिट्टी भराई ईट सोलिंग कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम में किसानों के द्वारा चेक डैम बनाने की बात लगातार की जा रही थी किसानों के फसलों के गारंटी के लिए चेक डैम का निर्माण करवाया गया है। पूरे पंचायत में 1020 लाभुकों को वृद्धा पेंशन 134 दिव्यांग जनों को पेंशन 197 लाभूकों को विधवा पेंशन का लाभ सरकार के द्वारा दिया जा रहा है। हमारी सरकार बोलने में कम काम करने में ज्यादा विश्वास करती है।

बिहार आगे बढ़ रहा है मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शिता से आज बिहार विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। नीतीश कुमार के विकास मॉडल को आज पूरे देश ने अपनाया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। न्याय के साथ विकास और सबका साथ-सबका विकास का संकल्प पूरा होगा। नीतीश जी ने कभी बड़े-बड़े वादे नहीं किए, लेकिन उन्होंने वो किया जिसके कारण आज बिहार पूरी तरह से बदला है। सड़क से लेकर स्कूल तक, गांव से लेकर शहर तक, बिजली से लेकर पानी तक और बेटियों की शिक्षा से लेकर रोजगार तक, हर क्षेत्र में बिहार को एक नई पहचान दी है। जातीय जनगणना के माध्यम से सभी वर्गों के विकास की कल्पना नीतीश कुमार ने 1990 में ही की थी। न्याय के साथ विकास के पक्षधर रहे नीतीश का विकास मॉडल अब पूरे देश के विकास का मॉडल बन गया है। सात निश्चय' के माध्यम से राज्य के विकास की एक मजबूत नींव रखी। आज उसी बुनियाद पर बिहार में विकास की एक मजबूत इमारत बनकर तैयार हुई है। सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं विधान पार्षद रीना यादव ने कहा कि बिहार में हुए कार्य का आज देश में डंका बज रहा है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार, देव उपप्रमुख इंदूबाला, जीतन चौहान, मुखिया मनोज यादव, मुखिया जीतन चौहान, पूर्व मुखिया युगल किशोर, राजकुमार मांझी, दिनेश साव, इंदू चौहान, सरयुग रविदास, चंदन पासवान, नंदकिशोर महतो, टुन्नी कुशवाहा, सकलदीप प्रसाद , डा सुधीर शर्मा, धर्मेंद्र यादव, जयंत शर्मा, विश्वास सिंह, उपेन्द्र दिलवाला, आकाश कु काजल, द्वारिक यादव, मिथलेश यादव, पंकज सिंह, विजय सिंह, धृज सिंह, पप्पू सिंह, मुन्ना महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स के पहले दिन हरियाणा का रहा दबदबा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। राजगीर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का शुभारंभ हो गया है। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने इस आयोजन का उद्घाटन किया। सांसद कौशलेंद्र कुमार और एमएलसी रीना यादव भी उपस्थित रहे। आयोजन राजगीर के खेल एकेडमी में 4 मई से 15 मई तक चलेगा, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए युवा खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह की शुरुआत कबड्डी मैच से हुई। प्रतियोगिता के पहले दिन गर्ल्स टीम कैटेगरी में हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि पंजाब ने 32 अंकों के साथ दूसरा स्थान पाया। वहीं बॉयज कैटेगरी में हरियाणा ने 57 अंकों के साथ जीत दर्ज की, जबकि कर्नाटक ने 30 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। बॉयज और गर्ल्स कटेगरी में हरियाणा की टीम विजयी रही। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रोत्साहन देना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की मेडल लाओ, नौकरी पाओ योजना से खिलाड़ियों में नया जोश देखा जा रहा है, और वे बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार समेत आठ राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिससे राजगीर में खेलों का माहौल उत्साहपूर्ण हो गया है।

खेलो इंडिया
HARYANA
10
8

डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर की तैयारी तेज, डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत जिले में आयोजित होने वाले विशेष शिविर की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी अमन समीर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्री-कैम्प की गतिविधियों को गंभीरता से संचालित किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। डीएम श्री समीर ने स्पष्ट किया कि प्री-कैम्प के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होनी चाहिए और उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग द्वारा शिथिलता बरती गई या आवेदनों की संख्या में गिरावट देखी गई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी, जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीओ व बीडीओ शामिल हुए।

समाहरणालय सभा-कक्ष
सारण (छपरा)

शिक्षकों के सहयोग के लिए 'बिहार टीचर्स सेल्फ सपोर्ट टीम' का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

छपरा (सारण)। बिहार में शिक्षकों के आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 'बिहार टीचर्स सेल्फ सपोर्ट टीम' का शुभारंभ किया गया है। यह मंच राज्य के सभी प्रकार के शिक्षकों: नियमित, नियोजित, विद्यालय शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक व प्रधानाध्यापकों के लिए एक स्वैच्छिक व निःशुल्क सदस्यता संगठन है।

टीम के संस्थापक व अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन का मूल मंत्र है- 'जो सहयोग करेगा, वही सहयोग का पात्र होगा।' इसके तहत किसी सदस्य की मृत्यु होने पर सभी सदस्य 100 रुपये की सहयोग राशि उनके परिजनों को देंगे। बताया गया कि सदस्य बनने के लिए शिक्षकों को संगठन की वेबसाइट पर पंजीकरण कर टेलीग्राम समूह से जुड़ना अनिवार्य होगा। संगठन ने पारदर्शी नियमावली भी तैयार की है, जिससे हर सदस्य को समान अवसर और सहयोग प्राप्त हो सके। यह पहल शिक्षकों के बीच सहयोग व भरोसे का माहौल विकसित करेगी।

शिव विवाह की झांकी में उमड़ा आस्था का सैलाब

बिक्रम। नगर पंचायत स्थित बाबा ख़ौरैठेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित सप्तदिवसीय शिव महापुराण कथा यज्ञ के चौथे दिन शिव-पार्वती विवाह का दिव्य प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, सभी विभिन्न पारंपरिक परिधानों में शिव विवाह की झांकी में सम्मिलित हुए। कथा वाचक आचार्य सुधीर जी महाराज ने शिव विवाह के प्रसंग को विस्तार से श्रवण कराते हुए कहा, ङ्कभगवान शंकर वैराग्य के देवता हैं, परंतु उनका विवाह यह संदेश देता है कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी योग और त्याग का मार्ग अपनाया जा सकता है।ङ्क उन्होंने शिव परिवार की विविधताओं की चर्चा करते हुए बताया कि भगवान शंकर के वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूषक और कार्तिकेय का मोर यह दर्शाता है कि विपरीत विचारधाराओं में भी सामंजस्य संभव है। कथा में मां पार्वती के जन्म से विवाह तक की पौराणिक कथा को सुंदर और भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया गया। आचार्य ने बताया कि जब तारकासुर का आतंक चरम पर था, तब ब्रह्मा जी के आग्रह पर शिव की समाधि भंग हुई और फिर शिव-पार्वती का शुभ विवाह संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा शिव विवाह की झांकी ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति में मंदिर अध्यक्ष शिवचंद्र सिंह, सुशील सिंह, भास्कर कुमार मगहिया उर्फ भोली, श्रीराम, गुड्डू गुप्ता, शशांक मिश्रा, रमेश तिवारी उर्फ भोट तिवारी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

एसडी पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन, जांच की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मशरक (सारण)। मशरक के महावीर चौक पर रविवार को एसडी पैथोलॉजी लैब का भव्य उद्घाटन हुआ। फीता काटकर उद्घाटन इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ चंदन और डॉ अवनिंद्र शरण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में डॉ स्नेहा अदिति ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए लैब की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लैब में अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त उपकरण लगाए गए हैं और सभी प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। जांच विशेषज्ञ तकनीशियनों द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पटना में उनका एक और उच्च स्तरीय जांच केंद्र है, जिससे यहां जांच की विश्वसनीयता की पूरी गारंटी दी जाती है। इसके अलावा जो जांचें यहां नहीं हो सकतीं, उनके लिए कलेक्शन सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध है।

पिकअप की चपेट में आने से तीन बाइक सवार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर में रविवार को एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बीडीसी सदस्य किमी देवी की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मशरक में भर्ती कराया गया। घायलों में गोपालगंज के कररिया गांव निवासी कयामुद्दीन की पत्नी तहाना खातून (40), पुत्र ईमाम बाबू (18) व बैकुंठपुर के कतालपुर गांव निवासी अजमुल्लाह की पत्नी रेहाना खातून (45) शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया।

बीडीसी सदस्य किमी देवी ने बताया कि सभी लोग रिश्तेदारी में जा रहे थे, तभी पिकअप की चपेट में आ गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पिकअप व बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

सीपीआई का दो दिवसीय जिला सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

वारिसलीगंज (नवादा)। सीपीआई जिला सम्मेलन के दूसरे दिन उपस्थित प्रतिनिधियों के वैचारिक मंथन के बाद सांगठनिक सत्र का समापन हो गया । 31 सदस्यीय जिला परिषद की कार्य समिति में एक जिला सचिव और दो सहायक सचिवों को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। मौके पर बिहार राज्य सचिव के साथ राज्य पर्यवेक्षक के अनेक सलाह सुझाव का प्रतिनिधि सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

जिला सचिव का दायित्व फिर से कॉ प्रो जयनंदन प्रसाद सिंह को सर्वसम्मति से सौंपा गया जबकि सहायक सचिवों के लिए कॉ पारस सिंह और कॉ गोविन्द प्रसाद का चयन किया गया। पटना में पार्टी की स्टेट कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक अचानक रहने के कारण दो दिवसीय कार्यक्रम को समेटते हुए 3 मई को ही देर रात तक संपन्न किया गया। हम होंगे कामयाब और इंटरनेशनल गीत के समवेत गायन के साथ सम्मेलन की उत्साहपूर्ण समाप्ति हुई। इस दौरान वक्ताओं ने मुखरता के साथ मोदी सरकार के जनविरोधी नीतियों का प्रतिकार किया और भूमि सुधार, किसान मजदुर छात्र नौजवान की ज्वलंत समस्यों समेत में सत्ता संपोषित आतंक को समाप्त करने का फैसला लिया। नई कार्यकारणी ने उपस्थित प्रतिनिधि सदस्यों को आस्वस्त करते हुए कहा कि संगठन की क्रियाशीलता से जिले की मूलभूत समस्याओं और सामायिक घटनाओं पर विशेष जनांदोलन का सिलसिला चलाया जायगा और आमलोगों का भरोसा जीत कर संगठन को मजबूती प्रदान की जायगी। सांगठनिक सत्र में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक शाखाओं में सदस्यों की संख्या दुगनी की जायगी ताकि सांगठनिक ताकत बढ़ाया जा सके।

ट्रक एवं कार की टक्कर में दो की मौत

मृतकों में 13 महीने का मासूम शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जहानाबाद। बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघावा सरकारी स्कूल के समीप रविवार की सुबह ट्रक एवं कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में घोसी थाना क्षेत्र के सरमा गांव के एक युवक की मौत हो गई।

युवक के मौत की खबर सुनते ही सरमा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक सरमा गांव के नंदकिशोर शर्मा उर्फ सोनू शर्मा उम्र करीब 35 वर्ष बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि नंदकिशोर शर्मा गोरखपुर से अपने सगे सम्बन्धियों के साथ कार पर सवार होकर जहानाबाद आ रहे थे। तभी गोपालगंज जिला अन्तर्गत बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के दिघावा सरकारी स्कूल के समीप विपरीत दिशा से जा रहा ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई।

जिसमें सरमा गांव के नंदकिशोर शर्मा उर्फ सोनू शर्मा एवं शकुराबाद थाना क्षेत्र के नौगढ़ गांव का एक करीब 13 माह के बच्चा चेतन नारायण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

जबकि गया जिला अन्तर्गत टेकारी थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव के सास मंजु देवी उम्र करीब 50 वर्ष, साली आकांक्षा कुमारी उम्र करीब 20 वर्ष एवं साली नौगढ़ गांव कोमल कुमारी उम्र करीब 25 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गई हैं।

मृतक बच्चा चेतन नारायण उम्र करीब 13 माह कोमल कुमारी का पुत्र बताया जाता है। बताया जाता है कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर भागने में सफल हो गया है।

आसपास के ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना 112 नंबर वाहन के पुलिस को दिया गया। सूचना पाकर 112 नंबर वाहन के पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जख्मी व्यक्ति को पास के सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज कराने हेतु सदर अस्पताल गोपालगंज में रेफर कर दिया गया है।

बताया जाता है कि मृतक स्वयं कार चला रहा था और 6 मई 2025 को उसके ममेरी बहन के तिलक कार्यक्रम समारोह में शामिल होना था। नंदकिशोर शर्मा उर्फ सोनू शर्मा के मौत की सूचना पाकर सरमा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

बमों के धमाके से बच्ची जख्मी

पटना। राजधानी पटना के पीरबहोर थाना क्षेत्र के बाकरगंज मोहल्ले की एक गली में देर रात एक-एक कर दो बम तेज आवाज के साथ विस्फोट कर गए। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई। धमाके में एक बच्ची मामूली रूप से जख्मी हो गई, जिसे उपचार के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है।

धमाके की सूचना पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल से स्प्लिंटर और बम विस्फोट के अवशेष बरामद किए गए हैं। टाउन सीडीपीओ -1 दीक्षा ने बताया कि बम के छींटे लगने से बच्ची जख्मी हुई है।

वह खतरे से बाहर है। बम की घातक क्षमता कम थी। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि धमाका इलाके में दहशत फैलाने के इरादे से किया गया था। आरोपित की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

बताया जाता है कि रात करीब दस बजे बाकरगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट एवं इसके आसपास की दुकानें बंद हो रही थीं। ग्राहकों की भीड़ लगभग न के बराबर थी।

रात में घर से गायब छात्र की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रोहतास। रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के विशुन बीघा गांव निवासी सुनील सिंह के बेटे जसवंत (22) का रविवार को रेलवे ट्रैक के किनारे शव मिला। डालमियानगर थाना पुलिस ने जब घटना की सूचना परिजनों को दी तो उनके होश उड़ गए और पूरा परिवार मातम में डूब गया। डेहरी जंक्शन से चंद कदम दूर गंगौली स्कूल के रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ी लाश को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद युवक की ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।घटना को लेकर मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि जसवंत बीते रात को ही घर से अचानक बाहर निकल गया था। रात में उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। रविवार को अचानक डालमियानगर थाना पुलिस ने रेलवे ट्रैक के किनारे जसवंत का शव मिलने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जसवंत अपनी पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी।

वहीं, हादसे को लेकर आशंका जताई जा रही है कि शायद जसवंत किसी बात से नाराज होकर रात को घर से बाहर निकल गया। फिर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

बेकाबू ट्रक महिला को रौंदते हुए घर में घुसा, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सहरसा। जिले के सौर बाजार बैजनाथपुर मुख्य सड़क पर एक बालू से भरा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रक ने 65 साल की उर्मिला देवी को कुचल दिया और फिर एक घर में घुस गया। इस हादसे में उर्मिला देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक मंगल शर्मा घायल हो गया, जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही बैजनाथपुर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। परिजनों ने बताया कि उर्मिला देवी अपने घर से दूध लेने निकली थीं, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक बेकाबू होकर उन्हें कुचलते हुए पड़ोसी के घर में घुस गया। उसी वक्त बगल से गुजर रहा एक युवक भी इस हादसे में घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार बहुत तेज होती है। ऐसे में यह कहना मुश्किल है कि कब कौन हादसे का शिकार हो जाएगा। लोगों ने खूब गुस्सा जाहिर किया। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। बैजनाथपुर थाने के थाना अध्यक्ष ने बताया कि ट्रक की टक्कर से एक महिला की मौत हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घायल युवक का इलाज चल रहा है और उसे गंभीर चोट लगी है। पुलिस ट्रक और उसमें लदे बालू की भी जांच कर रही है।

19 पंचायतों के रोजगार सेवकों की गर्दन फंसी

मजदूर दिवस पर भी मजदूरों से लिया गया है काम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमुई। मनरेगा में फजीवाड़ा कर राशि निकासी के खेल में 19 पंचायतों के रोजगार सेवकों की गर्दन फंस गई है। उप विकास आयुक्त ने सभी रोजगार सेवकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।इन रोजगार सेवकों ने मजदूर दिवस के दिन भी मजदूरों से काम लिए जाने का मास्टर रोल नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम पर अपलोड कर दिया है। बताया जाता है कि कुल 49 योजनाओं में 1638 मजदूरों का मजदूर दिवस के दिन काम करने का मास्टर रोल अपलोड किया गया है। उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल ने इसे गंभीरता से लिया और कार्रवाई की कड़ी आगे बढ़ा दी है।

जिन रोजगार सेवकों का वेतन रुका है, उनमें बरहट प्रखंड की बरियारपुर, डाढा, मलयपुर और नुमर, चकाई प्रखंड की चौफला और रामचंद्रडीह, अलीगंज प्रखंड की इस्लामनगर, कैथा, कोदवरिया एवं मिजार्गंज, सदर प्रखंड की अमरथ, बरुअट्टा एवं लखनपुर, झाझा प्रखंड की बाराकोला, खैरा प्रखंड की हरनी, लक्ष्मीपुर प्रखंड की गौरा, सिकंदरा प्रखंड की कुमार, मिर्चा पाठकचक गोखुला फतेहपुर एवं सबलबीघा पंचायतों के रोजगार सेवक शामिल हैं। उप विकास आयुक्त ने अपने पत्र में कहा है कि हम सभी भली-भांति अवगत है कि मजदूर दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित है। इस दिन मजदूरों के लिए अवकाश होता है, उनसे मजदूरी करने का प्रविधान नहीं है।इसके बावजूद एनएमएमएस रिपोर्ट पर उक्त तिथि को जिले की 19 पंचायतों में विभिन्न कार्यों पर मजदूरों की उपस्थिति अपलोड की गई है, जो रोजगार सेवकों के कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं मार्गदर्शिका का उल्लंघन है।

चोरी की 21 बाइकों के साथ सात गिरफ्तार

चोरों के बड़े अंतरजिला गिरोह का भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना से सटे दीदारगंज थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों ने बाईक चोरी और लूट में उत्पात मचा रखा था। लगातार बाईक चोरी की घटनाओं से आए दिन लोग परेशान थे। पुरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए पटना के ग्रामीण एसपी ने पुरे पुलिस पदाधिकारियों को अलर्ट मूड में रहने को निर्देशित किया ।

वही इसी कड़ी में बीते 3 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग लूट व चोरी के बाईक की खरीद-बिक्री करने के लिए निजामपुर बगीचे में एकत्रित हुए हैं। पुलिस ने वरीय अधिकारियों को सूचना देते हुए उक्त जगह पर छापेमारी की जहां से 3 बाईक के साथ 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार लोगों से पुलिस ने पुछताछ के क्रम में इनके ही निशानदेही पर एक अन्य युवक को मालसलामी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है और अलग-अलग जगहों से पुलिस ने 24 घंटे में 18 और चोरी व लूट की बाईक को पुलिस द्वारा बरामद किया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए पटना के ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग ने बताया कि ये एक अंतरजिला गिरोह है जो मुख्यतः बाईक लूट और चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। बाईक को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से ये पास के ही शराब की ढुलाई के लिए सस्ते दामों में वैशाली जिले के रूस्तमपुर दियारा इलाके में बेच दिया करते हैं। पटना जिले के नदी थाना, फतुहा थाना, दीदारगंज थाने से ही ये लोग मुख्यतः लूटपाट करते थे और नदी के उस पार बाईक को ठिकाने लगाते थे। पटना पुलिस की यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। सभी गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास संबंधित थानों से पता किया जा रहा है।

प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी-1 निखिल कुमार, थानाध्यक्ष दीदारगंज, थानाध्यक्ष नदी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वही बाइक चोरी व लूट की घटना में राहुल महतो उर्फ कल्लू, रौशन, शंभु, पिंटू, रंजन, चंदन, जितेन्द्र उर्फ मोछू शामिल थे।

सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं को मिलेगा पैसा : प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवगछिया। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार सहारा इंडिया में फंसे पैसे लोगों को वापस दिलाएगी। सहारा की संपत्ति सरकार ने जब्त कर रखी है। इसी संपत्ति से सहारा इंडिया के जमाकर्ताओं को भुगतान किया जाएगा।

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह इस कार्य में लगे हुए हैं। मंत्री डा. प्रेम कुमार एक कार्यक्रम में शामिल होने गुरुवार को नवगछिया आए थे। यहां सहारा इंडिया के जमाकताओं ने मंत्री से अपनी व्यथा सुनाई। कहा, हमलोगों के रुपये पिछले 10 वर्षों से सहारा इंडिया में फंसे हुए हैं।

मंत्री ने जमाकर्ताओं को जल्द ही समस्या निदान का आश्वासन देते हुए कहा कि अब बिहार में सहारा इंडिया के जमाकताओं की सूची तैयार की जाएगी और उनके भुगतान की व्यवस्था की जाएगी। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि पंचायत के पैक्सों में दो से 10 मीट्रिक टन तक का गोदाम बनाया जा रहा है।

मत्स्य सहयोग समिति का भी चुनाव निर्धारित समय पर होगा। आतंकवादी हमले को लेकर मंत्री ने सीधे तौर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में लगे हुए हैं। देश में जाति जनगणना का निर्णय केंद्र सरकार का साहसिक कदम है। इधर, बिहार में सब्जी-फसलों के निर्यात एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) सबौर में बैठक हुई।

बैठक में सहकारिता मंत्री डा. प्रेम कुमार ने जानकारी दी कि सरकार राज्य के विभिन्न प्रमंडलों में कोल्ड स्टोरेज और प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना करने जा रही है, जिससे किसानों को उनकी उपज के संरक्षण में सहायता मिलेगी और बाजार में उचित मूल्य भी मिल सकेगा।

आभूषण दोगुना करने वाले धूर्त साधु को लोगों ने दबोचा

जमकर हुई धुनाई, किया पुलिस के हवाले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हाजीपुर। ठगने के लिए अपराधी तरह-तरह की तरकीब अपना रहे हैं। वर्दी पहनने और अफसर बनने के बाद अब साधु बनकर चूना लगाया जा रहा है। ताजा मामला बिहार के हाजीपुर जिले का है। यहां एक साधु को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ा है।

दरअसल, हाजीपुर के पातेपुर थाना क्षेत्र के सैदपुरपुरा गांव में बीते शनिवार को एक दरवाजे पर दो व्यक्ति साधु के भेष में आया और गृहस्वामी को गहने दोगुना करने का प्रलोभन दिया। गृहस्वामी उमेश राय ने उस साधु के झांसे में आकर अपने घर का जेवर उसे दुगुने करने के लिए दे दिया।

उस दोनों ठग ने कुछ देर में प्लास्टिक में लपेट कर उसे जेवर कहकर दे दिया और घरवाले को यह हिदायत दे दी कि इस पैकेट को वह शाम में खोलेंगे। जब साधु भेष रूपी दोनों ठग उसके दरवाजे से गांव किसी अन्य के यहां गया तो उमेश राय ने पैकेट खोला, तो देखा कि उस पैकेट में गहने की जगह प्लास्टिक का शिवलिंग रखे हुए थे।

प्लास्टिक के शिवलिंग देखकर उसके होश उड़ गए इस बात की जानकारी गांव वालों को दी गई, अब तो ग्रामीणों ने उस दोनों ठग को ढूंढने लगे। दोनों ठग काफी शातिर निकले। आसापास के किसी स्थान पर दोनों गए ही नहीं, पर थोड़ी देर बाद ग्रामीणों को कामयाबी मिल गई।



कुछ देर बाद दोनों ठग को ग्रामीणों ने दबोच लिया। दोनों को खूब धुनाई करके पातेपुर पुलिस को सूचना दी जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष राकेश कुमार पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे एवं दोनों ठग को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराकर अपने कब्जे में ले लिया।

पातेपुर पुलिस पकड़े गए ठग से पूछताछ की एक की पहचान रोहतास जिले के थाना अगरेर के बरडीहा पुल के इंद्रजीत नट के पुत्र करण कुमार और दूसरे उसी जिले के तिलौर थाने के राकीयान दिग़्घा गांव के चुन्नी लाठौर के पुत्र किशरी लाठौर के रूप में हुई। पकड़े गए ठगों के पास से 1100 नकद, सोने जैसा एक मंगटिका, रॉलगोल्ड की भगवान की प्रतिमा, रुद्राक्ष, शिवलिंग आदि बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों ठग के विरुद्ध आवश्यक कागजी प्रकिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में हाजीपुर जेल भेज दिया है।

मेगा ब्लॉक से यात्री हुए हलकान

जमालपुर। भागलपुर-जमालपुर-किऊल रेलखंड पर एलएचएस (लिमिटेड हाइट सबवे) का काम होने के कारण रविवार को सात घंटे तक ट्रेनें नहीं चलीं।

सुबह 9.15 से शाम 4.15 तक एक भी ट्रेन न भागलपुर की तरफ गई और न ही किऊल की ओर। ट्रेन परिचालन बाधित होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जमालपुर स्टेशन पर यात्रियों का हुजूम पहुंचता रहा। बार-बार ट्रेन की जानकारी लेने के लिए यात्री पूछताछ काउंटर जाते दिखे। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए बार-बार माइकिंग कराई जा रही थी।

उन्हें बताया जा रहा था कि मेगा ब्लॉक के कारण भागलपुर और किऊल तरफ जाने के लिए कोई भी ट्रेन 4.30 बजे के बाद ही मिलेगी। ट्रेन परिचालन बाधित होने के कारण स्टेशन पर अन्य दिनों की तुलना में भीड़ कम रही। प्लेटफार्म पर कम संख्या में यात्री नजर आए। जिन यात्रियों की ट्रेन भागलपुर और किऊल जंक्शन से थी, वह सड़क मार्ग से रवाना हुए।

भारत-नेपाल सीमा पर घुसपैठ की आशंका, जवान अलर्ट मोड में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अररिया। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद नेपाल के रास्ते आतंकियों के भारत में घुसपैठ की आशंका बढ़ गई है। इसको लेकर भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। एसएसबी और पुलिस संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं। नेपाल से आने-जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।

पाकिस्तानी नागरिकों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। सीमा सुरक्षा को लेकर बैठकें की जा रही है। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद इंडो-नेपाल बॉर्डर पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गई हैं।

विशेषकर इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा कर दिया गया है। सीमा पर तैनात एसएसबी 56वीं बटालियन के जवानों को विशेष हाई अलर्ट पर रखा गया है।

एसएसबी के जवानो नें सीमावर्ती इलाकों पथरदेवा, फुलकाहा, पथराहा, घुरना, डूमरबन्ना, बसमतिया एवं बेला में चौकसी बढ़ा दी है। सीमा पार हर आने-जाने वाले व्यक्ति की गहन तलाशी ली जा रही है।

जांच के लिए डॉग स्क्वायड और मेटल डिटेक्टर की भी सहायता ली जा रही है। एसएसबी 56वीं बटालियन की हर चौकियों पर जवानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

नरपतगंज प्रखंड के फुलकाहा एसएसबी बीओपी 56वीं बटालियन के सहायक सेनानायक राणा कुमार ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से सीमा पर चौबीसों घंटे निगरानी की जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। बॉर्डर के समीप बसे गांवों में भी पेट्रोलिंग तेज कर दी गई है और स्थानीय लोगों से सहयोग करने की अपील की गई है। इसके साथ ही क्षेत्र में भी एसएसबी के जवान लगातार गश्त कर रहे हैं ताकि किसी भी तरह की घुसपैठ या संदिग्ध गतिविधियों को रोका जा सके।

सीमा चौकियों पर अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है और इंटेलिजेंस विंग को भी सक्रिय कर दिया गया है। एसएसबी के अलावा बिहार पुलिस और खुफिया एजेंसियां भी लगातार समन्वय में काम कर रही है। ऐसे में आम लोगों की भी जिम्मेदारी है कि किसी भी संदग्धि को देखते ही एसएसबी, पुलिस अथवा स्थानीय प्रशासन को खबर करें।

मोटरसाइकिल चोर गिरोह का उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नासरीगंज ।पिछले दिनों बाइक लूट की बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक के द्वारा गठित टीम को नासरीगंज थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि काराकाट, दिनारा, अकोढ़ीगोला सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल की लूट की घटनाएं हुई है।

इन घटनाओं के उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। इसमें थानाध्यक्ष नासरीगंज, काराकाट, कच्छवां के थानाध्यक्ष तथा डीआईयू की टीम शामिल थी। टीम को सूचना मिली कि मोटरसाइकिल लूट की घटनाओं को नीरज पासवान के गिरोह ने अंजाम दिया है।

इसके साथ सूचना यह भी मिली कि रात में नीरज पासवान अपने गिरोह के साथ नासरीगंज थानाक्षेत्र के दाउदनगर मोड़ के पास काफी दिनों से बंद श्री शिवगंगा यादव ढ़ाबा पर आने वाला है, इसके साथ कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।

टीम दाउदनगर मोड़ के पास गुप्त तरीके से निगरानी में लगी। इसी क्रम में रात्रि में करीब 2 बजे तीन बाइक से कुल सात व्यक्ति उक्त ढ़ाबा के पास आए और अंदर चले गये, जिन्हें वहां उपस्थित पुलिस टीम ने पकड़ा।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ये लोग एक गिरोह बनाकर रोहतास और भोजपुर के क्षेत्रों में लूटपाट तथा चोरी जैसे कांडों को अंजाम देते हैं।

पूछताछ में खुलासा हुआ कि 25 अप्रैल, 2025 को काराकाट थानाक्षेत्र के नावाडीह और दहियाड़ी के बीच एक मोटरसाइकिल सवार से बाइक की लूट और 29 अप्रैल को रात्रि में कच्छवां थाना क्षेत्र के भेड़िया से एक सुमो गोल्ड गाड़ी की चोरी इनलोगों ने की थी।

चोरी की बाइक को आरोपियों ने अपने साथी भोजपुर जिला के गड़हनी थाना क्षेत्र के बनकट निवासी सन्नी कुमार के घर में छिपा रखी थी।

मासूम छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में शिक्षक गिरफ्तार

गिरफ्तारी के विरोध में अभिभावक व छात्र उतरे सड़कों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेतिया। बेतिया में एक छह साल की छात्रा ने स्कूल के शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक दीपक कुमार को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना बगहा पुलिस जिले के महुअर की है।

जहां शिक्षक मध्य विद्यालय महुअर में पदस्थापित है। शिक्षक की गिरफ्तारी के विरोध में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और ग्रामीण रविवार को सड़कों पर उतर आए और सेमरा-बगहा मुख्य पथ को जाम कर दिया। दो घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने गुरुजी निर्दोष हैं और हम चाहते हैं न्याय जैसे नारे लगाए। कक्षा पांच की छात्रा करीना ने कहा कि गुरुजी कभी ऐसा कुछ नहीं कर सकते, हम उनके साथ हैं। वहीं, छात्रा सिमरन मिश्रा ने कहा कि हम सालों से उन्हें जानते हैं, उनका व्यवहार बच्चों के प्रति हमेशा पिता जैसा रहा है। यह आरोप झूठा है। जबकि एक छात्र के

अभिभावक राहुल पांडेय ने कहा कि विद्यालय में लंबे समय से कुछ लोगों की राजनीति चल रही है। इसी राजनीतिक रंजिश में दीपक सर को फंसाया गया है।

इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। लोगों को शांत करने का प्रयास जारी है। बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। किसी भी पक्ष की बात को अनदेखा नहीं किया जाएगा। सड़क जाम हटवाने और जनाक्रोश को शांत करने की कोशिश जारी है।

डीजे को ले झड़प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। जिले के बहादुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खाड़ीबस्ती बनगामा में बीते दिनों शादी समारोह के दौरान डीजे नहीं बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। इस दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, यह घटना करीब दो महीने पुरानी है। शादी समारोह के दौरान हुए विवाद में मामला इस कदर बढ़ा कि समारोह स्थल रणक्षेत्र में बदल गया। सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा पंचायती की गई, लेकिन उस दौरान भी विवाद थमा नहीं और दोबारा मारपीट हो गई, जिसमें दर्जनों लोग घायल हो गए।

इस मामले में खाड़ीबस्ती बनगामा निवासी नादिर आलम पिता अमालोद्दीन ने बहादुरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें 29 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। यह मामला कांड संख्या 102/25 के तहत दर्ज किया गया। प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी मो. सद्दाम पिता- जमालुद्दीन को गिरफ्तार कर रविवार शाम न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बाबा साहब की जयंती पर संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। तिरहुत प्रमंडल के मुजफ्फरपुर जिले के सकरा प्रखंड के रेपुरा गांव में आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति विभाग के राज्य मंत्री बीएल वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर को सबसे अधिक सम्मान भाजपा ने दिया है, जबकि कांग्रेस ने उन्हें केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए इस्तेमाल किया।

केंद्रीय मंत्री वर्मा ने विपक्ष पर तीखा हमला कर कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब के सिद्धांतों को कभी अपनाया ही नहीं, बल्कि उनके विचारों को दबाया गया। उन्होंने कहा कि वो समय भी था जब बाबा साहब को राजनीतिक और सामाजिक मंच से दूर रखने की कोशिशें हुईं। कांग्रेस ने तो कभी अंबेडकर को सम्मानजनक स्थान नहीं दिया।

बीएल वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने अंबेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। अंबेडकर के दिल्ली स्थित आवास को संग्रहालय का रूप देकर उन्हें ऐतिहासिक सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि हम नारेबाजी नहीं करते, हम कार्य करते हैं। बाबा साहब का विचार समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्रतिबद्धता है।

वर्मा ने कहा कि बाबा साहब को भारत रत्न दिलाने में भी भाजपा की भूमिका अहम रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल समारोह नहीं करती, बल्कि उनके विचारों को कार्य में ढालती है। यही कारण है कि आज दलित, पिछड़े और महादलित समाज का सशक्तिकरण हो रहा है। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक कुमार, महादलित प्रकोष्ठ के नेता सचिन राम और सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे। रेपुरा स्थित एक निजी स्कूल के सभागार में आयोजित इस संगोष्ठी की शुरूआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई।

तेजस्वी यादव ही होंगे महागठबंधन का सीएम फेस!

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन की रविवार को हुई तीसरी बैठक में लगभग यह तय हो गया कि तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन इस पर घटक दलों के बीच आम राय बन गई है। कांग्रेस भी दबी जुबान से इसे अब स्वीकार कर रही है। पर सीट बंटवारे पर कांग्रेस अड़ी हुई है। वह 70 से कम सीटें लेने को तैयार नहीं है। विधान सभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इससे पहले दो बैठकें राजद और कांग्रेस कार्यालय में हुई थी जबकि तीसरी बैठक रविवार को पटना के एक रिसॉट में आयोजित की गई। यानी महागठबंधन में पार्टी कार्यालय से शुरू हुई रणनीति बनाने की तैयारी अब रिसॉर्ट में शिफ्ट हो गई है। पटना के आशियाना दीघा रोड स्थित रिसॉट में हुई महागठबंधन की तीसरी बैठक में राजद, कांग्रेस, तीनों वाम दल यानी सीपीएम, सीपीआई और सीपीआई (एमएल) के अलावा विकासशील पार्टी (वीआईपी) के शीर्ष नेतृत्वकर्ता मौजूद थे। इसकी अध्यक्षता विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने की। महागठबंधन ने इस बैठक के लिए अपने सभी सांसदों और विधायकों को पटना बुलाए गए थे। इसके अलावा इन दलों के जिलाध्यक्ष, महासचिव स्तर के अधिकारी भी बुलाए गए थे। बैठक में आगामी रणनीतियों पर जहां सभी दलों के नेताओं ने चर्चा की, लेकिन सीट शेयरिंग का मामले पर कोई बात नहीं हुई। बैठक में सभी सियासी दलों के नेताओं द्वारा कई घोषणाएं की गई। सूत्रों के अनुसार वामदलों ने देश की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए आगामी 20 मई को भारत बंद करने का ऐलान किया है। भाकपा-माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने बैठक में यह घोषणा की। उन्होंने मजदूरों के हक के लिए 20 मई को भारत बंद का आह्वान किया और इसे महा गठबंधन के सभी घटक दलों द्वारा समर्थन देने की बात कही। एक प्रकार से यह चुनाव के पहले बिहार में महा गठबंधन की ताकत दिखाने का माध्यम होगा। वहीं, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने बैठक में नीतीश सरकार के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने केंद्र सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाया। इसके खिलाफ सभी से आवाज बुलंद करने कहा। खासकर बिहार की नीतीश सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए इसके खिलाफ रणनीति बनाकर जनता के बीच जाने की बातें कही। इसके लिए महा गठबंधन के सभी घटक एकजुट होकर बड़े स्तर पर कार्यक्रम चला सकते हैं जबकि वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने महा गठबंधन के सभी दलों को चुनाव में एकजुटता दिखाने के लिए विशेष जोर देने की बातें कही। इसमें चुनावी रणनीति, साझा चुनावी घोषणा पत्र, प्रचार को एकजुटता के साथ रणनीति बनाकर बढ़ाने पर जोर देने कहा। एकजुट होकर चुनाव लड़कर इस सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। बैठक के बाद राजद के प्रदेश प्रवक्ता और सांसद मनोज झा ने कहा कि महागठबंधन मजबूती के साथ एकजुट है वह बेहतर समन्वय के साथ चुनाव मैदान में उतरेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में कानून-व्यवस्था को लेकर नीतीश सरकार को घेरने पर मंथन हुआ। साथ ही वाम दलों के 20 मई के भारत बंद का समर्थन करने का फैसला किया गया है। बैठक में पहलगाम हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य बेहतर समन्वय के साथ महागठबंधन के एजेंडे को आगे बढ़ाना था। पूरा का पूरा महागठबंधन 243 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 20 मई को मजदूरों की देशव्यापी हड़ताल में पूरे महागठबंधन का पूरा समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव के चेहरे पर कोई विवाद नहीं है।

लालू यादव अपने बेटे को महागठबंधन का नेता बनाने की लगा रहे हैं गुहार : नीरज कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। महागठबंधन की एक रिसॉर्ट में हुई बैठक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि यह उनका आंतरिक मामला है, लेकिन दीघा के जिस रिसॉर्ट में यह बैठक हुई उस इलाके में लोग लालू यादव के शासनकाल में दिन में भी नहीं जाते थे। उन्होंने बैठक में शामिल लोगों से मरीन ड्राइव भी देखने की बात कही।

नीरज कुमार ने महागठबंधन के नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि इससे बेहतर होता कि राज्य सरकार जो पानी का जहाज चलाती है उसमें बैठक करते तो और खुशनुमा माहौल मिलता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि लालू यादव अपने बेटे को महागठबंधन का नेता बनाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन इस गठबंधन के नेता इतने निष्ठुर हो गए हैं कि उनकी भावना का भी सम्मान नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की बैठक का सीधा मतलब है कि 'लेना न देना, तेजस्वी यादव के लिए केवल फुलेना' साबित हो रहा है।

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय सहकारी शिक्षा को एक नए स्तर पर ले जाएगा : दिलीप संघाणी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारत में सहकारी आंदोलन को नई दिशा देने और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से सरकार ने 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय' की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। अब यह सपना साकार हो चुका है क्योंकि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने पारित कर दिया है। इस विधेयक के पारित होने के साथ ही यह विश्वविद्यालय न केवल सहकारी शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि सहकारी क्षेत्र को अधिक पेशेवर और प्रभावी बनाने में भी मदद करेगा। एनसीयुआई, इफको एंड गुजरात स्टेट को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं गुजरात के पूर्व मंत्री दिलीप संघाणी ने कहा कि भारत में सहकारी आंदोलन का इतिहास काफी पुराना है, लेकिन इसके विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रही है। सहकारी संस्थाएं अक्सर पेशेवर प्रबंधन की कमी, नवीनतम तकनीकों की अनुपस्थिति और प्रभावी नेतृत्व के अभाव में संघर्ष करती रही है। त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय इन सभी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करेगा और सहकारी क्षेत्र को एक स्वर्णिम युग में प्रवेश करने में सहायता करेगा। आज भारत में सहकारी समितियां कृषि, बैंकिंग, डेयरी, आवास, उपभोक्ता वस्तुएं और अन्य कई क्षेत्रों में कार्यरत हैं। अमूल, इफको, कृभको जैसी संस्थाएं सहकारी आंदोलन के सफल उदाहरण हैं। हालांकि सहकारी क्षेत्र की बढ़ती चुनौतियां, जैसे डिजिटल तकनीक का अभाव, प्रतिस्पर्धा में पिछड़ना और व्यावसायिक कौशल की कमी, इसके सतत विकास में बाधा बन रही है। इन समस्याओं के समाधान के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य है युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा, सहकारी संगठनों का सशक्तिकरण, डिजिटल युग में सहकारी आंदोलन का विकास एवं ग्लोबल कोऑपरेटिव नेटवर्किंग। त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय सहकारी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाला पहला संस्थान होगा। इसके पाठ्यक्रम विशेष रूप से व्यावहारिक और रोजगारोन्मुख होंगे जिनमें शामिल होंगे-सहकारी प्रबंधन, सहकारी वित्त, डिजिटल सहकारिता, सामुदायिक विकास और सहकारिता एवं कृषि और ग्रामीण सहकारिता। त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय सहकारी आंदोलन के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। यह विश्वविद्यालय सहकारी शिक्षा को एक नए स्तर पर ले जाएगा जिससे सहकारी संस्थानों का कार्य अधिक पेशेवर, आधुनिक और प्रभावी होगा।

वित्त रहित शिक्षकों ने वेतन और समायोजन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने की उठी मांग, कहा - सरकार न्याय के साथ विकास के संकल्प को निभाए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के वित्त रहित शिक्षकों ने एक बार फिर अपने वेतन भुगतान और समायोजन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। इस पत्र में स्पष्ट किया गया है कि राज्य में वर्षों से वित्त रहित शिक्षा नीति के तहत संचालित संस्थानों में कार्यरत शिक्षक और कर्मचारी बेहद कठिन परिस्थितियों में काम कर रहे हैं। इन शिक्षकों ने उच्च न्यायालय के हालिया निर्णयों का हवाला देते हुए राज्य सरकार से अविलम्ब कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि 2008 में सरकार ने परीक्षा फल आधारित अनुदान की व्यवस्था शुरू की थी, जिससे इन संस्थानों को कुछ राहत मिली थी। 2010 में पहली बार वित्त रहित शिक्षकों को राज्य सरकार से अनुदान मिला था, लेकिन तब से लेकर आज तक इन शिक्षकों को न अनियमित अनुदान से मुक्ति मिली, न ही वेतन की गारंटी सुनिश्चित हुई। अनुदान मिलने पर भी प्रबंधन द्वारा शोषण होता रहा है। शिक्षकों का कहना है कि 2008 से लेकर 2025 तक के बीच अनुदान राशि में यथोचित वृद्धि नहीं हुई जबकि महंगाई और जीवनयापन की जरूरतें लगातार बढ़ी हैं। दूसरी ओर नियोजित शिक्षकों को सरकार ने इस अवधि में कई लाभ दिए हैं जिससे उनका जीवनस्तर बेहतर हुआ है। ऐसे में वित्त रहित शिक्षकों को भी न्याय मिलना चाहिए। पत्र में हाल ही में उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय का हवाला देते हुए सरकार से यह भी पूछा गया है कि क्या इन आदेशों के अनुपालन के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। शिक्षकों ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार यदि नए महाविद्यालयों की स्थापना की योजना बना रही है तो पहले से समाज द्वारा स्थापित उन संस्थानों का समायोजन और संरक्षण क्यों नहीं कर सकती जिनमें योग्य शिक्षक, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, भवन और भूमि की पर्याप्त व्यवस्था पहले से मौजूद है। कई संस्थानों में कर्मचारी पहले ही सेवा से निवृत्त हो चुके हैं और शेष भी कुछ वर्षों में सेवानिवृत्त हो जाएंगे जिससे इन संस्थानों को आसानी से सरकारी ढांचे में समाहित किया जा सकता है। शिक्षकों का तर्क है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था का लगभग 70 प्रतिशत भार वित्त रहित संस्थानों ने लंबे समय तक उठाया है। ऐसे में सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह इन संस्थानों को संरक्षित करने और उनमें कार्यरत वैध शिक्षकों-कर्मचारियों को समायोजित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। इस पत्र की जानकारी विधान परिषद के सभापति प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह ने दी। उन्होंने आग्रह किया है कि सरकार सिर्फ घोषणा न करे, बल्कि न्याय को धरातल पर लागू कर दिखाए। यह समय की मांग है और सामाजिक दायित्वों को निभाने का सर्वोत्तम अवसर भी।

बीजेजेडी पार्टी ने बिहार की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने का किया ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

BHARAT JAN JAGRAN DAL
(BJJD)
मिशन (243) बिहार विधानसभा - 2025
प्रेस कांफ्रेंस

पटना। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेजेडी पार्टी ने सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारने का एलान किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौरसिया एम. कुमार ने रविवार को होटल कृति सभागार, जमाल रोड, पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की। बीजेजेडी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौरसिया एम कुमार ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी बिहार विधानसभा- 2025 के सभी 243 सीटों पर अपना मजबूत उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 2025 के चुनावों के लिए अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। हमारी पार्टी कर्पूरी ठाकुर, बाबा साहेब अम्बेडकर, बाबू शिव दयाल चौरसिया एवं डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के सपनों का भारत का निर्माण करना चाहती है जहां बिहार एवं देश के सभी नागरिकों को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक न्याय मिले। उन्होंने बताया कि हमारी पार्टी में सबसे ज्यादा युवाओं को टिकट दिया जायेगा। सम्मलेन में पार्टी मिशन की तैयारियों पर चर्चा के साथ दर्जनों भावी विधायक प्रत्याशियों की घोषणा भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा बिहार प्रदेश अध्यक्ष मुकेश जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। मौके पर अंजू देवी, मो. कलाम, डॉ राजकुमार आजाद, विजय मंडल, किरण देवी, प्रदीप कुमार, संजय कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

राजगीर और किउल के मध्य चलायी जा रही 03266/03265 स्पेशल का मार्ग विस्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर नटेसर-तिलैया-नवादा-वारिसलीगंज के रास्ते गाड़ी सं. 14223/14224 वाराणसी-राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस के रेक द्वारा सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार को राजगीर और किउल के मध्य गाड़ी सं. 03266/03265 राजगीर-किउल-राजगीर स्पेशल का परिचालन किया जा रहा है। 6 मई 2025 से 31 मई 2025 तक सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार को इस स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसे राजगीर और खगड़िया के मध्य चलाया जाएगा। गाड़ी सं. 03266 राजगीर-किउल-खगड़िया स्पेशल राजगीर से 06.10 बजे खुलकर 06.30 बजे नटेसर, 07.15 बजे तिलैया, 08.03 बजे नवादा, 08.28 बजे वारिसलीगंज, 09.00 बजे शेखपुरा रुकते हुए 10.10 बजे किउल पहुंचेगी तथा किउल से यह 10.15 बजे खुलकर 10.36 बजे अभयपुर, 10.52 बजे जमालपुर, 11.40 बजे मुंगेर रुकते हुए 13.00 बजे खगड़िया पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03265 खगड़िया-किउल-राजगीर स्पेशल खगड़िया से 14.00 बजे खुलकर 14.55 बजे मुंगेर, 15.22 बजे जमालपुर, 15.58 बजे अभयपुर रुकते हुए 16.53 बजे किउल पहुंचेगी तथा किउल से 16.58 बजे खुलकर 17.25 बजे शेखपुरा, 18.00 बजे वारिसलीगंज, 18.33 बजे नवादा, 19.00 बजे तिलैया, 20.20 बजे नटेसर रुकते हुए 21.25 बजे राजगीर पहुंचेगी।

राजद सिर्फ फर्जी बातें कर रहा : संजय झा

मोदी सरकार ने जातीय गणना कराने का फैसला किया तो वे इसका श्रेय लेने में लगे हैं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। देश में जाति जनगणना कराने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी दलों में भी इसका श्रेय लेने की होड़ मची है। इस बीच जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष सांसद संजय झा ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन की बैठक में जाति जनगणना को एजेंडा में डालने कहा था। तब कांग्रेस और राजद दोनों ने बैकआउट किया था। अब नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे कराने का फैसला लिया है तो वे इसका श्रेय लेने में लगे हैं। संजय झा ने कहा कि जाति जनगणना की बात करने वाली राजद 10 साल केंद्र की सत्ता में रही। बिहार में भी 15 वर्ष तक रहे, लेकिन उन्होंने जाति जनगणना कराने की पहल नहीं की। वहीं नीतीश कुमार ने न सिर्फ जाति गणना कराई बल्कि इसकी रिपोर्ट भी जारी की। अब केंद्र सरकार भी देश स्तर पर जाति जनगणना करा रही है। ऐसे में राजद सिर्फ फर्जी बातें कर रही है। वे जबरन क्रेडिट हड़पने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद को परिवार छोड़कर और कोई नहीं दिखता है। उन्होंने कभी किसी को किसी समाज का या किसी गरीब का कुछ भी भला नहीं किया है। बिहार में चल रही महागठबंधन नेताओं की बैठक पर संजय झा ने इसकी व्यवहार्यता पर बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के समय भी इसी तरह की बैठकें हुई थी, लेकिन उसका परिणाम क्या हुआ? एनडीए ने बिहार में शानदार सफलता पाई। इस बार भी विधानसभा चुनाव में एनडीए को बड़ी सफलता मिलेगी। एनडीए के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई विवाद नहीं होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि हमलोग एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे और बड़ी जीत हासिल करेंगे।

मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा मुफ्त गर्भाशय ग्रीवा कैंसर जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी
डॉ चारु मोदी

पटना। राजेन्द्र नगर रोड नं. 7 स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी द्वारा महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निःशुल्क गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जांच शिविर का आयोजन आज प्रातः इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि महिलाओं के लिए समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर अत्यंत आवश्यक हैं जिससे वे गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक हो सके। मौके पर सोसाइटी के सचिव दिनेश अग्रवाल ने जानकारी दी कि शिविर में पचास से अधिक महिलाओं ने पंजीकरण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। इस मौके पर शिविर संयोजक सुबोध गोयल ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारु मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल द्वारा महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की जांच की गई और आवश्यक सुझाव दिए। डॉ रावी अग्रवाल द्वारा रिपोर्ट में दी गई पैथोलोजिकल जांच की जाएगी। मौके पर डॉ मोदी ने बताया कि गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर, लेकिन बचाव योग्य कैंसर है। यह गर्भाशय के निचले हिस्से जिसे ग्रीवा कहते हैं, में उत्पन्न होता है। यह मुख्यतः ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण के कारण होता है। डॉ मोदी ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों में असामान्य रक्तस्राव, मासिक धर्म के बीच रक्तस्राव या योणि में दर्द शामिल हो सकते हैं। हालांकि प्रारंभिक अवस्था में इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते, इसलिए समय-समय पर जांच कराना आवश्यक होता है। एच पीवी वैक्सीन और नियमित पेप स्मीयर परीक्षण से इस कैंसर की रोकथाम संभव है। जागरूकता और समय रहते जांच से इस बीमारी से बचा जा सकता है। इस मौके पर एम.पी. जैन ने बताया कि ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाई जा रही है जिससे महिलाएं समय रहते उपचार करा सके। मौके पर कार्याध्यक्ष हनुमान गोयल ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा कार्यों को निरंतर आयोजित करती रहेगी।

बिहार में फिर से बनेगी एनडीए की सरकार : बीएल वर्मा

इंडी गठबंधन चाहे जितनी बैठक कर ले मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए का परचम लहराएगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने रविवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान राजद नेता तेजस्वी यादव और महा गठबंधन को निशाने पर लिया। उन्होंने बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर आश्वस्त होते हुए यहां फिर से एनडीए सरकार बनने का दावा किया। महागठबंधन घटक दलों की रविवार की बैठक पर उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन चाहे जितनी बैठक कर ले मोदी के नेतृत्व में बिहार में एनडीए का परचम लहराएगा जिस तरह से पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की रफ्तार पर आगे बढ़ रहा है, बिहार भी उसी रफ्तार पर आगे बढ़ेगा। वहीं एनडीए के घटक दलों में चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टी की सीटों की मांग पर उन्होंने कहा कि समय आने पर सब ठीक हो जाएगा। एनडीए गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव में उतरेगी और जीत हासिल करेगी। हाल ही में लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार में अपनी किस्मत आजमाने की टिप्पणी पर वर्मा ने कहा कि चिराग पासवान तो प्रधानमंत्री मोदी का बहुत सम्मान करते हैं। मुझे लगता है पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए में जो भी फैसला होगा वह स्वीकार करेंगे। उन्होंने चिराग के बिहार में उतरने पर इसे उनका निजी फैसला बताया। साथ ही नीतीश कुमार के फिर से मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा सबको मानना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस नेता चन्नी द्वारा भारत द्वारा पाकिस्तान पर किये गए सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाने पर वर्मा ने उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुझे लगता है कि कांग्रेस इस प्रकार के बयान देते हैं जो पाकिस्तान को रास आते हैं। हमारी सेना के हौसलों को ये कमजोर करने का प्रयास करते हैं, लेकिन हमारे बहादुर सेना के हौसले कमजोर होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को समय पर जवाब दिया जाएगा। अपने बिहार दौरे में बीएल वर्मा ने मुजफ्फरपुर के सकरा में आंबेडकर सम्मान अभियान विचार गोष्ठी को संबोधित किया।

लापरवाही के आरोप में लखनौर थानाध्यक्ष को एसपी ने किया निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मधुबनी। लखनौर थानान्तर्गत ग्राम मैवी में हुई घटना के संदर्भ में लखनौर थाना कांड संख्या-31/25, 27.04.25 दर्ज किया। प्राथमिकी दर्ज करने में त्रुटियां पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी झंझारपुर से जांच कर रिपोर्ट की मांग की गयी थी। जांच रिपोर्ट में थानाध्यक्ष, लखनौर द्वारा घटना को न्यूनिकरण कर साधारण चोरी की घटना घटित होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की बात प्रकाश में आयी है। प्राथमिकी दर्ज करने में बरती गयी लापरवाही के लिए पुलिस अवर निरीक्षक रेणु कुमारी, थानाध्यक्ष, लखनौर थाना को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

भगवान शांतिनाथ के स्वागत में झुके श्रद्धा के सिर

दिल्ली से आई शांतिनाथ भगवान की प्रतिष्ठित प्रतिमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। काली बीबी कटरा स्थित प्राचीन आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के जीर्णोद्धार की आध्यात्मिक यात्रा को एक नई दिशा मिली है। रविवार को यहां नई दिल्ली से भगवान शांतिनाथ की प्रतिष्ठित प्रतिमा पहुंची तो श्रद्धालुओं ने उत्साह से स्वागत किया। दिल्ली से प्रतिमा को ईशान जैन और अर्चना जैन ने विशेष पूजा-अर्चना के साथ गुरारा जैन मंदिर पहुंचाया। इस अवसर पर समाज के लोगों में आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम दिखा। प्रतिमा के पटना आगमन पर भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में ईशान जैन एवं एमपी जैन को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शांति विधान का आयोजन प्रसिद्ध जैन पंडित गुलाब शास्त्री ने पूरा कराया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य कमाया। उल्लेखनीय है कि मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की शुरुआत स्व. शांतिलाल जैन ने की थी। उनके दिवंगत होने के बाद इस पुण्य कार्य को उनके पुत्र महेश जैन, मुकेश जैन, मनीष जैन और मनोज जैन ने श्रद्धा के साथ आगे बढ़ाया है। इस आयोजन के दौरान धीरज जैन ने बताया कि प्रतिष्ठित शांतिनाथ प्रतिमा को जून माह में भव्य समारोह के साथ नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया जाएगा। एमपी जैन ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज को एकता, सेवा और समर्पण का संदेश भी दिया। श्रद्धा, भक्ति और संतुलित ऊर्जा के साथ पटना की धरती एक बार फिर जैन धर्म की दिव्यता से आलोकित हो उठी।

महिला सशक्तिकरण हेतु अंबेडकर समग्र विकास शिविर का आयोजन

महिलाओं के लिए आरक्षण
realme Shot on realme 8i

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अरवल। जिले में महिला सशक्तिकरण हेतु अंबेडकर समग्र विकास शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।जिले में अभी तक 155 ग्राम संगठनों में महिला विकास शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अभी तक 47हजार से अधिक महिलाएं भाग ले चुकी है । जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि इसके माध्यम से महिलाएं अपने ग्राम में प्रशिक्षण और स्वरोजगार के व्यवस्था करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। साथ ही उच्च शिक्षा की पढ़ाई की व्यवस्था नजदीक के गांव और शहरों में करने की मांग कर रहे हैं।

गांधी आश्रम में सेमिनार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के सर्वोदय समाज, सर्वोदय मंडल, लोक समिति, गांधी आश्रम बिक्रम, दलित वाहिनी, नशाबंदी परिषद् आदि सामाजिक संगठनों ने बिहार में गांधी जी का जहां-जहां आगमन हुआ है, उन सभी स्थानों पर वहां के लोगों के साथ संपर्क, सेमिनार और आज वहां की स्थिति का आकलन करने का निर्णय किया है। इस दरम्यान में आज विक्रम के गांधी आश्रम में सेमिनार का आयोजन आयोजित है, बिहार के विक्रम में गांधी जी 25 सितम्बर 1925 को आये थे और एक बड़ी सभा भी की थी, चंपारण के बाद गांधी जी ने पटना को ही सघन क्षेत्र बनाया था, गांधी जी बिहार में राष्ट्रीय एकता आदि के लिए काम किया है जिसमें उन्हें अपार समर्थन लोगों का प्राप्त हुआ है। किसी-किसी सभा में 30000 से भी ज्यादा लोग उस समय गांधी जी के सभा में शामिल हुए हैं जिसमें महिलायें भी काफी संख्या में शामिल होती थी। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए बिहार सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष चन्द्र भूषण ने बताया कि आज हमें गांधी जी के आगमन के स्थलों पर जनसंपर्क और खादी, राष्ट्रीय एकता आदि की स्थिति क्या है। गांधी जी के विरासत को पुनरवलोकन करना और स्थानीय स्तर पर कमिटी का निर्माण करना प्रमुख है। सेमिनार का विषय प्रवेश सत्येन्द्र कुमार शांडिल्य, लोगों का स्वागत अरुण कुमार आजाद, संचालन शशांक मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन गिरेन्द्र कुमार गिरी ने किया।



संपादकीय

अब शब्द नहीं, सर्जिकल जवाब चाहिए

इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से कई मोर्चों पर ठोस कार्रवाई की घोषणाएं हुईं। लेकिन इस तरह के कड़े संदेश देने के संकेतों के बावजूद इस दिशा में कोई स्पष्टता नहीं दिख रही है। पहलगाम में आतंकियों की अंधाधुंध गोलीबारी में छब्बीस लोगों की मौत के जैसे ब्योरे सामने आए, उससे स्वाभाविक ही समूचे देश में व्यापक स्तर पर क्षोभ और गुस्से का वातावरण बना हुआ है, लोग बेहद सदमे में हैं। हालांकि सरकार ने तीनों सेनाध्यक्षों के साथ बैठक कर और उन्हें खुली छूट देने की बात करके सभी तरफ यह संदेश देने की कोशिश की है कि इस बार वह आतंकवादियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। मगर देश भर में लोगों की यह अपेक्षा और मांग है कि सरकार उच्चस्तरीय बैठकें करने के समांतर आतंकियों के साथ-साथ उन्हें संचालित करने वाली शक्तियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की घोषणाओं से आगे बढ़ कर बिल्कुल स्पष्ट कदम उठाती दिखे। इस लिहाज से देखें तो सरकार आतंकियों को लक्षित करते हुए और पाकिस्तान को भी जिम्मेदार ठहराते हुए जो कार्रवाई कर रही है, उससे निश्चित रूप से एक संदेश जा रहा है, लेकिन पहलगाम हमले की प्रकृति को देखते हुए इस मसले पर एक व्यापक स्पष्टता वक्त का तकाजा है। यों इतने बड़े हमले के बावजूद दूतावास में कर्मचारियों की संख्या में कटौती, पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा पर पाबंदी, सिंधु जल संधि के क्रियान्वयन को निलंबित करने और अब भारतीय वायुक्षेत्र से पाकिस्तानी विमानों की उड़ान पर पाबंदी जैसे कदम उठाने के बावजूद भारत ने आमतौर पर धैर्य का ही परिचय दिया है। हैरानी की बात यह है कि खुद को कठघरे में देखने के बाद पाकिस्तान अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय उल्टे सीमा पर बिना किसी वजह बार-बार संघर्ष विराम का उल्लंघन और नाहक ही छिटपुट गोलीबारी कर रहा है। यह एक तरह से भारत को उकसाने की कार्रवाई है। हालांकि इसके बाद भी भारत अभी कोई सीधी कार्रवाई करने को लेकर सावधानी बरत रहा है। सवाल है कि आखिर पाकिस्तान को सीमा पर इस तरह की हरकत करने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है। क्या यह अपने ऊपर लगने वाले आरोपों के बाद बचाव के लिए आक्रामकता का प्रदर्शन नहीं है, ताकि दुनिया का ध्यान आतंकवाद को पालने में उसकी असली भूमिका से भटक सके? यह जगजाहिर हकीकत है कि कई आतंकवादी संगठन भारत में अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए पाकिस्तान स्थित ठिकानों का इस्तेमाल करते हैं। वहां उन्हें आतंक फैलाने की गतिविधियों के प्रशिक्षण से लेकर हथियारों और अन्य संसाधनों की सुविधा मुहैया कराई जाती है।जब भी भारत की ओर से पाकिस्तान की इस भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं, तब पाकिस्तान

अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों ने एक बार फिर से...

भारत को फंसाना शुरू कर दिया

आतंकवाद को लेकर पश्चिमी देशों का रवैया हमेशा से डबल स्टैंडर्ड वाला रहा है। अमेरिका पश्चिमी देशों के इस डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड की अगुवाई करता रहा है। अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 को हुए भयानक आतंकी हमले के बाद दुनिया को ऐसा लगा कि शायद अब अमेरिका की सोच बदल जाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अमेरिका ने अपनी धरती पर हुए आतंकवादी हमले का बदला अफगानिस्तान और पाकिस्तान में घुस कर लिया। लेकिन जब भी उसके चहेते देश पाकिस्तान द्वारा पाले-पोसे गए आतंकवादियों ने भारत को दहलाने का काम किया। तब-तब अमेरिका आगे आकर मीठी-मीठी जुबान में भारत को शांति का पाठ पढ़ाता नजर आया।

(संतोष कुमार पाठक)

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरा भारत गुस्से में है। हर सच्चा हिंदुस्तानी पाकिस्तान से बदला लेना चाहता है, आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहता है। भारत सरकार पर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

आतंकवाद को लेकर पश्चिमी देशों का रवैया हमेशा से डबल स्टैंडर्ड वाला रहा है। अमेरिका पश्चिमी देशों के इस डबल स्टैंडर्ड यानी दोहरे मापदंड की अगुवाई करता रहा है। अमेरिका में 11 सितंबर, 2001 को हुए भयानक आतंकी हमले के बाद दुनिया को ऐसा लगा कि शायद अब अमेरिका की सोच बदल जाएगी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अमेरिका ने अपनी धरती पर हुए आतंकवादी हमले का बदला अफगानिस्तान और पाकिस्तान में घुस कर लिया। लेकिन जब भी उसके चहेते देश पाकिस्तान द्वारा पाले-पोसे गए आतंकवादियों ने भारत को दहलाने का काम किया। तब-तब अमेरिका आगे आकर मीठी-मीठी जुबान में भारत को शांति का पाठ पढ़ाता नजर आया।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पूरा भारत गुस्से में है। हर सच्चा हिंदुस्तानी पाकिस्तान से बदला लेना चाहता है, आतंकवादियों को सबक सिखाना चाहता है। भारत सरकार पर पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है।

लेकिन पाकिस्तान को आतंकवाद का ट्रेनिंग सेंटर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला अमेरिका एक बार फिर से भारत को फंसाने के लिए मैदान में उतर गया है। अपने चिर-परिचित पुराने स्टाइल में अमेरिका ने पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की, भारत का साथ देने का भरोसा दिया लेकिन कुछ ही दिन बाद पाकिस्तान की भाषा बोलते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर विवाद को 1,500 साल पुराना विवाद बता दिया। ट्रंप यहीं नहीं रुके बल्कि उन्होंने आतंकवाद से पीड़ित देश भारत और आतंकवाद को फैलाने वाले देश पाकिस्तान को एक ही पायदान पर रखते हुए दोनों ही देशों को अपना करीबी बता दिया। भारत का स्टैंड बिल्कुल साफ है कि आतंकवाद फैलाने वाले देश (पाकिस्तान) से तब तक बातचीत करने का कोई फायदा नहीं है, जब तक वह आतंकवाद को फैलाना बंद न कर दें। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बावजूद अब अमेरिका भारत को आतंकवादी देश पाकिस्तान से बातचीत करने की सलाह दे रहा है।

भारत के सख्त तेवरों को देखते हुए अमेरिका ने पाकिस्तान को बचाने के लिए शांति का राग अलापना शुरू कर दिया और अपने इस षड्यंत्र में अन्य पश्चिमी देशों की भूमिका भी तय कर दी।अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने इस मिशन को कामयाब बनाने के लिए बुधवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान,अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और पाकिस्तान दोनों से तनाव कम करने का आग्रह किया। भारत के विदेश मंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, दोनों से अलग-अलग बातचीत करने के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि, अमेरिका आतंकवाद से लड़ाई में भारत का समर्थन करता है लेकिन उसी बयान में पाकिस्तान से पहलगाम हमले की जांच में सहयोग करने का आग्रह किए जाने की बात भी कही गई है। मतलब, अमेरिका सीधे-सीधे यह कहना चाह रहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखाने की बजाय भारत को उसके साथ मिलकर जांच करनी चाहिए।

पहलगाम में 22 अप्रैल, 2025 को जब आतंकवादी भारत के निर्दोष नागरिकों पर गोलियां बरसा रहे थे। उस समय अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत के दौरे पर ही थे। इस आतंकी हमले के कारण, भारत दौरे के दौरान उनके कई कार्यक्रमों को रद्द भी करना पड़ा था। भारत यात्रा के दौरान ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने आगरा से प्रधानमंत्री मोदी के साथ फोन पर बातचीत की और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। वेंस ने जानमाल के नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए वादा किया था कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। लेकिन अमेरिका पहुंचते ही उनके भी सुर बदल गए।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने गुरुवार को भारत को नसीहत देते हुए यह कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत युद्ध नहीं भड़काएगा। भारत को नसीहत देते हुए जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि उन्हें आशा है कि भारत इस आतंकवादी हमले का जवाब इस तरह से दे जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष न हो और वे आशा करते हैं कि पाकिस्तान, जिस हद तक वो जिम्मेदार है, भारत के साथ सहयोग करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कभी-कभी उनके क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों का पता लगाया जाए और उनसे निपटा जाए। गुरुवार को ही अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने भी भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से फोन पर बातचीत कर शांति का पाठ पढ़ाने का प्रयास किया। अमेरिका से आने वाले हर बयान का संदेश बिल्कुल साफ नजर आ रहा है कि भारत पाकिस्तान पर हमला न करे और पहलगाम आतंकी हमले की पाकिस्तान के साथ मिलकर सयुंक्त जांच करे।

दरअसल, अमेरिका एक साथ कई मोर्चों पर भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है और इस अभियान में अपने मित्र देशों का भी भरपूर सहयोग ले रहा है। अमेरिका से पहले, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने रविवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इशाक डार से बात की थी। बातचीत के दौरान, ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने भी भारत को शांति और बातचीत का पाठ पढ़ाने का प्रयास किया था।

अमेरिका क्यों हर बार पाकिस्तान को बचाने के लिए भारत को शांति का पाठ पढ़ाने के लिए मैदान में उतर जाता है, यह पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा हाल ही में किए गए खुलासे से समझा जा सकता है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में यह बड़ा खुलासा किया था कि पाकिस्तान पिछले तीन दशकों से आतंकवाद फैलाने जैसा गंदा काम अमेरिका और ब्रिटेन के लिए कर रहा है।

ऐसे में अब भारत की वर्तमान सरकार के सामने एक साथ कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। पाकिस्तान को सबक भी सिखाना है, आतंकवादियों को खत्म भी करना है और इसके साथ ही आतंकवाद पर दोहरा मापदंड रखने वाले अमेरिका जैसे देशों की चालबाजियों और दबाव से भी बचना है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

नींद में दिमाग कैसे काम करता है? पर्याप्त नींद के अभाव में मनोभ्रंश का जोखिम अधिक

(ज्योति भास्कर)

हाल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, जिन लोगों की पर्याप्त नींद नहीं होती, उनको मनोभ्रंश का जोखिम ज्यादा होता है। तीस-चालीस की उम्र में नींद काफी बाधित होती है, इससे स्मृति व काम की क्षमता प्रभावित होती है, जिसका असर एकाध दशक बाद दिखता है। ऑस्ट्रेलियाई मनोवैज्ञानिक पेज मैथ्यू कहते हैं, 'गहरी नींद और आरईएम आपके दिमाग को थकान और तनाव से 'ठीक करने' तथा स्मृति को मजबूत करने में मदद करती हैं।'

अच्छी नींद इस पर निर्भर नहीं करती कि तेरह से सत्रह साल बाद अल्जाइमर रोग जैसे लक्षण देखने को मिले।

गहरी नींद के कई फायदे- जब आप सोते हैं, तो आपका दिमाग लगातार अलग-अलग चरण पूरे करता है – हल्की नींद के दो चरण, जब शरीर आराम करता है और हृदय गति व तापमान कम होता है या जब नींद धीमी होती है और दिमागी गतिविधि मंद पड़ जाती है। आरईएम चरण, जब आप सपने देख रहे होते हैं। सामान्यतः दिमाग सभी चारों चरणों को पूरा करने के लिए करीब 90 मिनट का वक्त लेता है और फिर से प्रक्रिया शुरू करता है।



अच्छी नींद इस पर निर्भर नहीं करती कि आप रात में कितने घंटे सोए। अच्छी नींद का मतलब है कि आप सुबह उठकर तरोताजा महसूस करें और दैनिक काम के लिए तैयार हो जाएं।

आप रात में कितने घंटे सोए। अच्छी नींद का मतलब है कि आप सुबह उठकर तरोताजा महसूस करें और दैनिक काम के लिए तैयार हो जाएं। अच्छी नींद स्वस्थ दिमाग के लिए महत्वपूर्ण है। जिन लोगों की नींद बाधित होती है, उनमें डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का उच्च जोखिम रहता है, बजाय उन लोगों के, जिन्हें नींद संबंधी कोई शिकायत नहीं है।

तीस-चालीस की उम्र में लोगों की नींद काफी बाधित होती है- खराब नींद कई तरह से दिमाग को नुकसान पहुंचाती है। एक अध्ययन में पता चला है कि तीस-चालीस की उम्र में लोगों की नींद काफी बाधित होती है, इससे स्मृति व काम करने की क्षमता प्रभावित होती है, जिसका असर एकाध दशक बाद दिखता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि गहरी नींद व रैपिड आई मूवमेंट (आरईएम) दिमागी स्वास्थ्य के लिए बेहतर हैं। बीते महीने प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, वैज्ञानिकों ने एमआरआई जांच से पता किया कि गहरी नींद और आरईएम में कमी से ऑस्ट्रेलियाई मनोवैज्ञानिक पेज मैथ्यू कहते हैं, 'गहरी नींद और आरईएम आपके दिमाग को थकान और तनाव से 'ठीक करने' तथा स्मृति को मजबूत करने में मदद करती हैं।'

अल्जाइमर समेत कई दिमागी समस्याएं होने का जोखिम- गहरी नींद में आपका दिमाग चयापचय और हार्मोन को दुरुस्त करता है, और दिमाग में से कचरे को निकालता है। आरईएम वह समय होता है, जब आपका मस्तिष्क भावनाओं और नई जानकारी को संसाधित करता है, जो आपने जागृत अवस्था में प्राप्त की थी। विशेषज्ञों के अनुसार, गहरी नींद और आरईएम में विघ्न पड़ने से अल्जाइमर समेत कई दिमागी समस्याएं होने का जोखिम रहता है।

ऐसे स्वस्थ रहेगा हमारा दिमाग- दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए करीब सात घंटे की नींद लें, जिससे गहरी नींद और आरईएम के चार से सात?चरण पूरे हो सकें। जो लोग लगातार छह घंटे से कम सोते हैं, उनको 50, 60 और 70 की उम्र में मनोभ्रंश का जोखिम अधिक रहता है।

जातिगत गणना

असल समस्या तो अब शुरू होगी, राह में आएगी सामाजिक और विभाजक शक्तियों की दीवार

अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति से भारत में धर्म और जातियों के विभाजन को बढ़ावा दिया था। साल 1901 की जनगणना में 1,646 और साल 1931 की जनगणना में कुल 4,147 जातियों की संख्या बताई गई थी। साल 1931 की जनगणना के अनुसार, 52.4 फीसदी ओबीसी, 22.6 फीसदी अनुसूचित जाति/जनजाति, 17.6 फीसदी अगड़ी जातियां और 16.2 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग थे। मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी।

(विराग गुप्ता)

'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, लेकिन जाति जनगणना पर अमल के लिए कई सांविधानिक व सामाजिक चुनौतियों से जूझना होगा। साथ ही, विभाजक शक्तियां प्रबल होंगी, जिससे एआई के युग में भारत अपनी जनसांख्यिकी के लाभ से वंचित रह सकता है।

वर्ष 1965 में पाकिस्तानी हमले के खिलाफ देशवासियों को एकजुट करने के लिए प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक वक्त का भोजन त्याग के साथ 'जय जवान जय किसान' का अमर नारा दिया था, लेकिन पहलगाम में पाकिस्तानी हमले के बाद पक्ष-विपक्ष के नेता धर्म और जाति के वोट बैंक की सियासत में मग्न हैं। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने अप्रैल, 2021 में जनगणना में जातियों का डाटा इकट्ठा करने की बात सरकार से कही थी, लेकिन जुलाई 2021 में केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि जातिगत जनगणना कराने का कोई इरादा नहीं है। उसके बाद नवंबर, 2023 में विकसित भारत की संकल्प यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, महिला, किसान और युवा चार जातियों का जिक्र किया था। प्रवासी श्रमिकों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने भारत में गरीबों की बढ़ती आबादी पर हैरानी जताई है।

अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की नीति से भारत में धर्म और जातियों के विभाजन को बढ़ावा दिया था। साल 1901 की जनगणना में 1,646 और साल 1931 की जनगणना में कुल 4,147 जातियों की संख्या बताई गई थी। साल 1931 की जनगणना के अनुसार, 52.4 फीसदी ओबीसी, 22.6 फीसदी अनुसूचित जाति/जनजाति, 17.6 फीसदी अगड़ी जातियां और 16.2 फीसदी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग थे। मंडल कमीशन की रिपोर्ट अविभाजित भारत के 50 साल पुराने इन्हीं आंकड़ों पर आधारित थी। 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के नारे से वोट बैंक की फसल अच्छी कटती है, इसलिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर सभी दलों के नेता उत्साहपूर्ण तरीके से सहमत हैं।

यूपीए सरकार के दौरान साल 2011 में जनगणना के बाद सामाजिक और आर्थिक नजरिये से जातियों की गणना हुई थी। कई रिपोर्टों के अनुसार, उस सर्वे में 46 लाख से ज्यादा जातियों का विवरण था। इसलिए वह रिपोर्ट पूरे तौर पर कभी प्रकाशित ही नहीं हुई। जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय लिस्ट में लगभग 2,633, जबकि राज्यों में लगभग 3,651 ओबीसी जातियां शामिल हैं। केंद्र सरकार मोबाइल और एप के माध्यम से डिजिटल जनगणना कराने का दावा कर रही है। 2011 की जनगणना में लगभग 25 लाख सरकारी शिक्षकों और कर्मियों की ड्यूटी के साथ लगभग 2,200 करोड़ रुपये का खर्च हुए थे।?साल 2019 में जनगणना के मद में लगभग 8,754 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान था, जो अब बढ़ गया होगा। उसके बावजूद 2025-26 के बजट में जनगणना के मद में केंद्र सरकार ने सिर्फ 574 करोड़ रुपये का प्रावधान किया। 16वीं जनगणना के लिए निर्धारित फॉर्म में बीसवां नया कॉलम बढ़ाने और 2011 की अप्रकाशित रिपोर्ट की गलतियों से बचने के लिए केंद्र सरकार को राज्यों के साथ मिलकर जातियों व उपजातियों की लिस्ट को अंतिम रूप देना होगा। इस प्रक्रिया में विपक्ष शासित राज्यों से समुचित विमर्श से जाति के नाम पर सामाजिक असंतोष को भड़काने वाली ताकतों को नियंत्रित रखना बड़ी चुनौती होगी। मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईडब्ल्यूएस के साथ कई राज्यों में ओबीसी आरक्षण का लाभ मिलता है। जनगणना में मुस्लिम समुदाय में जातियां के सर्वे पर भी कानूनी विवाद हो सकते हैं। सरकार की तरफ से सशक्तीकरण और समावेशी विकास के दावे किए जा रहे हैं, पर इसे सफल बनाने के लिए सरकार को चार बड़ी सांविधानिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, पहला-संविधान में आबादी के अनुसार विधायकों और सांसदों की सीटों का निर्धारण होता है, जिसे परिसीमन कहते हैं। दक्षिण के राज्य 1971 की पुरानी आबादी के अनुसार परिसीमन की मांग कर रहे हैं, जिसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। परिसीमन पर क्षेत्र और भाषा के आधार पर विवाद को रोकने के लिए सरकार जनगणना के फैसले को टाल रही है। उस फॉर्मूले के अनुसार, जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने में भी विलंब हो सकता है।

दूसरा-संविधान के 106वें संशोधन से विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटों का आरक्षण मिला था। सुप्रीम कोर्ट की महिला जज और संभावित आगामी चीफ जस्टिस बीवी नागरत्ना ने महिला आरक्षण को जल्द लागू करने की मांग दोहराई है। सरकारी दावों के अनुसार, यदि 2026 में जनगणना पूरी हो गई, तो 2029 के आम चुनाव में महिला आरक्षण लागू करने का दबाव बढ़ेगा।

संक्षिप्त समाचार

आर.पी. शर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुआ कैंपस प्लेसमेंट

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पटना शहर के सगुना मोड़ स्थित आर.पी. शर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नुवोको विस्टास कोर्प लिमिटेड के द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन दिनांक 14.04.2025 को किया गया। प्लेसमेंट अधिकारी प्रो० जितेन्द्र कुमार ने बताया कि बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग एवं डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट प्रकिया में भाग लिया। अब तक दस विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनियत विद्यार्थियों- साहिल, सूरज, रौशन, रिशव, आर्दश निखिल, आदित्य, रिया, निशांत, अर्पित को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के उप प्राचार्य प्रो० विनय कुमार ने चयनियत विद्यार्थियों को बधाई दी।

शिक्षक की गिरफ्तारी के खिलाफ स्कूली बच्चों ने किया सड़क जाम

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। मध्य विद्यालय महुअर के शिक्षक दीपक की गिरफ्तारी के बाद शिक्षक के पक्ष में उतरे स्कूली बच्चों ने रविवार की सुबह बगहा सेमरा मुख्य पथ को महुअर चौक के पास जाम कर दिया। स्कूली बच्चों का कहना था कि उनके शिक्षक दीपक को जानबूझकर फसाया जा रहा है। बच्चों के द्वारा सेमरा बगह पथ को जाम करने की सूचना पर पहुंची सेमरा थाने की पुलिस ने स्कूली बच्चों को समझा कर मामले में जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद बच्चे एवं ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और लोग सड़क से हटे। जिसके बाद उक्त सड़क पर आवागम शुरू हुआ। इस दौरान करीब 1 घंटे तक बगहा सेमरा मुख्य पथ जाम रहा। गौरतलब हो कि शनिवार को स्कूल की एक छात्रा कि अभिभावक ने शिक्षक दीपक पर छात्र के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाकर स्कूल में जमकर हंगामा किया। इस दौरान छात्रा के परिजनों ने शिक्षक के साथ मारपीट भी किया। इसकी सूचना पर पहुंचे सेमरा थाने की पुलिस ने शिक्षक दीपक कुमार को हिरासत में लेकर उसे पूछताछ के लिए महिला थाने को सुपुर्द कर दिया। रविवार को जब इसकी सूचना स्कूल के बच्चों को मिली तो वे एकजुट होकर अपने शिक्षक को मुक्त करने की मांग करते हुए सड़क को जाम कर दिया। स्कूली बच्चों का कहना था कि उनके शिक्षकों को एक षड्यंत्र के तहत फसाया जा रहा है। इस बाबत सेमरा थानाध्यक्ष ने बताया कि बच्चों को समझा बूझकर सड़क से हटा दिया गया है। आवागमन चालू हो गया है एवं मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

आजाद समाज पार्टी ने की जिला कमेटी की घोषणा

छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने अपनी सारण जिला इकाई की नई कमिटी की घोषणा कर दी है। जिला अध्यक्ष शेख नौशाद ने शनिवार को पदाधिकारियों की सूची जारी करते हुए बताया कि आने वाले समय में पार्टी जिले में कई बड़े कार्यक्रम और आंदोलन करेगी। पार्टी वक्फ संशोधन विधेयक 2024, जिसे पार्टी "काला कानून" मानती है, और महाबोधि महावीर मुक्ति आंदोलन के समर्थन में एक रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह रथ यात्रा गांव-गांव व टोला-टोला जाकर लोगों को जागरूक करेगी। नई जिला कमिटी में इम्तियाज उर्फ गुड्डू खान को उपाध्यक्ष, दिनेश राम, शेख मुश्ताक, कादिर हुसैन, सुरेश प्रभु, मोहम्मद करीम को महासचिव, सोनू कुमार, दिलखुश, वहाब खान, अजीत कुमार मांझी को सचिव व नासिर रजा खान को प्रवक्ता बनाया गया है। वहीं युवा टीम में सुन्दर कुमार, अखिलेश राव, सिंटू कुमार व अभिषेक कुमार को शामिल किया गया है। जिलाध्यक्ष शेख नौशाद ने कहा कि पार्टी वंचित, पिछड़े व शोषित तबकों की आवाज है और सामाजिक न्याय की लड़ाई को पूरी ताकत से लड़ेगी।

डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत शिविर की तैयारी तेज, डीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

छपरा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता। डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत जिले में आयोजित होने वाले विशेष शिविर की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी अमन समीर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्री-कैम्प की गतिविधियों को गंभीरता से संचालित किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके। डीएम श्री समीर ने स्पष्ट किया कि प्री-कैम्प के दौरान प्राप्त आवेदनों की संख्या अधिक होनी चाहिए और उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग द्वारा शिथिलता बरती गई या आवेदनों की संख्या में गिरावट देखी गई तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी, जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीओ व बीडीओ शामिल हुए।

'बिहार टीचर्स सेल्फ सपोर्ट टीम' का गठन

छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार में शिक्षकों के आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ह्यबिहार टीचर्स सेल्फ सपोर्ट टीमह्ल का शुभारंभ किया गया है। यह मंच राज्य के सभी प्रकार के शिक्षकोंः नियमित, नियोजित, विद्यालय शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक व प्रधानाध्यापकों के लिए एक स्वैच्छिक व निःशुल्क सदस्यता संगठन है। टीम के संस्थापक व अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन का मूल मंत्र है- "जो सहयोग करेगा, वही सहयोग का पात्र होगा।" इसके तहत किसी सदस्य की मृत्यु होने पर सभी सदस्य 100 रुपये की सहयोग राशि उनके परिजनों को देंगे। बताया गया कि सदस्य बनने के लिए शिक्षकों को संगठन की वेबसाइट पर पंजीकरण कर टेलीग्राम समूह से जुड़ना अनिवार्य होगा। संगठन ने पारदर्शी नियमावली भी तैयार की है, जिससे हर सदस्य को समान अवसर और सहयोग प्राप्त हो सके। यह पहल शिक्षकों के बीच सहयोग व भरोसे का माहौल विकसित करेगी।

एसडी पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन

मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक के महावीर चौक पर रविवार को एसडी पैथोलॉजी लैब का भव्य उद्घाटन हुआ। फीता काटकर उद्घाटन इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, डॉ शैलेन्द्र सिंह, डॉ चंदन और डॉ अवनिंद्र शरण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में डॉ स्नेहा अदिति ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए लैब की विशेषताओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लैब में अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त उपकरण लगाए गए हैं और सभी प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध है। जांच विशेषज्ञ तकनीशियनों द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पटना में उनका एक और उच्च स्तरीय जांच केंद्र है, जिससे यहां जांच की विश्वसनीयता की पूरी गारंटी दी जाती है। इसके अलावा जो जांचें यहां नहीं हो सकतीं, उनके लिए कलेक्शन सेंटर की सुविधा भी उपलब्ध है।

पिकअप की चपेट में आने से तीन बाइक सवार घायल

मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक थाना क्षेत्र के लखनपुर में रविवार को एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को बीडीसी सदस्य किमी देवी की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मशरक में भर्ती कराया गया। घायलों में गोपालगंज के कररिया गांव निवासी कयामुद्दीन की पत्नी तहाना खातून (40), पुत्र ईमाम बाबू (18) व बैकुंठपुर के कतालपुर गांव निवासी अजमुल्लाह की पत्नी रेहाना खातून (45) शामिल हैं। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया। बीडीसी सदस्य किमी देवी ने बताया कि सभी लोग रिश्तेदारी में जा रहे थे, तभी पिकअप की चपेट में आ गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पिकअप व बाइक को जब्त कर लिया है । पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

इंफिनिटी लाइब्रेरी कंप्यूटर नामक संस्थान का उद्घाटन

कार्यक्रम में सिन्दरी विधायक एवं सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष की रही उपस्थिति

टुण्डी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिन्दरी विधायक चन्द्रदेव महतो एवं सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष जाहिद हुसैन की संयुक्त उपस्थिति में आज रविवार को करीब ग्यारह बजे इंफिनिटी लाइब्रेरी कंप्यूटर नामक संस्थान का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूहों को संबोधित करते सिन्दरी विधायक ने कहा कि इस कंप्यूटर आधारित लाइब्रेरी से सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अध्ययनरत छात्र छात्राओं को यह संस्थान उज्जवल भविष्य के लिए सहायक सिद्ध होगा तथा मेरे द्वारा हरसंभव मदद कर इस संस्थान को बढ़ाने का काम किया जायेगा ताकि यहां के युवाओं शिक्षा ग्रहण करने में किसी प्रकार की रूकावट नहीं हो।साथ ही सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जाहिद हुसैन ने इंफिनिटी लाइब्रेरी कंप्यूटर संस्थान के उद्घाटन समारोह में दिल खोलकर दरियादिली दिखाई तथा कहा कि आज माननीय विधायक एवं मेरे द्वारा इस संस्थान का उद्घाटन किया गया आने वाले दिनों में यह संस्थान सचमुच में बच्चों के लिए एक अच्छे भविष्य और रोजगार परक शिक्षा देने में मील का पत्थर साबित होगा साथ ही यहां से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की प्राप्ति कर बच्चे अच्छे रोजगार पाने में सफल हो सकेंगे। मौके पर सिन्दरी विधायक चन्द्रदेव महतो, सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जाहिद हुसैन, सर्वोच्च मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश सचिव मोहम्मद सफी साहब,पंडुगी मुखिया मोहम्मद अख्तर अंसारी, झारखंड पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल नंदलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि प्रेम महतो, इंफिनिटी लाइब्रेरी कंप्यूटर संस्थान की प्रिंसिपल हाजी खलील अंसारी,सी आर पी सतार अंसारी,मोदिन अंसारी,मो शकील अंसारी,मो महमूद आलम समेत बड़ी संख्या में शिक्षा से जुड़े लोग उपस्थित थे।

पाकिस्तानियों व बांग्लादेशियों को पलामू से बाहर करने को ले भाजपा का मार्च आज

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पाकिस्तानी व बांग्लादेशी नागरिकों को पलामू से बाहर करने को लेकर पलामू भाजपा 5 मई को समाहरणालय परिसर में मार्च करेगी। इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी शिव कुमार मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि 5 मई सोमवार पूर्वाहन 11.30 बजे मेदिनीनगर मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर में पलामू भाजपा पैदल मार्च निकालेगी। पैदल मार्च के माध्यम से पलामू जिले में रह रहे पाकिस्तानियों व बांग्लादेशियों को शीघ्र पहचान कर अविलंब कार्रवाई करने की मांग राज्यपाल व मुख्यमंत्री से की जाएगी। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी पलामू के उपायुक्त को ज्ञापन सौपेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने नशा उन्मूलन व अंधविश्वास के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

कानूनी जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन ● बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा व बुजुर्ग हुए शामिल

DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, PALAMU

मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार नावाबाजार प्रखंड के कंडा पंचायत के बिचला टोला में रविवार को एक विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन पीएलवी सुमंत कुमार मेहता ने किया।

डीएलवी सुमंत कुमार ने ग्रामीणों को नशा उन्मूलन से संबंधित जानकारिया देकर उन्हें जागरूक किया। सुमंत मेहता ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि यह सामाजिक व आर्थिक रूप से कमजोर करता है। नशे की लत से व्यक्ति मानसिक, शारीरिक व पारिवारिक तौर पर संकट में फंस जाता है। समाज को इससे मिलकर लड़ने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में अंधविश्वास व डायन बिसाही जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ भी लोगों को जागरूक किया गया। बताया कि किसी भी महिला को डायन कहना कानूनन अपराध है। ऐसा करने वाले को सजा हो सकती है। कानून की नजर में डायन जैसी कोई बात नहीं होती है । यह सिर्फ अंधविश्वास है। इसे दूर करना जरूरी है। शिविर में स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी भी दी गई। कहा कि अनाथ बच्चे को सरकार चार रुपये प्रति माह की सहायता देती है। उन्होंने ग्रामीणों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा सुमन कुमार मेहता ने बताया कि ऐसे पारिवारिक व सामाजिक विवाद जो आपसी समझौते से सुलझाए जा सकते हैं, उन्हें सुलह के माध्यम से निपटाया जाना चाहिए। जिन मामलों में सुलह संभव नहीं है व मुकदमा लड़ना जरूरी है, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। यह सुविधा विशेष रूप से गरीब, असाध्य रोग से पीड़ित, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक व आपदा पीड़ितों के लिए है। मौके पर वार्ड सदस्य केदार राम, अनिल कुमार सिंह, नीतीश कुमार, प्रदीप मोची, विकाश कुमार रवि, सुनील राम, अजय अनाड़ी, सुदामा राम, सरिता देवी, रीता कुंवर, मानो कुंवर सहित बड़ी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे।

साइबर अपराध के नियंत्रण के लिए करें विशेष टीम गठित : पुलिस अधीक्षक

● पलामू पुलिस अधीक्षक ने की क्राइम मीटिंग, अपराध नियंत्रण सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई गहन चर्चा

मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पलामू पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में रविवार को क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने की। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी व अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या व साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गई। संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने व पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने व लोगों को जागरूक करने को ले चर्चा की। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने व त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएं। इसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव व आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग करने के तरीके को ले जागरूक करें। कहा कि पुलिस आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता व त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक करेगी। पुलिस अधीक्षक ने मादक पदार्थों की तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने व संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्देश दिया। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने व जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया।

आम लोगों का भरोसा जीते पुलिस

पुलिस अधीक्षक में आम लोगों का भरोसा जीतने को निर्देशित किया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं। साथ ही लोगों का भरोसा जीतने के लिए नियमित जनसंपर्क अभियान चलाएं। हम लोगों का भरोसा जीतने से अपराध पर शिकंजा कसा जा सकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने- अपने थाना क्षेत्रों में चल रहे सरकारी कंस्ट्रक्शन साइटों का निरीक्षण करें। वहां उपस्थित ठेकेदारों व मुंशियों के साथ बैठक करें। साथ ही उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर, निर्माण स्थलों पर पुलिस बल की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई करें।

परसागढ़ के पूर्व सरपंच व पत्रकार विजय के पिता धर्मनाथ सिंह का निधन, जतायी शोक संवेदना

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। एकमा प्रखंड के परसागढ़ बाजार निवासी पूर्व सरपंच, पैक्स अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी धर्मनाथ प्रसाद सिंह (86) का शनिवार को हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वे एक हिंदी दैनिक अखबार से जुड़े पत्रकार विजय कुमार सिंह के पिता थे। उनके निधन से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी पाकर क्षेत्र के लोग उनके अंतिम दर्शन व श्रद्धांजलि देने उनके घर पहुंचते। परिजनों के अनुसार प्रतिदिन की तरह वे सुबह मॉर्निंग वॉक करने के बाद नाश्ता कर अखबार पढ़ रहे थे, तभी अचानक उनकी धड़कनें तेज हो गईं। परिजन तत्काल उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। धर्मनाथ सिंह तत्कालीन बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र व बनियापुर की पूर्व विधायक उमा पांडेय के करीबी माने जाते थे। उन्होंने करीब 22 वर्षों तक परसागढ़ पंचायत के सरपंच, पैक्स अध्यक्ष व 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दी थीं। उनके निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर रिविलगंज के सेमरिया घाट ले जाया गया, जहां उनके बड़े पुत्र नागेंद्र सिंह ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के साथ वे पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके निधन पर क्षेत्र में गहरी शोक की लहर है। जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों व पत्रकारों सहित कई गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में विधायक श्रीकांत यादव, राजद नेता सुभाष यादव, अवधेश यादव, जितेन्द्र यादव, कन्हैया यादव, अहमद अली, श्रीभगवान राय, मनोज कुमार, पत्रकार मोतीचंद प्रसाद, के के सिंह सेंगर, देवेंद्र कुमार सिंह, देवकुमार शर्मा, रामेश्वर गोप, सुनील पंडित, विनीत कुमार, अमित कुमार, नागेंद्र राय, संजीत कुमार, संजय सिंह, रीतिक कुमार, निपुण सिंह, मनमोहन पांडेय आदि अन्य लोग शामिल हैं।

दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन सुनिश्चित

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सिविल सर्जन, सिवान द्वारा प्रखंड स्तरीय कैंपों से रेफर किए गए दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड का गठन भी सुनिश्चित किया जाएगा।जिले के जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य मेडिकल कैंपों के सफल आयोजन हेतु सभी प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य डॉक्टरों की उपलब्धता एवं उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। साथ ही इस कार्य हेतु आपसी समन्वय भी स्थापित करेंगे।प्रखंडों में कैंपों के सफल आयोजन एवं कैंपों तक दिव्यांग बच्चों की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड स्तर पर सभी प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संयुक्त रूप से नोडल पदाधिकारी होंगे।उनके द्वारा इस कार्यक्रम के सफल निष्पादन हेतु पारा लीगल वालंटियर, आंगनबाड़ी सेविका, आशा वर्कर सभी जन प्रतिनिधियों आदि की सहायता ली जाएगी।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रखंड स्तर पर सभी संबंधितों के साथ समन्वय बैठक कर संपूर्ण कार्यक्रम का अनुश्रवण करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया है। वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा दिव्यांगता पहचान शिविर में उपस्थित सभी दिव्यांग बच्चों से संपूर्ण संबंधित संपूर्ण आंकड़ों का संग्रहण एवं संधारण सुनिश्चित किया जाएगा। तत्पश्चात उनके द्वारा संपूर्ण आंकड़ों को जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी संबंधित आंकड़ों को सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सिवान को उपलब्ध कराएंगे और दिव्यांगता पहचान शिविर के सफल आयोजन हेतु सभी विद्यालयों एवं उनके पोषक क्षेत्र में समुचित प्रचार प्रसार सुनिश्चित करेंगे। सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, सिवान द्वारा कैंपों में आए हुए दिव्यांग बच्चों से संबंधित आंकड़ों को प्राप्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु सभी संबंधितों के साथ साझा किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग एवं राज्य बाल संरक्षण समिति द्वारा दिव्यांगता पहचान शिविर के सफल आयोजन एवं उनमें दिव्यांग बच्चों की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु समुचित माध्यमों से प्रचार प्रचार सुनिश्चित किया जाएगा।

पत्नी की हत्या कर शव को खेत में ले जाकर दफना दिया, गिरफ्तार

धनबाद /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। राजगंज थाना क्षेत्र के कानाटांड़ गांव में शनिवार सुबह मनबोध पंडित उर्फ मनबोध कुम्हार ने अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी (27) की हत्या गला घोंटकर कर दी. फिर घर के पीछे आधा किमी दूर स्थित खेत के आगे झाड़ियों में गड्ढा में अकेले शव को ले जाकर दफना दिया. सूचना पाकर उसके मायके वाले कानाटांड़ पहुंचे और हंगामा किया. मायके वालों ने उसके साथ मारपीट की, तो उसने कबूल किया कि उसी ने गला घोंटकर कर उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाया है. उसने बताया कि उसे शक था कि लक्ष्मी देवी का प्रेम प्रसंग अन्य के साथ था. उसी कारण उसने घटना को अंजाम दिया. सूचना पर पहुंची राजगंज थानेदार अलिशा कुमारी पहुंची और पति को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के समक्ष भी उसने अपराध कबूल किया.

चंद्रपुरा की बेटी थी लक्ष्मी, बड़ी बहन है गोतनी

मृतका चंद्रपुरा प्रखंड की नर्रा पंचायत के स्व उत्तम पंडित व स्व उषा देवी की बेटी थी. वह पांच बहनों में दूसरे नंबर पर थी. आठ वर्ष पूर्व बिनोद कुम्हार के पुत्र मनबोध से उसकी शादी हुई थी.

रिविलगंज में 25 फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण

प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिविलगंज, सारण

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। उपेक्षित उष्णकटिबंधीय बीमारी फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों को राहत व सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में रिविलगंज प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक सराहनीय पहल की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत रोगी हितधारक मंच के सहयोग से 5 मरीजों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र हेतु ग्रेडिंग (शारीरिक मूल्यांकन) किया गया, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा लाभों का पूरा अधिकार मिल सके।

25 मरीजों को वितरित की गई एमएमडीपी किटः

सिताब दियरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में 25 हाथीपांव (फाइलेरिया) पीड़ितों के बीच एमएमडीपी किट (रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता निवारण किट) का वितरण किया गया। इसमें स्वच्छता संबंधी सामग्री, एंटीसेप्टिक क्रीम, तौलिया, साबुन, मग, गमला, चप्पल आदि शामिल थे। इस अवसर पर मरीजों को सेल्फ केयर संबंधी जानकारी भी दी गई। डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित सफाई से संक्रमण का खतरा कम होता है और सूजन में भी राहत मिलती है। साथ ही मरीजों को आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

5 से 15 वर्ष में दिखते हैं लक्षणः

डॉ. कुमार ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से यह रोग फैलता है और इसके लक्षण आमतौर पर 5 से 15 वर्ष के भीतर सामने आते हैं। इसमें हाथ-पैर या अंडकोष में सूजन हो जाती है, जबकि महिलाओं में स्तन के आकार में परिवर्तन देखा जा सकता है।

पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म का गठनः

रिविलगंज प्रखंड के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म (पीएसपी) का गठन किया गया है। सहयोगी संस्था सीफार के प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बताया कि यह एक सामुदायिक मंच है जिसके माध्यम से मरीज सीधे स्वास्थ्य सेवाओं, योजनाओं, दवाओं, प्रमाण पत्र और पेंशन जैसी सुविधाओं तक पहुंच बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई फाइलेरिया मरीजों ने पीएसपी की मदद से इलाज, प्रमाण पत्र और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी आवश्यक सेवाएं प्राप्त की हैं और अब सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं।

कार्यक्रम में इनकी रही सहभागिताः

इस कार्यक्रम में प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार जयसवाल, बीसीएम रितु कुमारी, वीबीडीएस घनश्याम यादव, जीएनएम सुंदरम कुमारी, एएनएम इन्दू कुमारी, निभा कुमारी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी, जीविका सीएम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। जागरूकता हेतु वीडियो प्रदर्शन भी किया गया।

देश में अभी भी करोड़ों मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं

राज्य सम्मेलन में प्रतिनिधि सत्र का आयोजन

बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बिहार राज्य विधालय रसोईया यूनियन एटक के राज्य सम्मेलन के अवसर पर प्रतिनिधि सत्र का उदघाटन एटक के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधान पार्षद उषा सहनी ने किया। उन्होंने देश में मजदूरों की बिगडती हालत की चर्चा करते हुए कहा कि इस देश में करोड़ असंगठित क्षेत्र के मजदूर है जिन्हें जीवन यापन लायक भी मजदूरी नहीं मिल रही है। दूसरी तरफ सरकार मजदूरों के सभी तरह के लोकतांत्रिक एवं ट्रेड यूनियन अधिकारो को समाप्त करने पर तुली हुई है। सरकार ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता भी करना नहीं चाहती। आज रसोईया जो देश के बच्चों को कुपोषण से बचाने का काम कर रही है आज उसी रसोईया के परिवार के बच्चे कुपोषण एवं बिमारियों के शिकार हो रहें हैं। सम्मेलन को बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के महासचिव कुमार विन्देश्वर, आशा संघ के राज्य सचिव कौशलेन्द्र वर्मा, एटक के राज्य अध्यक्ष गजनफर नवाब, महासचिव अजय कुमार ने सम्मेलन की सफलता की कामना की।

प्रथम राज्य सम्मेलन
इंकलाब जिन्दाबाद !
बिहार राज्य विद्यालय रसोईया यूनियन (एटक)
का
प्रथम राज्य सम्मेलन
दिनांक - 3-4 मई 2025

एलआईसी ने टाटा ग्रुप की कंपनी के खरीदे 25 करोड़ शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। एलआईसी ने टाटा स्टील (में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। रेगुलेटरी पर मौजूद जानकारी के अनुसार एलआईसी ने टाटा स्टील के 25 करोड़ शेयर खरीदे हैं। इस हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद अब एलआईसी के पास टाटा स्टील का 7 प्रतिशत से अधिक हिस्सा हो गया है।

एलआईसी की टाटा स्टील में हिस्सेदारी 7 प्रतिशत के पार– एक्सचेंज पर मौजूद जानकारी के अनुसार दिसंबर तिमाही तक टाटा स्टील में एलआईसी की हिस्सेदारी 5.83 प्रतिशत है। अब 2 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाने के बाद 7.85 प्रतिशत हो गई है। फाइलिंग के अनुसार एलआईसी के पास टाटा स्टील के 728784890 शेयर थे। अब 2,51,266,188 शेयर खरीदने के पास एलआईसी की टाटा स्टील की हिस्सेदारी 9,80,051,078 शेयर हो गए हैं। बता दें, इस कंपनी में टाटा संस की हिस्सेदारी 31.80 प्रतिशत है।

शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा?

पिछले 3 महीने के दौरान टाटा स्टील के शेयरों का भाव 6.28 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, इसके बाद भी टाटा स्टील के शेयरों का भाव एक साल में 15 प्रतिशत गिरा है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स 7.90 प्रतिशत बढ़ा है। टाटा स्टील का 52 वीक हाई 184.60 रुपये और 52 वीक लो लेवल 122.60 रुपये है।

जेनसोल इंजीनियरिंग की 6 महीने में पूरी होगी जांच, शेयर में मचा है हाहाकार

नई दिल्ली, एजेंसी। चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष इकाई आईसीएआई संकटग्रस्त जेनसोल इंजीनियरिंग लिमिटेड और ब्लूस्मार्ट मोबिलिटी के वित्तीय विवरणों की समीक्षा छह महीने में पूरी कर सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बता दें कि आईसीएआई का वित्तीय रिपोर्टिंग समीक्षा बोर्ड (एफआरआरबी) वित्त वर्ष 2023-24 के लिए दोनों कंपनियों के वित्तीय विवरणों की समीक्षा कर रहा है। यदि वित्तीय विवरणों में गंभीर अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो मामले को विस्तृत जांच के लिए आईसीएआई के अनुशासन निदेशक को तथा संबंधित नियामक निकायों को भी भेजा जाएगा।

क्या है मामला

जेनसोल इंजीनियरिंग कथित रूप से फंड की हेराफेरी और कामकाज संबंधी खामियों के लिए नियामक जांच के दायरे में आ गई है। बाजार नियामक सेबी ने पिछले हफ्ते कंपनी के प्रवर्तकों अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी को विभिन्न उल्लंघनों के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

कंपनी के बारे में– आपको बता दें कि जेनसोल इंजीनियरिंग सौर परामर्श सेवाएं, इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं तथा इलेक्ट्रिक वाहनों को लीज पर देने के व्यवसाय में शामिल है।

चीन से सामान आयात कर यूएस भेजा तो देना पड़ेगा भारी टैक्स

वाणिज्य मंत्रालय की घरेलू उद्योग को चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी। वाणिज्य मंत्रालय ने भारतीय निर्यातकों को सख्त चेतावनी दी है कि अमेरिका को माल भेजते वक्त वहां के रूल्स ऑफ ओरिजिन (उत्पत्ति के नियम) का पूरी तरह पालन करें। मंत्रालय ने कहा कि अगर चीन जैसे उच्च-शुल्क वाले देशों से उत्पाद खरीदकर पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बगैर भारत से अमेरिका भेजा गया, तो इसे ट्रांसशिपमेंट माना जाएगा। ट्रांसशिपमेंट एक देश से उत्पादों को खुद के देश में आयात करने और फिर इसे आमतौर पर बगैर खास बदलाव या मूल्य संवर्धन (उत्पाद की कीमत बढ़ाने) के दूसरे देश में निर्यात करने की प्रक्रिया है।

मंत्रालय का कहना है कि यह अमेरिका के उत्पत्ति के नियमों के खिलाफ है। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है और उन पर भारी टैक्स या प्रतिबंध लग सकते हैं।

सिर्फ असेंबली, पैकेजिंग काफी नहीं होगी

बताते चलें कि दो मई को मंत्रालय की तरफ से आयोजित एक बैठक में विशेष सचिव और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के (बीटीए) मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल ने निर्यातकों के साथ इस मुद्दे पर बात की। इसमें मंत्रालय ने निर्यातकों को अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों और मूलभूत रूपांतरण की शर्तों यानी किसी उत्पाद को वास्तव में नया रूप, उपयोग या पहचान देने के बारे में समझाया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि मूल्य संवर्धन के नियमों को स्पष्ट और तय करने की दिशा में काम होगा ताकि उद्योगों को इसे लेकर भ्रम न हो। निर्यातकों को या तो यह सुनिश्चित करना होगा कि सामान पूरी तरह भारत में बना हो या उसमें ऐसा रूपांतरण हुआ हो जिससे उसका नाम, उपयोग या स्वरूप बदले सिर्फ असेंबली, पैकेजिंग या लेबलिंग काफी नहीं होगी।

1 शेयर पर 265 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट 10 मई से पहले

नई दिल्ली, एजेंसी। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड ने डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी की तरफ से तय की गई रिकॉर्ड डेट इसी हफ्ते है। बता दें, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज की तरफ से एक शेयर पर 265 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया गया है।

हर एक शेयर पर 265 रुपये का फायदा- एक्सचेंज को दी जानकारी में ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा है कि 1 शेयर पर योग्य निवेशकों को 265 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 8 मई की तारीख को रिकॉर्ड फिक्स किया है। पिछले साल कंपनी 7 मई को एक्स-डिविडेंड ट्रेड किया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 240 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2023 में कंपनी ने एक शेयर पर 225 रुपये का डिविडेंड दिया था। 2022 में 190 रुपये का डिविडेंड कंपनी दे चुकी है। बता दें, बीएसई के डाटा के अनुसार पिछले कई साल से कंपनी के शेयर मई के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड कर रहे हैं।

शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा है?- शुक्रवार को ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर बीएसई में 8691.35 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक महीने में इस डिविडेंड देने वाले स्टॉक की कीमतों में 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। हालांकि, 2025 में ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर 31 प्रतिशत टूटा है।

एसबीआई का चौथी तिमाही का मुनाफा 10 प्रतिशत घटकर 1643 करोड़ रुपये रहा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एक शुद्ध लाभ मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 10 प्रतिशत घटकर 18,643 करोड़ रुपये रह गया। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। देश के सबसे बड़े ऋणदाता ने 2023-24 की जनवरी-मार्च अवधि में 20,698 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। एसबीआई ने नियामकीय फाइलिंग में बताया कि मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,43,876 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,28,412 करोड़ रुपये थी। तिमाही के दौरान बैंक ने 1,19,666 करोड़ रुपये की आय ब्याज से हासिल की, जबकि एक वर्ष पूर्व यह आंकड़ा 1,11,043 करोड़ रुपये था। बैंक ने परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार देखा, सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) चौथी तिमाही में कुल अग्रिमों के 1.82 प्रतिशत तक घट गईं, जो मार्च-अंत 2024 तक 2.24 प्रतिशत थीं। इसी तरह, शुद्ध एनपीए 0.57 प्रतिशत से घटकर 0.47 प्रतिशत हो गया। समेकित आधार पर, तिमाही में एसबीआई का शुद्ध लाभ 8 प्रतिशत घटकर 19,600 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 21,384 करोड़ रुपये था। हालांकि, कुल आय 1,64,914 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,79,562 करोड़ रुपये हो गई। संपूर्ण वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, बैंक ने पिछले वर्ष के 61,077 करोड़ रुपये के मुकाबले एकल आधार पर लाभ में 16 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 70,901 करोड़ रुपये की वृद्धि हासिल की।

दिग्गज अरबपति वॉरेन बफेट ने किया अचानक रिटायरमेंट का ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के दिग्गज अरबपति निवेशक और बर्कशायर हैथवे के चेयरमैन और सीईओ वॉरेन बफेट ने 94 साल की उम्र में रिटायरमेंट का ऐलान किया है। वॉरेन बफेट के इस अचानक लिए फैसले से उनके सबसे एंथूजियास्टिक फॉलोअर्स को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। वॉरेन बफेट ने ऐलान किया है कि वे इस साल 2025 के अंत तक बर्कशायर हैथवे के सीईओ के पद से हट जाएंगे। बता दें कि अरबपति निवेशक लंबे समय से कह रहे थे कि उनके लिए रिटायरमेंट संभव ही नहीं है और अब करीबन छह दशक के अध्याय को बंद करने की घोषणा की।

बफेट ने क्या कहा?

94 साल के बफेट ने कहा, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है जब ग्रेग (एबेल) को साल के अंत में कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनना चाहिए। उन्होंने बिना किसी सवाल का जवाब दिए यह घोषणा की और बताया कि केवल दो बोर्ड मेंबर - उनके बच्चों हॉवर्ड और सूजी बफेट - को पहले से बताया गया था। यहां तक ??कि मंच पर उनके बगल में बैठे ग्रेग एबेल को भी कोई पहले से इसकी जानकारी नहीं थी। फोर्ब्स के रियल-टाइम डेटा के अनुसार, बफेट की कुल संपत्ति 168.2 बिलियन डॉलर है।

वॉरेन बफेट के उत्तराधिकारी- एबेल वर्तमान में सभी नान इंश्योरेंस ऑपरेशन की देखरेख करने वाले वाइस प्रेसिडेंट हैं। एबेल ने कहा, मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं बर्कशायर का हिस्सा बनकर बहुत ही विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं, क्योंकि हम आगे बढ़ रहे हैं। बता दें कि लंबे समय से बफेट के उत्तराधिकारी के रूप में देखे जाने वाले एबेल अब बर्कशायर का पूरा कंट्रोल संभालेंगे, जिसमें इसके प्रसिद्ध इंश्योरेंस ऑपरेशन और फर्म के बड़े निवेश निर्णय शामिल हैं - दोनों पहले बफेट के पास ही थे। पद छोड़ने के बावजूद, बफेट ने शेयरहोल्डर्स को बर्कशायर के भविष्य में अपने अटूट विश्वास का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, बर्कशायर हैथवे का एक भी शेयर बेचने का मेरा कोई इरादा नहीं है। मैं इसे अंततः दे दूंगा।



संकटग्रस्त कंपनी का किया था अधिग्रहण- बता दें कि बफेट ने एक संकटग्रस्त कपड़ा कंपनी को 860 बिलियन डॉलर की निवेश दिग्गज कंपनी में बदल दिया। बफेट ने 1965 में बर्कशायर हैथवे का अधिग्रहण किया था, जब कंपनी घाटे में चल रही थी। बाद में उन्होंने उस अधिग्रहण को अपना सबसे खराब निवेश बताया। हालांकि उन्होंने पहले 7-8 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से जो शेयर खरीदे थे, अब वे 809,000 डॉलर से अधिक पर कारोबार कर रहे हैं। 1967 में नेशनल इनडेम्निटी से शुरुआत करते हुए टेक्सटाइल से बीमा की ओर उनका झुकाव उनके साम्राज्य की नींव बन गया। उस बीमा फ्लोट (जो अब 173 बिलियन डॉलर है) ने कोका-कोला से लेकर ऐपल तक के अधिग्रहणों को फाइनेंस करने में मदद की थी। बफेट 1972 में 25 मिलियन डॉलर में खरीदे गए सीज कैंडी को भी अपनी निवेश शैली बदलने का श्रेय देते हैं - जिसने उन्हें उचित कीमतों पर बढ़िया व्यवसाय पसंद करना सिखाया। उस सबक ने उन्हें प्रेसिजन कास्टपार्ट्स से लेकर बर्कशायर हैथवे एनर्जी तक की कुछ सबसे बड़ी जीत दिलाई, जिसने पिछले साल 3.7 बिलियन डॉलर से अधिक का मुनाफ़ा कमाया।

कम वैल्यू वाली कंपनियों पर दांव लगाना पसंद- कम वैल्यू वाली कंपनियों को खरीदने के लिए बफेट की आदत मशहूर है। उन्होंने कोका-कोला, अमेरिकन एक्सप्रेस और बैंक ऑफ अमेरिका के बुरे दौर में उसमें निवेश किया और अरबों डॉलर का मुनाफा और डिविडेंड कमाया। 2016 में ऐपल के साथ तकनीक की ओर उनका झुकाव - जो शुरू में 31 बिलियन का दांव था - बढ़कर .174 बिलियन से अधिक हो गया। फिर बीवायडी आया, चीनी इची निर्माता बफेट ने 2008 में चार्ली मुंगेर की सलाह पर काम किया; इसने अपने चरम पर 232 मिलियन को 9 बिलियन से अधिक में बदल दिया।

14 कंपनियां इस हफ्ते ट्रेड करेंगी एक्स डिवीडेंट, लिस्ट में कई चर्चित नाम भी

नई दिल्ली, एजेंसी। इस हफ्ते 14 कंपनियां एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड भी है। ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज की तरफ से एक शेयर पर 265 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। आइए जानते हैं सभी कंपनियों के विषय में -

5 मई को कौन सी कंपनियां ट्रेड करेंगी एक्स-डिविडेंड- ओबेरॉय रिएल्टी लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। वहीं, पीटीसी इंडिया की तरफ से एक शेयर पर 5 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। क्रिसिल लिमिटेड की तरफ से एक शेयर पर 8 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। सुंदरम फास्टर्न्स लिमिटेड की तरफ से 4.20 रुपये और वरुण बेवरेजेज़ की तरफ से एक शेयर पर 0.50 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

8 मई को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगी ग्रेविटा इंडिया- ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड की तरफ से 265 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। वहीं, ग्रेविटा इंडिया लिमिटेड की तरफ हर शेयर पर 6.35 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।

9 मई को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने वाली कंपनियों की लिस्ट- आनंद राठी वेल्थ लिमिटेड की तरफ से हर शेयर पर 7 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। वहीं, बजाज फाइनेंस लिमिटेड की तरफ से 12 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। ख्व्ह्ल्ह्ब्ह्य ख्ड्ड्ह्य ने हर शेयर पर 0.80 रुपये और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की तरफ से 1.50 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। वहीं, ट्रांसफॉर्मर्स एंड रेक्टिफायर्स (इंडिया) लिमिटेड की तरफ से हर शेयर पर 0.20 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।

राधाकिशन दमानी की कंपनी का नेट प्रॉफिट घटा, रेवन्यू में करीब 17 प्रतिशत का इजाफा

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार के चर्चित निवेशक राधाकिशन दमानी की कंपनी एवन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट) ने तिमाही नतीजों का ऐलान कर दिया है। एवन्यू सुपरमार्ट्स का नेट प्रॉफिट मार्च तिमाही में सालाना आधार पर घटा है। लेकिन रेवन्यू में गिरावट आई है। कंपनी की तरफ से 3 मई को नतीजों का ऐलान किया गया है। डीमार्ट ने एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा है कि जनवरी से मार्च 2025 के दौरान उनका नेट प्रॉफिट 551 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 2.2 प्रतिशत गिरा है। बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में डीमार्ट का नेट प्रॉफिट 563 करोड़ रुपये रहा था।

रेवन्यू करीब 17 प्रतिशत बढ़ा- डीमार्ट (एवन्यू सुपरमार्ट्स) का रेवन्यू मार्च क्वार्टर में 14872 करोड़ रुपये रहा है एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 12,727 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के रेवन्यू में करीब 17 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। एक्स डिवीडेंट मार्च तिमाही के दौरान 955 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की आखिरी तिमाही में यह 944 करोड़ रुपये रहा था। डीमार्ट का प्रति शेयर आय 8.47 रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष में यह 8.66 रुपये रहा था। बता दें, वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का रेवन्यू 59,358 करोड़ रुपये रहा था। जबकि वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का रेवन्यू 50,789 करोड़ रुपये रहा था।

कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन कैसा रहा है?

शुक्रवार को एवन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर बीएसई में 3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4060.50 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले एक हफ्ते में राधाकिशन दमानी का यह स्टॉक 7 प्रतिशत गिरा है। वहीं, एक साल में इस कंपनी के शेयरों की कीमतों में 11 प्रतिशत की टूट है।

700 एकड़ जमीन, 70 करोड़ टर्नओवर...

सरकारी नौकरी छोड़कर अब काले और सफेद सोने की खेती करता है ये किसान

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राजधानी दिल्ली से 1,500 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ का कोंडागांव जिला दो वजहों से प्रसिद्ध है। एक तो वहां की शिल्प कला और दूसरी प्राकृतिक सुंदरता। लेकिन धीरे-धीरे जिले के एक बेहद सफल किसान भी यहां की पहचान बनते जा रहे हैं। इनका नाम है राजाराम त्रिपाठी। हाल ही में हेलिकॉप्टर खरीदने वाले त्रिपाठी काले और सफेद सोने की खेती करते हैं। काला सोना यानी काली मिर्च और सफेद सोना यानी सफेद मूसली। सोना इसलिए क्योंकि बाजार में इस वक्त अच्छी क्वालिटी की काली मिर्च करीब 1,000 रुपये प्रतिकिलो के भाव बिक रही है। वहीं, सफेद मूसली की कीमत 2,000 रुपये से भी ज्यादा है।

- **सर्वश्रेष्ठ किसान का अवॉर्ड-** दो बार पीएचडी कर चुके राजाराम त्रिपाठी को 6 बार देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का अवॉर्ड मिल चुका है। वे अपनी पारिवारिक 700 एकड़ जमीन पर खेती करते हैं। इस जमीन से होने वाली फसल बेचने के बाद उनका सालाना टर्नओवर 70 करोड़ रुपये तक पहुंच जाता है। खेती करने की उनकी तकनीक बेहद अलग है। वो अपनी फसलें अमेरिका, जापान और अरब देशों में भी सप्लाई करते हैं। ऐसा नहीं है कि डॉ. राजाराम त्रिपाठी शुरू से ही इतने समृद्ध किसान हैं। उन्होंने तो यह काम बैंक की नौकरी छोड़ने के बाद शुरू किया।
- **बैंक में की नौकरी-** वह बताते हैं मेरे दादाजी के पास 30 एकड़ जमीन हुआ करती थी। पिताजी भी किसानी करते थे। पढ़ने-लिखने के बाद मेरी नौकरी एसबीआई के ग्रामीण बैंक में लग गई। मैं नौकरी करने लगा। लेकिन मेरा दिल और मन अपने खेतों में ही लगा रहता था। दो-तीन साल तक ऐसे ही चलता रहा, फिर 1995 में मैंने नौकरी छोड़कर पूरी तरह से खेती करने का फैसला किया। मैंने अपने जनरल मैनेजर को इस्तीफा भेज दिया। लेकिन उन्होंने सालभर तक इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। सालभर बाद जीएम ने फोन कर मुझे कहा कि चेयरमैन ने मुझे मिलने के लिए बुलाया है। उन्होंने मुझसे पत्नी को साथ लाने के लिए कहा। वे जानना चाहते थे कि मेरे फैसले पर पत्नी की क्या राय है।
- **नौकरी नहीं छोड़ने दे रहे थे बैंक चेयरमैन-**त्रिपाठी आगे बताते हैं... मैं चेयरमैन साहब के दफ्तर में पहुंचा। मेरी पत्नी भी मेरे साथ थीं। चेयरमैन साहब ने उनसे पूछा कि आपके पति अच्छी खासी बैंक की नौकरी छोड़कर खेती करना चाहते हैं, क्या आपको यह बात पता है? मेरी पत्नी ने उनसे कहा कि वह मेरे फैसले से सहमत है। वो मुझे समझाते रहे कि अगर मैं 3-4 साल और नौकरी कर लूं तो वीआरएस मिल जाएगा। मैंने उनसे कहा कि जब मैं बैंक में रहता हूं तो मेरा ध्यान खेत में लगा रहता है और जब खेतों में जाता हूं तो दिमाग में बैंक रहता है। मैंने दिल की सुनने का फैसला करते हुए ही इस्तीफा दिया है। मेरे इतना कहते ही चेयरमैन ने मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

- **क्या है त्रिपाठी की खेती का मॉडल-** राजाराम त्रिपाठी कहते हैं कि अब किसानों को गेहूं और चावल की खेती से ऊपर उठना होगा। उनका मॉडल इस पारंपरिक खेती से बिल्कुल अलग है। वह अपनी पूरी जमीन के 10 फीसदी हिस्से पर पेड़ लगाते हैं। खेत के अंदर बनी पेड़ों की इस दीवार के अंदर ही वह खेती करते हैं। इसके कई फायदे होते हैं। तेज धूप सीधे फसलों को प्रभावित नहीं करती। गर्म हवा फसलों को नहीं लगती। ऐसे पेड़ लगाए जाते हैं, जो हमेशा हरे-भरे रहते हैं और जिसकी पत्तियां रोज गिरती रहती हैं। ये पत्तियां जमीन पर गिरकर नमी पैदा करती हैं। इससे जमीन जल्दी नहीं सूखती और बाद में पत्तियां सड़कर खाद बना देती हैं। हमारी जमीन पर इन पत्तियों से अपने आप करीब 6 टन खाद बनता है। हम ऐसा पेड़ लगाते हैं, जो नाइट्रोजन लेकर सीधे जड़ों में भेजता है। इससे 3 फीसदी गर्मी कम महसूस होती है।
- **खेती के लिए करते हैं हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल-** किसान त्रिपाठी को हेलिकॉप्टर वाला किसान भी कहा जाता है। हेलिकॉप्टर खरीदने के आइडिये को लेकर राजाराम त्रिपाठी कहते हैं कि उन्होंने हेलिकॉप्टर खेती के इस्तेमाल के लिए ही खरीदा है। दरअसल, उनकी और उनके समूह की हजारों एकड़ जमीन पर दवा का छिड़काव एक साथ करना होता है। इंसान ये काम तेजी से नहीं कर सकते, इसलिए वह हेलिकॉप्टर की मदद से पूरे खेत में दवा का छिड़काव कराते हैं। वह बताते हैं कि हमारे देश के लिए यह नई बात है, लेकिन अमेरिका और यूरोप में खेती के लिए हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल आम है। सरकार को इसे पॉलिसी बनाने के लिए आगे आना चाहिए, क्योंकि तकनीक के इस्तेमाल से ही फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।
- **पूरे इलाके के किसानों का करते हैं प्रतिनिधित्व-** राजाराम त्रिपाठी अपने पूरे इलाके में किसानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके साथ 25 से 30 गांवों के करीब 20-25 हजार किसान जुड़े हुए हैं।

‘द वर्निंग कार’ में जिंदा जला युवक

चालक को निकालने का मौका तक नहीं मिला ▸ बमुश्किल कार के नंबर से हुई मृतक की पहचान ▸ भाटिया बस्ती मरीन ड्राइव पर घटी घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र के भाटिया बस्ती मरीन ड्राइव रोड पर रविवार सुबह चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद कार धू-धू कर जलती रही, इस दौरान कार के अंदर मौजूद चालक भी अपनी जान नहीं बचा पाया। आग की चपेट में आने से उसकी भी जलकर मौत हो गई।

आग की चपेट में आने से चालक बुरी तरह से झुलस गया, जिसकी वजह से उसके शव को पहचानने में भी मुश्किल हुई। पुलिस ने गाड़ी के नंबर के आधार पर चालक की पहचान की। मृतक की पहचान कदमा विजया हैरिटेज फेज संख्या छह निवासी सुनील अग्रवाल के रूप में की गई। मृतक का सीमेंट का कारोबार है।

बताया गया कि कार चालक कदमा मरीन ड्राइव की ओर जा रहा था, इस दौरान अचानक कार में आग लग गई। चालक को कार से निकलने का मौका तक नहीं मिला। उस ओर से गुजरने वालों को अंदाजा नहीं लगा कि जल रही कार के अंदर चालक भी मौजूद है।

मॉर्निंग वॉक करने और ड्यूटी जाने वाले लोग घटना को देखते रहे और घटना का वीडियो बनाते रहे। इस दौरान कार में आग कैसे लगी, लोग इस पर चर्चा भी करते रहे। घटना की सूचना पर कदमा थाना की पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के बाद कार की चालक सीट पर चालक का शव पड़ा था। शव का केवल अवशेष ही था।

कदमा थाना प्रभारी आलोक दुबे ने जानकारी दी कि कार में सिलेंडर था, जिसमें आग लगने के कारण विस्फोट हो गया। कार चालक को कार से निकलने का मौका तक नहीं मिला।

संभव है कि कार का सेंट्रल लॉक हो गया हो, जिसके कारण सुनील बाहर नहीं निकल पाए। स्वजन शोक में है इस कारण पूछताछ नहीं पाई कि वे कहा जा रहे थे। सुनने में ये मिला है कि सुनील अपने मित्र के घर सिलेंडर पहुंचाने जा रहे थे तभी हादसा हुआ।

कई जिलों से बीएलओ सहित 312 सदस्यीय टीम जायेगी दिल्ली

19 एवं 20 मई को शेयर करेंगे अपना एक्सपीरिऐंस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के 312 सदस्य की टीम अपने एक्सपेरिएंस शेयर के लिए नई दिल्ली में 19 एवं 20 मई दो दिवस के लिए जाएंगे।

इस हेतु सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिले के बीएलओ, वालेंटियर एवं बैग के सदस्यों को चयनित करते हुए उनकी सूची सोमवार तक उपलब्ध करा दें, जिससे अग्रतर कार्रवाई की जा सके। के रवि कुमार शनिवार को निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के झारखंड भ्रमण के दौरान रामगढ़ के वालेंटियर एवं रांची दशम फॉल के बीएलओ से उन्होंने मुलाकात किया था। इस दौरान उनके साथ हुए एक्सपेरिएंस शेयर से मुख्य चुनाव आयुक्त अत्यंत प्रभावित हुए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त के पहल पर पहली बार देश के अन्य राज्यों के सामने झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव 2024 के अपने कार्यों एवं अनुभवों को साझा करेंगे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य के मतदान से जुड़े स्टेक होल्डर को यह अवसर प्राप्त हुआ है।

सभी संबंधित जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी अपने जिले के बीएलओ, वालेंटियर एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों को चयनित करते हुए उनके आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह उप सचिव देवदास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय में झड़प मामले में दो और गिरफ्तार

28 अप्रैल को किजपा और प्रशासन के बीच हुई थी झड़प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। तिसरी थाने की पुलिस ने किसान जनता पार्टी के दो और नेताओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नेताओं में दासो मुर्मू और विजय सिंह शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में 28 अप्रैल को घटित घटना में हुई लाठीचार्ज और झड़प मामले में की गई है।

दोनों की गिरफ्तारी शनिवार शाम को मुफ्फसिल क्षेत्र गिरिडीह-टुंडी मार्ग पर मोहनपुर स्थित केंद्रीय कारा के समीप से की गई है।

पुलिस ने दोनों को उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वे किजपा नेता सह केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह से मिलने जेल के पास पहुंचे थे। अवधेश सिंह को धनबाद के अस्पताल से गिरिडीह लाया गया था।

इसी क्रम में जैसे ही दासो मुर्मू और विजय सिंह पुलिस वाहन के पास पहुंचे, तभी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद दोनों को अपने साथ तिसरी थाना ले गई।

बता दें कि मांगों को लेकर तिसरी अंचल परिसर में धरना पर बैठे किजपा के सदस्यों और पुलिस-प्रशासन के बीच 28 अप्रैल को झड़प, पथराव, लाठीचार्ज की घटना घटित हुई थी। इस मामले में तिसरी थाने प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस अब तक कुल 16 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इनमें किजपा नेता अवधेश सिंह समेत कई आदिवासी महिला और पुरूष नेता शामिल हैं।

उक्त घटना में अवधेश सिंह को गंभीर चोट लगने के बाद उनका इलाज धनबाद के असर्फी अस्पताल में चल रहा था। जिसे अस्पताल से वापस लाकर गिरिडीह केंद्रीय कारा भेजा गया।

मौसम विभाग ने जारी किया यलो अलर्ट

आज कई जिलों में बारिश व वज्रपात के आसार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में दिनभर जहां आंशिक बादल छाए रहे तो शाम होते ही ठंड का अहसास होने लगा। मौसम के बदले मिजाज से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छिटपुट वर्षा से रांची व आसपास के क्षेत्रों में तापमान गिर गया है।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार, राज्य के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा को छोड़ बाकी जगहों पर आज मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा बहेगी। साथ ही इन जिलों में बिजली गिरने की भी संभावना है, इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं 5 मई को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से यानी देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, धनबाद, गिरिडीह, जामताड़ा और साहिबगंज के अलावा दक्षिणी क्षेत्र यानी पूर्वी व

पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा बहेगी। साथ ही इन जिलों में बिजली गिरने की भी संभावना है, इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

बता दें कि मौसम के बदले मिजाज से राजधानी रांची व आसपास के जिलों का तापमान भी 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच चुका है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले तीन दिनों तक तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोत्तरी हो सकती है।

झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान कहीं-कहीं हल्की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 6.2 मिमी सिमडेगा के कोलेबीरा में हुई।

वहीं, सबसे अधिक अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पलामू का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में रिकॉर्ड किया गया।

अस्पताल का गलियारा गिरने से मृतकों की संख्या बढ़कर हुई तीन

सरकार ने की मुआवजे की घोषणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक सरकारी अस्पताल के गलियारे के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। बचाव अभियान के दौरान मलबे से एक और शव बरामद किया गया। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि घटना में घायल हुए दो अन्य लोगों का इलाज चल रहा है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पताल के गलियारे के ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, जमशेदपुर के साकची इलाके में एमजीएम अस्पताल के मेडिसिन विभाग की दूसरी मंजिल पर गलियारे का एक हिस्सा शनिवार शाम करीब 4 बजे ढह गया, जिसके बाद कुल 15 लोग फंस गए। एमजीएम अस्पताल के अधीक्षक नकुल चौधरी ने बताया कि घटना में दो लोग घायल हुए हैं। एक बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर होने के कारण उसे टाटा मेन अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

पूर्वी सिंहभूम की उपायुक्त अनन्या मित्तल ने बताया कि घटनास्थल से बचाए गए घायलों समेत 12 लोगों को तत्काल चिकित्सा सहायता मुहैया कराई गई है। घटना की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है और 48 घंटे में रिपोर्ट देने को कहा गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी अस्पताल के गलियारे के ढहने की घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ घटनास्थल का दौरा किया। अंसारी ने 'एक्स' पर लिखा, 'एनडीआरएफ और जिला प्रशासन बचाव कार्य में लगे हुए हैं। उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। एक सप्ताह में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये का मुआवजा देगी।

एटीएम से अब 100 और 200 के भी नोट मिलेंगे

आरबीआई के फैसले से लोगों ने ली राहत की सांस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। अब एटीएम से 100 और 200 रुपए के नोट मिलेंगे। आने वाले दिनों में खुदरा रुपये को लेकर होने वाली परेशानी खत्म होने वाली है। बाजार में खुदरा रुपये को लेकर लोगों को परेशान होना पड़ता था।

दुकानदार भी यूपीआई का हवाला देते हुए खुदरा देने में असमर्थता जताता था। लेकिन जल्द ही इसका समाधान होने जा रहा है। आरबीआई ने 100 रुपए और 200 रुपए को लेकर नया अपडेट दिया है।

केंद्रीय बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया कि वे एटीएम से 100 या 200 रुपए के नोटों की निकासी सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों के लिए इन नोटों की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर्स को भी इस निर्देश को चरणबद्ध तरीके से लागू करने को कहा गया है।

आरबीआई ने एक पत्र जारी कहा है कि आम लोगों के उपयोग में आने वाली मुद्रा के मूल्यवर्ग तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित किया जाए। इसके तहत, यह निर्णय लिया गया है।

सभी बैंक और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर यह सुनिश्चित करें कि उनके एटीएम नियमित रूप से 100 रुपए और 200 रुपए के बैंक नोट जारी करें।

केवल यही नहीं आरबीआई ने 30 सितंबर 2025 तक, सभी एटीएम में से 75 प्रतिशत एटीएम में कम से कम एक कैसेट से 100 और 200 रुपए के नोट निकलना चाहिए। 31 मार्च 2026 तक, सभी एटीएम में से 90 प्रतिशत एटीएम से 100 और 200 रुपए का नोट निकलना चाहिए।

आरबीआई के नए फरमान के बाद बैंकों को अपने-अपने एटीएम मशीन में 100, 200 के नोट को रखना अनिवार्य होगा। इसके लिए बैंकों को अपने एटीएम में अलग से कोई फेरबदल नहीं करना होगा।

जिले में विभिन्न बैंकों के 342 एटीएम हैं स्थापित

अधिकांश बैंकों के एटीएम में 100 और 200 के नोटों का कैसेट पूर्व से मौजूद है। लापरवाही के कारण एटीएम में नकदी की कमी होती है। बताते चलें कि धनबाद में विभिन्न बैंकों के कुल 342 एटीएम हैं। सबसे अधिक 130 एटीएम एसबीआई के और 90 बैंक ऑफ इंडिया के हैं।

जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस के ठहराव समय में हुआ बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी खबर है। जसीडीह और पुणे के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस के ठहराव समय में बदलाव किया गया है।

इस बात की जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी है ।

जसीडीह और पुणे के मध्य चलायी जा रही गाड़ी संख्या 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस का जसीडीह और नवादा के मध्य तकनीकी कारणों से दिनांक 11.05.2025 से ठहराव समय में संशोधन किया जा रहा है ।

11 मई, 2025 से गाड़ी संख्या 11428 जसीडीह-पुणे एक्सप्रेस जसीडीह से 20:30 बजे के बजाए संशोधित समयानुसार 21:45 बजे खुलेगी और 22: 45 बजे झाझा, 23:30 बजे किउल रूकते हुए 00.33 बजे नवादा पहुंचेगी । गया और पुणे के मध्य समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा ।

जिले के 34,566 राशनकार्ड धारकों को मिली राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जुड़े पलामू जिले के 34,566 राशनकार्ड धारकों को राहत मिल गयी है।

केंद्र सरकार ने ई-केवाईसी कराने की अवधि को 30 जून तक बढ़ा दिया है। पहले इसके लिए 30 अप्रैल की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी थी।

खाद्य आपूर्ति मंत्रालय के संयुक्त सचिव जय पाटिल ने पत्र जारी कर सभी राज्यों को इस अवधि में शत प्रतिशत ई-केवाईसी का काम पूरा कर लेने का निर्देश दिया है।

उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत ई-केवाईसी नहीं कराने वाले राज्यों की सब्सिडी होल्ड पर रखी जायेगी। साथ ही अनाज आवंटन में भी कटौती की जायेगी।

केंद्र सरकार ने अनाज वितरण में पारदर्शिता और डुप्लीकेसी रोकने के लिए सभी राशनकार्ड धारी सदस्यों के ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है।

पलामू जिले में 92.40 प्रतिशत राशन कार्डधारकों का ई-केवाइसी करा लिया गया है। यहां ई-पाश मशीन के टूजी होने और नेटवर्क की ससमय उपलब्धता नहीं होने के कारण एक परिवार को केवाईसी कराने में कई घंटा तक खड़ा रहना पड़ रहा है।

पलामू जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा से जुड़े कुल लाभुक सदस्यों की संख्या 19 लाख 36 हजार 699 है। इसमें से 13 लाख 94 हजार 362 सदस्यों का ही ई-केवाईसी हो पाया है। अब भी 05 लाख 42 हजार 337 लाभुक ई-केवाईसी कराने से वंचित हैं।

केंद्र सरकार की ओर से अब तक ई-केवाईसी कराने के लिए चार बार अवधि विस्तार किया गया है।

पलामू जिले में एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) और जेएसएफएसएस (झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा स्कीम सरकार की योजना) के तहत 04 लाख 54 हजार 603 राशनकार्ड बने हैं।

जिससे कुल 19 लाख 36 हजार 699 सदस्य जुड़े हैं। योजना से प्रति माह प्रति यूनिट पांच किग्रा अनाज मुफ्त में दिए जाते हैं। योजना के तहत सभी राशन कार्डधारकों और उससे जुड़े सदस्यों का 31 दिसंबर 2024 तक ई-केवाईसी किया जाना था।

लेकिन तय समय में ई-केवाईसी नहीं होने के कारण 31 मार्च तक अवधि विस्तार दिया गया था। लेकिन 31 मार्च तक पलामू जिले के 90.70 प्रतिशत राशन कार्डधारकों व 68.56 प्रतिशत सदस्यों का ही ई-केवाईसी हो सका था। लेकिन तय समय में ई-केवाईसी नहीं होने के कारण 30 अप्रैल तक अवधि विस्तार दिया गया था।

मंत्री ने किया आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण

भवन निर्माण में अनियमितता पर जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रविवार को बुंडु स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं, प्रबंधन व्यवस्था और विद्यार्थियों की स्थिति का गहराई से आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री लिंडा ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, जरूरतों और सुझावों को गंभीरता से सुना। छात्रों ने भोजन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी कई अहम बातें रखीं, जिन पर मंत्री ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी इस राज्य का भविष्य हैं। हमारी सरकार आपकी शिक्षा, सुरक्षा और

सुविधाओं को प्राथमिकता दे रही है। हमारी कोशिश है कि सभी छात्रावासों में गुणवत्तापूर्ण खानपान, अध्ययन के लिए उपयुक्त वातावरण, पुस्तकालय, स्वच्छता और समुचित देखरेख सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार जल्द ही सभी आदिवासी छात्रावासों में रसोइया, पुस्तकालयाध्यक्ष, वार्डन और सफाईकर्मियों की स्थायी नियुक्ति सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही बच्चों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष बैठक कर योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान लिंडा ने छात्रावास के नए भवन निर्माण कार्य में पाई गई अनियमितताओं पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री लिंडा ने अपने संघर्षों की कहानी साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मैं भी आप लोगों की तरह एक साधारण आदिवासी परिवार से आता हूं। जो कुछ भी आज हासिल किया है, वह माता-पिता के त्याग और अपनी मेहनत का नतीजा है। सरकार अवसर उपलब्ध करा रही है, अब बारी आपकी है कि आप अपने परिश्रम से खुद का और समाज का भविष्य संवारें। इस मौके पर तमाड़ विधायक विकास मुंडा, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

काटे जायेंगे 80 हजार हरे-भरे वृक्ष

देनी होगी 13लाख रुपये प्रति हेक्टेयर क्षतिपूर्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चतरा। बनारस-कोलकाता ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए चतरा जिले में 80 हजार से अधिक पेड़ काटे जाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इसके एवज में या फिर यह कहें कि उन पेड़ों से डेढ़ गुणा पौधे लगाने के लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को 44.58 करोड़ रुपये की राशि भुगतान करेगा। प्रति हेक्टेयर 13 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने का प्रावधान है।

जिले में वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के दो प्रमंडल हैं, जिसमें चतरा दक्षिणी और चतरा उत्तरी वन प्रमंडल आते हैं। सबसे अधिक जंगलों का नुकसान दक्षिणी वन प्रमंडल में हो रहा है। दक्षिणी वन प्रमंडल का 240.1553 हेक्टेयर वन भूमि हस्तांतरित होगी। जिसमें करीब 60 हजार पेड़ काटे जाएंगे।

इसी प्रकार उत्तरी वन प्रमंडल के अंतर्गत 102.8368 हेक्टेयर भूमि परियोजना के लिए अधिग्रहित की जाएगी। जिसमें करीब 20 हजार पेड़ काटे जाएंगे। पेड़ों की संख्या में वृद्धि संभव है। चूंकि 2023 में उसकी गिनती हुई थी। वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया जैसे ही पूरी होगी, वैसे ही एक फिर से पेड़ों की गिनती होगी। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन कार्यालय पुराने डाटा पर ही काम कर रहा है।

केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी यह परियोजना में रैयती भूमि अधिग्रहण की प्रकिया करीब-करीब अंतिम चरण में है। रैयतों के बीच सवा सौ करोड़ से अधिक का मुआवजा वितरण हो चुका है। यहां बताते चलें कि परियोजना के अंतर्गत 67 गांव चतरा जिले के आ रहे हैं। उसमें सर्वाधिक 28 गांव हंटरगंज, चतरा के 18, पत्थलगडा के दो और सिमरिया के 19 गांव शामिल हैं।

बनारस से कोलकाता की दूरी करीब 620 किलोमीटर है। बनारस-कोलकता ग्रीन एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश के बनारस से प्रारंभ होते हुए चंदौली और फिर बिहार के कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद एवं गया तक आएगा। उसके बाद झारखंड के चतरा में प्रवेश करेगा। चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो होते हुए पश्चिम बंगाल के पुरूलिया, बांकुड़ा, पश्चिमी मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा को जोड़ते हुए कोलकाता तक पहुंचेगा। इनमें सबसे अधिक 84 किलोमीटर चतरा जिले में है।

बनारस-कोलकाता ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे में चतरा दक्षिणी और उत्तरी वन प्रमंडल की 342.9921 हेक्टेयर वन भूमि होगी हस्तांतरित होगी। जिसमें करीब 80 हजार पेड़ काटे जाएंगे। हालांकि, यह डाटा दो साल पहले है।

मरांडी ने नियुक्ति मामले में प्राथमिकता नहीं देने पर जतायी आपत्ति

रांची। *भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सहायक वन संरक्षक और वन क्षेत्र पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए निकले विज्ञापन में वानिकी संकाय के छात्रों को प्राथमिकता नहीं देने पर आपत्ति जताई है।*

रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर उन्होंने प्रस्तावित परीक्षा को रद कर नए विज्ञापन के प्रकाशन की मांग की है ।पत्र में मरांडी ने लिखा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से दर्जनों वानिकी संकाय से स्नातक उत्तीर्ण छात्रों ने उनसे मुलाकात कर यह जानकारी दी है।

झारखंड लोक सेवा आयोग ने 2024 के अगस्त महीने में सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया था। जिसकी प्रारंभिक परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 15 एवं 29 जून, 2025 घोषित कर दी गई है। विज्ञापन में भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता में वानिकी संकाय में स्नातक को कोई प्राथमिकता नहीं दी गई है। जबकि कई राज्यों में राज्य स्तरीय सहायक वन संरक्षक एवं वन क्षेत्र पदाधिकारियों की नियुक्ति में कुल विज्ञापित पदों में से 50 प्रतिशत पदों पर वानिकी स्नातकों की नियुक्ति की जाती है।

कोहली ने बनाया छक्कों का 'तिहरा शतक'

62 रन की पारी में बनाए कई रिकॉर्ड

बेंगलुरु (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को खेले गए मैच में आरसीबी ने 2 रनों से जीत हासिल की। इस मुकाबले में एक बार फिर विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की और कई रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए. कोहली ने 33 गेंद में 62 रनों की पारी खेली।

इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को खेले गए मैच में आरसीबी ने 2 रनों से जीत हासिल की। इस मुकाबले में एक बार फिर विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की और कई रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज किए. कोहली ने 33 गेंद में 62 रनों की पारी खेली। इस दौरान कोहली ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। कोहली ने इस मैदान पर अब तक 152 छक्के जड़ दिए हैं, जो कि किसी भी खिलाड़ी द्वारा एक ही मैदान पर लगाए गए सबसे अधिक छक्के हैं। इस मामले में उन्होंने अपने पूर्व साथी और यूनिवर्स बॉस कहे जाने वाले क्रिस गेल को भी पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने बेंगलुरु में 151 छक्के लगाए थे. दिलचस्प बात यह है कि गेल और कोहली दोनों ने यह कारनामा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से खेलते हुए किया है।

आईपीएल के इतिहास में आरसीबी ने पहली बार ऐसा किया

इंडियन प्रीमियर लीग के 18 साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को लीग स्टेज में होम और अवे दोनों में हराया हो। इस सीजन से पहले आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ।

जैकब बेथेल और कोहली ने तूफानी शुरुआत दी थी

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी के लिए जैकब बेथेल और विराट कोहली ने तूफानी शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी की। बेथेल ने 33 गेंदों में 55 रन बनाए, वहीं कोहली ने 33 गेंदों में 62 रन ठोके, जिसमें उन्होंने 5 चौके और 5 छक्के लगाए। देवदत्त पडिक्कल (17), जितेश शर्मा (7) और कप्तान रजत पाटीदार (11) कुछ खास नहीं कर सके। अंत में रोमारियो शेफर्ड ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाज़ी करते हुए सिर्फ 14 गेंदों में नाबाद 53 रन बनाए, जिसमें 6 छक्के और 4 चौके शामिल थे। 214 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी रही। शेख रशीद (14) और आयुष म्हात्रे ने पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। सैम करन (5) जल्दी आउट हो गए, लेकिन इसके बाद आयुष और रविंद्र जडेजा के बीच तीसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी हुई। आयुष ने 48 गेंदों में शानदार 94 रन बनाए, जबकि जडेजा 77 रन पर नाबाद रहे। लुंगी एनगिडी ने मैच का रुख बदलते हुए एक ही ओवर में ब्रेविस और आयुष को आउट कर दिया। एमएस धोनी (12) आखिरी ओवर में आउट हुए। चेन्नई को अंतिम छह गेंदों में 15 रन की जरूरत थी, लेकिन यश दयाल ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 12 रन दिए और आरसीबी को जीत दिलाई।

स्मृति मंधाना ने बनाया बड़ा कीर्तिमान

- मिथाली राज-हरमनप्रीत कौर के खास क्लब में मारी एंट्री

कोलंबो (एजेंसी)। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस वक्त श्रीलंका में है, जहां वह श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के साथ ट्राई सीरीज खेल रही है। ट्राई सीरीज का चौथा मैच श्रीलंका और भारत के बीच में खेला जा रहा है। इस मैच में अब श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हालांकि,भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने इस मैच में एक खास उपबल्धि भी हासिल की है। वह ऐसा करने वाली सिर्फ 7वीं भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं।

स्मृति मंधाना खेल रही अपना 100वां वनडे मैच- श्रीलंका के खिलाफ स्मृति मंधाना अपने करियर का 100वां वनडे मैच खेल रही हैं। वह सिर्फ 7वीं भारतीय महिला क्रिकेटर बनी हैं जिन्होंने 100 वनडे खेले हैं। हालांकि, मंधाना के लिए उनका 100वां वनडे मैच इतना यादगार साबित नहीं हुआ। वह 28 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हो गई। उनकी बल्ले से 3 चौके इस पारी में देखने को मिले। बता दें कि पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज मिथाली राज भारत के लिए सबसे वनडे मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने कुल 232 मैच खेले हैं।

भारत के लिए खेले गए सर्वाधिक महिला वनडे मैच

232	मिताली राज
204	झूलन गोस्वामी
144	हरमनप्रीत कौर
127	अंजुम चोपड़ा
116	अमिता शर्मा
104	दीप्ति शर्मा
100	स्मृति मंधाना

स्मृति मंधाना का इंटरनेशनल करियर

28 साल की स्मृति मंधाना ने इस मैच से पहले भारत के लिए 7 टेस्ट, 99 वनडे और 148 टी20 मैच खेले हैं। टेस्ट में मंधाना ने 2 शतक और 3 अर्धशतक के चलते 629 रन बनाए हैं। वनडे में 10 शतक और 30 फिफ्टी के चलते 4288 रन बनाए हैं। वहीं टी20 में 30 अर्धशतक के बूते 3761 रन बनाए हैं। बात करें इस ट्राई सीरीज की तो भारतीय टीम ने इस मैच से पहले दो मैच खेले हैं। टीम इंडिया ने दोनों ही मैच जीते हैं। पहले मैच में भारतीय टीम ने श्रीलंका को 9 विकेट तो दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका को 15 रन से हराया है।

इंग्लैंड दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं कुलदीप यादव : क्रिकेट विशेषज्ञ

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना ??है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनका मानना ??है कि रवींद्र जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहली पसंद होंगे लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा। ॉराष्ट्रीय चयन समिति आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीमों की स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद इंग्लैंड दौरे के लिए भारत और ए टीम की घोषणा कर सकती है। प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाने वाली अन्य छह टीमों में शामिल लाल गेंद के विशेषज्ञ खिलाड़ी जल्दी इंग्लैंड के दौरे पर चले जाएंगे जैसा कि पहले भी होता रहा है। इससे उन्हें वहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिलेगी।

ऑस्ट्रेलिया में वाशिंगटन सुंदर ने पहली पसंद के स्पिनर के रूप में शुरुआत की, क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन के बाद जडेजा और रविचंद्रन अश्विन दोनों को अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में ही संन्यास ले लिया था जबकि वाशिंगटन तीन टेस्ट मैच में केवल तीन विकेट हासिल कर पाए थे। चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद, उनकी चयन समिति के सहयोगी देवांग गांधी और भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और प्रसिद्ध कोच डब्ल्यूवी रमन सभी को लगता है कि कुलदीप के पास वह 'एक्स फैक्टर' है जिसकी भारत को इंग्लैंड में जरूरत पड़ेगी। खेल के सबसे चतुर विश्लेषकों में से एक रमन ने कहा, 'कुलदीप यादव एक आक्रामक विकल्प हैं और उन्हें इंग्लैंड में भारतीय टीम में होना चाहिए।

उन्होंने अब तक 12 टेस्ट खेले हैं और अगर हम उनके स्ट्राइक रेट पर गौर करें तो वह हर छह ओवर में एक विकेट (37.3 गेंद प्रति विकेट) है। इसलिए जडेजा के साथ कुलदीप को टीम में रखना मेरे लिए सबसे आसान काम होगा। प्रसाद को भी लगता है कि वह वाशिंगटन की तुलना में बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्रसाद ने कहा, 'हालांकि आप अब भी वाशिंगटन को टीम में रख सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आपको कुलदीप जैसे उचित मैच विजेता स्पिनर की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'कुलदीप एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अकेले दम पर मैच जीतने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड में कई ऐसी जगह है जहां स्पिनर को मदद मिलती है और वहां की परिस्थितियों में कलाई का स्पिनर होने के कारण कुलदीप बेहद उपयोगी साबित हो सकते हैं।

म्हात्रे और सूर्यवंशी ने आईपीएल में उम्र से परे परिपक्वता दिखाकर बिखेरी चमक





बेंगलुरु (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच को दो रन गंवाने के बाद कहा, 'मुझे आगामी अंडर-19 विश्व कप में उन टीमों के बारे में सोच कर चिंता हो रही है जिन्हें भारत का सामना करना होगा। फ्लेमिंग ने यह बात थोड़े चुटीले अंदाज में कही लेकिन आईपीएल के मौजूदा सत्र में वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे जैसे युवा सितारों ने उम्र को धता बताते हुए जो निडरता और परिपक्वता दिखाई है उससे भारतीय क्रिकेट का भविष्य काफी मजबूत दिखता है।

महात्रे ने 48 गेंद में 94 रन की पारी खेल कर ऋष्क्के खिलाफ चेन्नई के लिए जीत का मंच तैयार कर दिया था हालांकि उनकी टीम दो रन से पीछे रह गई। महात्रे की इस पारी ने प्रशंसकों को कुछ दिन पहले सूर्यवंशी की 35 गेंद में खेली गई शतकीय पारी की याद दिला दी। महात्रे की पारी से 214 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए सिर्फ 23 रन चाहिए थे।

महात्रे ने अपनी पारी के दौरान चौथे ओवर में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का लगाकर प्रभावित किया। उन्होंने इस दौरान कोई भी आड़ा-तिरछा शॉट नहीं खेला। यह उस भरोसे का प्रमाण था जो चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ महीने पहले म्हात्रे को अपने चयन ट्रायल के नेट सत्र के दौरान देखा था। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने उन्हें मुंबई के इस खिलाड़ी को चुनने मौका दे दिया।

चेन्नई की टीम के प्रबंधन के मुताबिक वह ट्रायल में गुजरात के उर्विल पटेल और केरल के सलमान निजार से बहुत आगे थे। फ्लेमिंग ने म्हात्रे को चुनने के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा, 'जब उन्होंने ट्रायल दिया और सत्र के शुरुआती हिस्से में हमारे साथ थे, तो हम उनके कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था। बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाए रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना काबिले तारीफ है।

म्हात्रे की बल्लेबाजी की सबसे अच्छी बात यह रही कि वह पहले से शॉट खेलने का मन नहीं बना रहे थे और ना ही बहुत ताकत के साथ शॉट लगा रहे थे। वह चतुराई से परिस्थितियों के मुताबिक बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होने 15वें ओवर में भुवनेश्वर की ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद को एक्स्ट्रा कवर क्षेत्र में छक्का लगाया तो उनका संतुलन देखने लायक था। उनका 'हैंड-आई कॉर्डिनेशन (हाथों और आंखों का समन्वय) शानदार है। सूर्यवंशी ने भी कुछ दिन पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी के साथ क्रिकेट जगत के साथ राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ को भी प्रभावित किया था।

द्रविड़ ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के दौरान कहा था, 'उसकी बल्ले की गति बहुत अच्छी है। उसकी बैक लिफ्ट बहुत अच्छी है। गेंद की लेंथ के बारे में निर्णय लेने के मामले में उसका हाथ-आंखों का समन्वय बहुत अच्छा है। वह गेंद की लंबाई को जल्दी भांप कर शॉट खेलता है। फ्लेमिंग म्हात्रे और सूर्यवंशी से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'उनके बेखौफ होकर खेलने हुए देखना असाधारण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 14, 18 या 21 साल के हैं।

आज सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगा दिल्ली

हैदराबाद (एजेंसी)। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है। दिल्ली की टीम पैट कमिंस की टीम के खिलाफ भी उसके मैदान पर जीत दर्ज करना चाहेगी।

अक्षर पटेल चोट से जूझ रह हैं। वह 30 अप्रैल को नाइट राइडर्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से चले गए थे। देखना यह होगा कि वह चोट से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ खेलते हैं या नहीं। अक्षर ने हालांकि चोटिल होने के बाद भी 23 गेंद में 43 रन की उम्दा पारी खेली थी। अगर वह चोट से पूरी तरह नहीं उबरते हैं तो उन्हें गेंदबाजी में समस्या हो सकती है।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली ने अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और टीम लीग के इस महत्वपूर्ण चरण में और झटकों से बचने की कोशिश करेगी।

नाइट राइडर्स के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज फाफ डु प्लेसी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अर्धशतक जड़ा था लेकिन धीमी पिच से सामंजस्य बैठाना उनके लिए चिंता का सबब बना हुआ है। लोकेश राहुल नौ मैच में 371 रन के साथ दिल्ली के शीर्ष रन स्कोरर है लेकिन वह घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 39 गेंद में 41 रन ही बना पाए। नाइट राइडर्स के खिलाफ वह सात रन बनाकर सुनील नारायण के स्टीक थ्रो का शिकार बने।

विकेटकीपर-बल्लेबाज राहुल कमिंस, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल जैसे गेंदबाजों का सामना करने के लिए खुद को तैयार करेंगे क्योंकि सनराइजर्स की यह तिकड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है।

चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह मिशेल ओवेन पंजाब टीम में शामिल, 3 करोड़ में टीम से जुड़ेंगे

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब किंग्स ने चोटिल ग्लेन मैक्सवेल की जगह ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को चुना है। मैक्सवेल उंगली टूटने के कारण आईपीएल 2025 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ओवेन ने 34 टी20 मैच खेले हैं और दो शतकों और 108 के उच्चतम स्कोर सहित 646 रन बनाए हैं, 3 करोड़ रुपए में पीबीकेएस से जुड़ेंगे। उनके नाम 10 टी20 विकेट भी हैं।

मैक्सवेल को पिछली मेगा नीलामी में 4.2 करोड़ रुपए में चुना गया था और वह इस सीजन में बल्ले से संघर्ष करते रहे थे। उन्होंने छह पारियों में सिर्फ 48 रन बनाए और अपने पिछले चार मैचों में दोहरे अंक को पार करने में असफल रहे। हालांकि वह गेंद के साथ एक उपयोगी विकल्प बने रहे। उन्होंने अपनी ऑफ स्पिन के साथ 4 विकेट लिए। चोट ने अब उनके अभियान को समाप्त कर दिया है। मैक्सवेल की चोट पंजाब सेटअप से बाहर होने वाला दूसरा बड़ा नाम बन गया। इससे पहले लॉकी फर्ग्यूसन को गंभीर चोट के कारण बाहर कर दिया गया था। इस बीचओवेन, जो पिछले साल की मेगा नीलामी में नहीं बिके थे, ने इस जनवरी में सबसे बड़े मंच पर बिग बैश के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया, जब उन्होंने होबार्ट हरिकेंस को उनके पहले खिताब पर पहुंचाने के लिए क्रेग सिमंस के सबसे तेज बीबीएल शतक (42 गेंदों पर 11 छक्कों की मदद से 108 रन) के रिकॉर्ड की बराबरी की।

उन्होंने बीबीएल की सफलता के बाद वन-डे कप में तस्मानिया के लिए मात्र 69 गेंदों पर 149 रन की शानदार पारी खेली और अब फ्रेंचाइजियों ने उन्हें दक्षिण अफ्रीका 20 और पीएसएल में खेलने का मौका दिया है। 10 मैचों में से छह जीत के साथ पंजाब वर्तमान में अंक तालिका में चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। वे रविवार शाम को लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेंगे, जहां एक जीत से लीग चरण के समापन के साथ शीर्ष चार में उनकी जगह मजबूत हो सकती है।

धोनी का खलील अहमद को गेंद थमाने का फैसला सही था: फ्लेमिंग

बेंगलुरु (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया, लेकिन कहा कि वे इंडियन प्रीमियर लीग में आगे बढ़ने के लिए और विकल्प तलाशेंगे। चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया।

फ्लेमिंग ने शनिवार रात मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'इस सत्र में खलील ने हमारे लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए धोनी का उनकी जगह किसी अन्य गेंदबाज को गेंद थमाने का कोई कारण नजर नहीं आता। कंबोज अपनी भूमिका में लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। वह डेथ ओवरों गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। वह भविष्य के लिए एक विकल्प हो सकते हैं, लेकिन ऐसा कोई कारण नहीं था कि खलील की जगह उन्हें गेंदबाजी करने के लिए बुलाया जाता। आरसीबी ने चेन्नई के सामने 214 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। फ्लेमिंग ने कहा, 'अगर हमने किसी एक ओवर में अच्छे रन बनाए होते तो हम जीत जाते लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हमें 10 ओवर के बाद एक बड़े ओवर की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

संक्षिप्त समाचार

प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने पर एंथनी अल्बानीज को बधाई दी

नई दिल्ली, एजेंसी। शनिवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंथनी अल्बनीज को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने और आम चुनावों में उनकी बड़ी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वे अल्बनीज के साथ मिलकर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते रणनीतिक रिश्तों को और आगे बढ़ाने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के साझा लक्ष्य को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एंथनी अल्बनीज को उनकी जबरदस्त जीत और दोबारा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई! यह जीत दर्शाती है कि ऑस्ट्रेलियाई जनता को आपके नेतृत्व पर भरोसा है। मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं। अल्बनीज पिछले 21 वर्षों में पहले ऐसे ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बने हैं जिन्हें लगातार दूसरी बार तीन साल का कार्यकाल मिला है। लोक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी लेबर पार्टी ने चुनाव में बड़ी जीत हासिल की और बहुमत हासिल करने जा रही है। यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि 2004 के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री लगातार दो बार सत्ता में लौटा है। चुनाव से पहले अल्बनीज ने विश्वास जताया था कि उनकी पार्टी को फिर से बहुमत मिलेगा। पांच सप्ताह के चुनाव अभियान के दौरान उनका प्रदर्शन विपक्षी नेता पीटर डटन से बेहतर रहा था। सिडनी में समर्थकों को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई जनता ने फैसला किया है कि हम दुनिया की चुनौतियों का सामना अपने तरीके से करेंगे, एक-दूसरे का साथ देते हुए और भविष्य की तैयारी करते हुए। हमें किसी और से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं है, हमारी प्रेरणा हमारे अपने मूल्य और लोग हैं।

सीमा हैदर के घर में घुसा संदिग्ध युवक, पकड़े जाने पर किया काला जादू वाला दावा

ग्रेटर नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में सचिन मीणा और पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के घर में शनिवार की शाम एक संदिग्ध युवक जबरन घुस गया। लोगों ने किसी तरह उसे पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक का दावा है कि सीमा हैदर द्वारा उस पर काला जादू किया गया है। जानकारी के अनुसार, सीमा हैदर के घर में एक संदिग्ध युवक के घुसने की सूचना मिलने पर रबूपुरा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया।

आरोपी की पहचान गुजरात के सुरेंद्र नगर निवासी तेजस के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में युवक मानसिक रोगी प्रतीत हो रहा है। उसका कहना है कि सीमा हैदर ने उस पर काला जादू करवा रखा है। रबूपुरा थाना पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। दूसरी ओर, घटना के बाद से सीमा हैदर के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बता दें कि, कश्मीर के पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद सीमा हैदर को पाकिस्तान वापस भेजने की मांग तेज हो गई है। सीमा हैदर पाकिस्तान के सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली है। वह पबजी वाले प्यार सचिन मीणा की खातिर मई 2023 में कराची में अपने पहले पति के घर को छोड़कर 4 बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत आ गई थी। जुलाई 2023 में इसका पता चलने के बाद सीमा और सचिन को गिरफ्तार किया गया था।

दिल्ली में बनने जा रहा नया वेस्टवाटर ट्रीटमेंट प्लांट

निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण हुआ शुरू

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने एक नए वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र) की स्थापना के लिए कापसहेड़ा क्षेत्र में निजी कृषि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि यहां लगभग 12 एकड़ भूमि पर 36 एमएलडी जल क्षमता वाला WWTP स्थापित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि अधिग्रहण और प्रभावित पक्षों को मुआवजा देने के लिए दक्षिण-पश्चिम जिले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को प्रशासक नियुक्त किया गया है। भूमि अधिग्रहण पर कोई भी आपत्ति, यदि कोई हो, अधिसूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर दर्ज की जा सकती है।

उन्होंने बताया कि दक्षिण पश्चिम जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय ने हाल ही में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन अधिनियम, 2013 में उचित मुआवजा और पारदर्शिता के अधिकार और सार्वजनिक उद्देश्य के लिए अन्य संबंधित नियमों को लागू किया और ताजपुर खुर्द में 19.14 बीघा (लगभग 12 एकड़) भूमि अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी की है।

इस बारे में जारी अधिसूचना के अनुसार, यदि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार संतुष्ट है कि भूमि सार्वजनिक उद्देश्य के लिए आवश्यक है, तो दिल्ली राजपत्र में नियत समय में अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान द्वारा किए गए सामाजिक प्रभाव आकलन अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, अपेक्षित भूमि का टुकड़ा वैध और वास्तविक सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ति करता था और न्यूनतम मात्रा का था। आईआईपीए ने रिपोर्ट में कहा कि अधिग्रहण से किसी भी परिवार का विस्थापन नहीं होगा।

ताजपुर खुर्द अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशानुसार 2017 यमुना पुनरुद्धार परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में नियोजित सात संयंत्रों में से एक है। शहर की नई भाजपा सरकार मौजूदा सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) में सुधार करके और आने वाले महीनों में नए एसटीपी स्थापित करके अत्यधिक प्रदूषित नदी को साफ और पुनर्जीवित करने की योजना बना रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मार्च में अपनी सरकार के पहले बजट में यमुना की सफाई के लिए 1,500 करोड़ रुपए अलग रखे थे। इस आवंटन में 40 विकेन्द्रीकृत एसटीपी की स्थापना के माध्यम से यह सुनिश्चित करने के लिए 500 करोड़ रुपए शामिल हैं कि नदी में केवल उपचारित पानी ही पहुंचे। एसटीपी की मरम्मत और उन्नयन के लिए 500 करोड़ रुपए और पुरानी सीवर लाइनों को बदलने के लिए 250 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं।

अंजतापुरम योजना 3 दशक बाद भी नहीं हो पाई शुरू, फंसा है पेच

नईदिल्ली, एजेंसी।
आवास एवं विकास परिषद की अजंतापुरम आवासीय योजना तीन दशक (31 साल) बाद भी शुरू नहीं हो पाई है। इससे योजना के लिए जमीन देने वाली सहकारी आवास समितियों में रोष बढ़ रहा। हिंडन एयरपोर्ट के पास सिकंदरपुर, निस्तौली, भोपुरा, बेहटा हाजीपुर और पसौंडा गांव की जमीन पर अजंतापुरम को बसाने की योजना बनी थी।

सहकारी आवास समितियों का दावा है कि मार्च 1994 में उनसे परिषद ने जमीन ले ली और दो साल में योजना शुरू करने का आश्वासन दिया था। समितियों ने बिना एवार्ड किए जमीन परिषद को दे दी। समितियों के मुताबिक, आवास विकास परिषद योजना को विकसित करने के बाद उनसे विकास शुल्क लेकर 80 फीसदी जमीन उन्हें लौटा देती। इस जमीन पर भूखंड काटकर सदस्यों को बांटे जाते और नए आवास बनते, मगर आज तक योजना कागजों से बाहर ही नहीं निकल पाई है।

योजना शुरू न होने से नाराज समितियों के लोग अब कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे। उनका आरोप है कि योजना का लेआउट फाइनल होने से पहले एक समिति का नक्शा पास कर दिया और एक अन्य समिति को कब्जा भी दे दिया। अजंतापुरम योजना करीब 190 एकड़ में विकसित होनी है। 11 सहकारी आवास समितियों ने 135 एकड़ जमीन दी है और बाकी जमीन परिषद ने खरीदी है। योजना में जीडीए, नगर निगम, ग्राम सभा, पीडब्ल्यूडी की जमीन भी है। कई बार लेआउट जमीन की अड़चन के चलते फाइनल नहीं हो पाया। कई बार फीजिबिलिटी रिपोर्ट दोबारा बनानी पड़ी। इसी साल लेआउट मुख्यालय भेजा गया था, लेकिन एयरपोर्ट को जाने वाले संपर्क मार्ग के पास व्यावसायिक भूखंड आरक्षित होने से दोबारा बदलाव करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि लोन लेकर जमीन ली थी। अधिकारियों ने हमारी जमीन लेने के बाद भी इस योजन पर काम नहीं किया। जन विहार सहकारी आवास समिति लिमिटेड के सचिव आरबी शर्मा ने बताया कि साल 1997 में योजना का नोटिफिकेशन हो गया था।

अनुमति लेकर की थी, अब.. पाकिस्तानी महिला से शादी करने वाला बर्खास्त सीआरपीएफ जवान

नईदिल्ली, एजेंसी।
पाकिस्तानी महिला से शादी की वजह से चर्चा में आए सीआरपीएफ जवान को सुरक्षा बल ने बर्खास्त कर दिया था। अब बर्खास्तगी के कुछ ही घंटों बाद जवान मुनीर अहमद ने कहा कि पिछले साल शादी करने के पहले उन्होंने बल के मुख्यालय से अनुमति ली थी। अनुमति मिलने के करीब एक महीने बाद उन्होंने शादी की थी। मुनीर ने कहा कि उन्हें यह फैसला मान्य नहीं है, वह इस फैसले के खिलाफ कोर्ट जाएंगे। पीटीआई से बात करते हुए मुनीर ने कहा, शुरुआत में मुझे मीडिया के माध्यम से ही अपनी बर्खास्तगी की खबर मिली थी। कुछ देर में मेरे पास सीआरपीएफ का एक लेटर भी आ गया, जिसमें मेरी बर्खास्तगी के बारे में बताया गया था। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक झटका था क्योंकि शादी के पहले जब मैंने अपने मुख्यालय से पाकिस्तानी महिला से शादी की अनुमित मांगी थी तो मुझे अनुमति मिल गई थी। इससे पहले केंद्रीय रिजर्व पुलिस ने जवान मुनीर अहमद के मामले में बयान देते हुए कहा था कि अहमद को पाकिस्तानी महिला मीनल खान से 'छिपाकर' शादी करने और उसे जानबूझकर वीजा के खत्म होने के बाद भी भारत में शरण देने के लिए बर्खास्त कर दिया गया है। बल की तरफ से कहा गया कि यह हरकतें देश की सुरक्षा के लिए हानिकारक हो सकती हैं। अहमद ने अपने मामले के बारे में बताते हुए कहा, मैंने सबसे पहले 31 दिसंबर 2022 को पाकिस्तानी महिला से शादी करने की अपनी इच्छा से मुख्यालय को अवगत कराने के लिए पत्र लिखा था। इसमें मुझे पासपोर्ट, शादी का कार्ड और हलफनामे की कॉपी दिखाने के लिए कहा गया। इसके बाद मैंने अपना हलफनामा और अपने माता-पिता, सरपंच और जिला विकास परिषद के सदस्य के हलफनामे भी उचित चैनलों के माध्यम से जमा किए और आखिरकार 30 अप्रैल, 2024 को मुख्यालय से मंजूरी मिल गई।

उन्होंने कहा कि मैंने जब मुख्यालय से एनओसी मांगा तो वहां से मुझे बताया गया कि ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा विदेशी नागरिक से शादी करने के लिए जो औपचारिकताएं होती हैं उन्हें वह पहले ही पूरा कर चुका है। मुनीर ने कहा, इसके बाद हमने पिछले साल 24 मई को वीडियो कॉल के माध्यम से ऑनलाइन शादी कर ली।

भारत में सब्सिडी वाली कई सरकारी स्कीम का लाभ ले रहे हजारों बांग्लादेशी

नईदिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेशी नागरिकों पर दिल्ली पुलिस की कार्रवाई में बड़ा खुलासा हुआ है। दिल्ली समेत अन्य राज्यों में अवैध रूप से रह रहे हजारों बांग्लादेशी सब्सिडी वाली योजनाओं का लाभ ले रहे थे। पुलिस ने न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज की है। जांच में सामने आया कि गैंग के सरगना चांद मियां ने देशभर में हजारों की संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों को बसाया है। आरोपी उन्हें भारत लाकर नौकरी दिलाता था। फिलहाल पुलिस गैंग के लोगों से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। डीसीपी रवि कुमार ने बताया कि इंस्पेक्टर विष्णु दत्त की टीम ने असलम से पूछताछ के बाद उसके गिरोह के बांग्लादेशी नागरिक चांद मियां, मोहम्मद अली हुसैन, मोहम्मद मिजान, फतिमा, रैडिश मुल्ला और भारतीय नागरिकों में रंजन कुमार, लुकमान, मोहम्मद अनीस, रहीसुद्दीन अली, शब्बीर अली गिरफ्तार किया। रंजन कुमार, मोहम्मद अनीस, और शब्बीर अली आधार कार्ड बनाने का काम करते थे।

ट्रंप ने दिया था मैक्सिको में अमेरिकी सेना तैनात करने का प्रस्ताव, राष्ट्रपति शिनबाम ने सिरे से नकारा

मैक्सिको सिटी, एजेंसी।
मैक्सिको से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को तैनात करने का प्रस्ताव दिया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इसे सिरे से नकार दिया है। ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत को लेकर प्रकाशित एक रिपोर्ट के जवाब में मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने यह बात कही। रिपोर्ट में कहा गया था कि फोन कॉल के दौरान ट्रंप ने कथित तौर पर शिनबाम पर मैक्सिको में ड्रग माफियाओं से लड़ने के लिए अमेरिकी सेना की बड़ी भूमिका स्वीकार करने के लिए दबाव डाला था।

CLAUDIA SHEINBAUM
PRESIDENTA

शिनबाम ने कहा कि कॉल पर ट्रंप ने कहा था कि हम नशीले पदार्थों की तस्करी से लड़ने में आपकी कैसे मदद कर सकते हैं? मेरा प्रस्ताव है कि संयुक्त राज्य अमेरिका की सेना आकर आपकी मदद करे। आप जानते हैं मैंने उनसे क्या कहा? मैने कहा कि नहीं राष्ट्रपति ट्रंप। संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अवैध अप्रवासियों को रोकने के लिए सेना को लगाया है। इसके बाद से मैक्सिको के साथ दक्षिणी सीमा पर अमेरिकी सैन्य उपस्थिति में लगातार वृद्धि हुई है। अमेरिकी उत्तरी कमान ने सीमा पर सैनिकों और उपकरणों की संख्या बढ़ा दी है। सीमा से नशीले पदार्थों की तस्करी पर नजर रखने के लिए मानवयुक्त निगरानी उड़ानों में इजाफा किया गया है। साथ ही माफिया के खिलाफ अभियान चलाने वाले मैक्सिकन बलों के साथ मिलकर काम करने के लिए अमेरिकी विशेष बलों के लिए विस्तारित अधिकार की मांग की है। ट्रंप ने 19 फरवरी को अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले कई गिरोहों और कार्टेलों को आतंकी संगठन घोषित कर दिया, जिससे उनकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लग गया और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिक संसाधन उपलब्ध हो गए।

शनिवार को शिनबाम के सख्त रुख ने संकेत दिया कि एकतरफा सैन्य हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी दबाव आव्रजन और व्यापार पर सहयोग के बाद उन्हें और ट्रंप को टकराव के रास्ते पर ले जाएगा। शिनबाम ने कहा कि हम साथ मिलकर काम कर सकते हैं, लेकिन आप अपने क्षेत्र में और हम अपने क्षेत्र में।

पोप का चुनाव: कॉन्क्लेव से पहले ऑनलाइन सट्टा शुरू; यूरोपा लीग-फॉर्मूला वन चैंपियनशिप से भी बढ़कर लग रहे दांव

वेटिकन सिटी, एजेंसी। दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों के नेता के रूप में पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए अगले सप्ताह होने वाला सम्मेलन सदियों पुरानी परंपराओं से जुड़ा है। हालांकि, अगले पोप को लेकर दोस्तों और परिवारों से लेकर ऑनलाइन गेम तक सट्टा लगना शुरू हो गया है। प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'ऑड्सचेकर' के ब्रिटिश मैनेजर सैम ईटन ने कहा कि यह सट्टेबाजी यूरोपा लीग सॉकर टूर्नामेंट और फॉर्मूला-वन ड्राइवरों की चैंपियनशिप से भी आगे निकल गई है।

ऑड्सचेकर एक प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो खेल, आयोजनों और अन्य बाजारों में बाधाओं का विश्लेषण करता है। ईटन ने कहा, पोप के चुनाव को लेकर विश्व स्तर पर बहुत अधिक रुचि है। मुझे नहीं लगता कि हमारे पास ऐसा कोई बाजार है, जहां इतने सारे देश इस चुनाव को देखने में रुचि रखते हों। दुनियाभर में अगले पोप पर हजारों लोगों ने दांव लगाए हैं। उन्होंने बताया, करीब 140 देशों से लाखों लोग अगले पोप बनने की प्रत्येक कार्डिनल की संभावनाओं की समीक्षा करने के लिए ऑड्सचेकर पर आए हैं। इसके लिए ब्रिटेन, आयरलैंड और अमेरिका में विशेष उत्सुकता देखी गई। यह वैश्विक रुचि का विषय भी है। इटली में पोप चुनाव और सभी धार्मिक आयोजनों पर सट्टा लगाना प्रतिबंधित है। रोम में दोस्ताना दांव से लेकर फैंटापापा या फैंटेसी पोप नामक ऑनलाइन गेम की ओर रुख भी कर रहे हैं। यह लोकप्रिय फैंटेसी फुटबॉल व सॉकर लीग के समान है। कार्डिनलों की काल्पनिक टीमें बनाकर 60,000 से अधिक लोग इसे खेल रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति सॉकर टीम की तरह 11 कार्डिनल्स चुन रहा है।

सिंगापुर आम चुनाव में पीएम लॉरेंस वोंग की जीत, 97 में से 87 सीटें मिलीं

सिंगापुर सिटी, एजेंसी।
सिंगापुर में हुए आम चुनाव में प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग और उनकी पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को जीत हासिल की। पार्टी को 97 संसदीय सीटों में से 87 सीटें मिलीं। जीत के बाद प्रधानमंत्री वोंग ने कहा कि हम मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने भी एक्स पर पोस्ट कर वोंग को जीत की बधाई दी है।

चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच था। इनके अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में थे। चुनाव विभाग ने बताया कि देश के 26 लाख लोगों ने 1240 वोटिंग सेंटर्स पर 92 सीटों के लिए अपने वोट डाले। दरअसल, सिंगापुर की संसदीय सीटें सिंगल मेंबर कॉन्स्टिट्यूएंसी (एसएमएसी) और ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कॉन्स्टिट्यूएंसी (जीआरसी) के दो हिस्सों में बंटी हैं। जीआरसी में 4-5 उम्मीदवारों की टीम चुनाव लड़ती है, जिसमें कम से कम एक अल्पसंख्यक समुदाय (मलय, भारतीय, या अन्य) का उम्मीदवार होना जरूरी होता है। ऐसी ही एक सीट पीएपी निर्विरोध जीत चुकी थी।

1948 में पहले आम चुनाव के बाद से यह सिंगापुर का 19वां और 1965 में स्वतंत्रता के बाद से 14वां चुनाव था। पीएम वोंग ने पिछले मई में ली सीन लूंग के करीब 20 साल बाद पद छोड़ने पर नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

15 मई 2024 को ली सीन लूंग की जगह लॉरेंस वोंग ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री का पद संभाला था। वो पीएपी के महासचिव भी हैं। इससे पहले वो वित्त मंत्री और उपप्रधानमंत्री के जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। कोविड-19 के वक्त लिए गए फैसलों और आर्थिक नीतियों की वजह से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी। सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री हैं। वे पीएपी के सीनियर लीडर हैं। हेंग को पहले मजबूत दावेदार माना जाता था, लेकिन 2021 में उन्होंने स्वास्थ्य वजहों से प्रधानमंत्री पद की दौड़ से खुद को अलग कर लिया था। अगर किसी वजह से लॉरेंस वॉन्ग पीछे हटते हैं तो हेंग स्वी कीट प्रमुख उम्मीदवार बन सकते हैं। प्रीतम सिंह: वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह भी सिंगापुर की राजनीति में एक प्रमुख चेहरा हैं, हालांकि उनके प्रधानमंत्री बनने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उनकी पार्टी सिर्फ 26 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। भारतीय मूल के प्रीतम सिंह की लीडरशिप में वर्कर्स पार्टी ने पिछले चुनाव में मजबूत प्रदर्शन करते हुए 10 सीटें जीती थी। इस साल फरवरी में उनका नाम तब विवादों में घिर गया था जब सिंगापुर की एक अदालत ने उन्हें संसद में शपथ लेकर झूठ बोलने के दो मामलों में दोषी करार दिया था। इसके लिए उन पर 5,220 डॉलर के दो जुर्माने भी लगाए गए थे।

सिर्फ पीएपी ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ी थी चुनाव में 11 पार्टियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन सिर्फ पीएपी ने ही सभी 97 सीटों पर चुनाव लड़ा था। वर्कर्स पार्टी ने सिर्फ 26 सीटों के लिए चुनाव लड़ा था। सिर्फ छह पार्टियां ही 10 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ी थीं।

2020 के आम चुनाव में कुल 93 सीटों के लिए वोटिंग की गई थी, जिसमें पीएपी ने 83 सीटें जीती थीं, उसे 61.24 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि वर्कर्स पार्टी ने 10 सीटें जीती थीं।

इस बार के चुनाव में आर्थिक विकास, रोजगार, बढ़ती महंगाई, हेल्थ, एजुकेशन और अल्पसंख्यक समुदाय की सरकार में हिस्सेदारी एक प्रमुख मुद्दा था। पीएम वोंग और पीएपी ग्लोबल इकोनॉमी पर अमेरिकी टैरिफ की वजह से पैदा हुई अनिश्चितताओं के बीच ने जनता से नया जनादेश मांगा था। सिंगापुर में मतदान करना एक सिविल ड्यूटी सिंगापुर में 21 साल से ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों के लिए वोटिंग अनिवार्य है। 2020 के चुनाव में कुल 95.81 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार भी उम्मीद है कि वोटिंग परसेंट काफी हाई होगा, क्योंकि सिंगापुर में मतदान को सिविल ड्यूटी माना जाता है। सिंगापुर में फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट सिस्टम का इस्तेमाल होता है, जिसमें सबसे ज्यादा वोट पाने वाले उम्मीदवार की जीत होती है। भारतीय समुदाय को लुभाने की कोशिश पीएम वॉन्ग ने भारतीय समुदाय को रिझाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

संक्षिप्त समाचार

पासपोर्ट मामलों के 99 प्रतिशत निष्पादन के लिए पलामू पुलिस की हुई प्रशंसा

पुलिस अधीक्षक ने पासपोर्ट शाखा कर्मियों को किया सम्मानित

मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पलामू जिले की पासपोर्ट शाखा को राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। राज्य में पासपोर्ट से जुड़े मामलों के निष्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों में पलामू का नाम शामिल किया गया। पलामू पुलिस ने 99 प्रतिशत मामलों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। इस उपलब्धि के लिए पुलिस अधीक्षक ने पासपोर्ट शाखा व उसमें कार्यरत कर्मियों को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान जिले की पुलिस टीम के कुशल कार्य, समर्पण व पारदर्शिता का प्रतिक है। मौके पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने कहा कि यह उपलब्धि पलामू पुलिस के लिए गर्व की बात है। पासपोर्ट मामलों में त्वरित कार्रवाई व नागरिकों को समयबद्ध सेवा देना प्राथमिकता रही है। पासपोर्ट शाखा ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने आशा जताई कि आगे भी इसी तरह की प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए पलामू पुलिस नागरिकों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

टुण्डी विधायक के आवासीय कार्यालय सिजुआ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

टुण्डी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। टुंडी विधायक माननीय मथुरा प्रसाद महतो जी के अध्यक्षता मे एक बैठक हुई। इस बैठक मे मुख्य रूप से पूर्व टिस्को कर्मी सह सामाजिक कार्यकर्ता स्व.रामेश्वर महतो के कर्मों पर चर्चा हुई। विधायक जी महतो ने कहा की स्व.रामेश्वर महतो झामुमो के एक सच्चे सिपाही थे, वे झारखंड आन्दोलन मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए थे। और समाज के काम में बढ़ चढ़ भाग लेते थे। बैठक में सभी ने स्व. महतो के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। बैठक मे उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर राधेश्याम गोस्वामी, दयाल महतो,संजय सिंह,चंद्रिका सिंह यादव जनक लाल, शंकर चौहान, अनिल अग्रवाल,मदन महतो ,बाबूनाथ महतो,बसंत महतो,मनोज महतो,जावेद अहमद,संजय राय, पुनर्बशु दास, शिबू रजवार,आनंद महतो,राजाराम महतो, प्रतोष महतो, दिनेश महतो, सुमित महतो,अर्जुन महतो, महादेव महतो, राजेन्द्र पासी,बीरू सिंह,अभिराम मुर्मू,कैलाश महतो,लक्ष्मण सिंह, जयंतो सरकार ,कृष्णा मंडल, राजकुमार महतो, बबलू महतो, लक्ष्मी कांत महतो,राकेश पासवान,सहित सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नम आंखों से उन्हें याद किया और उनके योगदान को सराहा।

भीषण सड़क हादसा, चार वाहन टकराए दो लोग घायल

गोबिंदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। गोविंदपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 19 (जीटी रोड) पर रविवार एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में चार वाहन आपस में टकरा गए। जिससे दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, यह घटना जीटी रोड पर हुई, जहाँ एक टैंकर, एक कंटेनर, एक 407 ट्रक और एक अन्य अज्ञात वाहन आपस में भिड़ गए हादसे में घायल हुए दो व्यक्तियों को तत्काल इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के प्रत्यक्षदर्शी और टैंकर चालक अमन ने बताया कि वह मध्य प्रदेश से कोलकाता की ओर जा रहे थे उनके आगे एक कंटेनर चल रहा था, जिसने अचानक ब्रेक लगा दिया अमन ने बताया कि उनके टैंकर का ब्रेक फेल हो गया था जिसके कारण वह कंटेनर से टकरा गए इसके तुरंत बाद, पीछे से आ रहे एक 407 ट्रक और एक अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए जिससे स्थिति और गंभीर हो गई. इस दुर्घटना में टैंकर चालक अमन के पैर की दोनो पैर की हड्डियां टूट गई हैं दुर्घटना में टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया गोविंदपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है तीनों वाहनों को फिलहाल पुलिस यार्ड में रखा गया है दुर्घटना के कारण सड़क पर यातायात कुछ देर के लिए बाधित रहा जिसे बाद में हटा दिया गया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नागरिक अधिकार मंच की बैठक में शामिल हुए एमएलसी दिलीप सिंह

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत नागरिक अधिकार मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक बोकारो के सेक्टर 3 ई स्थित मंच के कार्यालय में हुई। 'पर्यावरण-मित्र आश्रम' के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने बैठक की अध्यक्षता की। संचालन मंच के महासचिव रघुवर प्रसाद ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सम्मानित सदस्य एमएलसी दिलीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

भारत के हर प्रांत के निवासियों में आपसी सामंजस्य और एकता बनाए रखने के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए। इस कार्यक्रम के लिए देश के सम्मानित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर जगह प्रशंसा हो रही है, जिनके नेतृत्व में देश मजबूत हो द्रुतगति से विकास की ओर अग्रसर है। बिहार के विधान पार्षद श्री दिलीप कुमार सिंह इसी कार्यक्रम के माध्यम से बोकारो में निवास करने वाले बिहार के प्रमुख लोगों से मिलने हेतु कई दिनों से यहां प्रवास कर रहे हैं। नागरिक अधिकार मंच द्वारा आयोजित बोकारो में निवास करने वाले बिहार के कुछ प्रमुख लोगों की इस बैठक को संबोधित करते हुए विधान पार्षद दिलीप सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन की सुशासन वाली सरकार विकास का नया कीर्तिमान गढ़ रही है। बिहार के लोग जहां भी निवास कर रहे हैं उनका भी ये फर्ज बनता है कि यह विकास का क्रम लगातार जारी रहे इसलिए इस सुशासन की सरकार को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए इसे पुनः सेवा का मौका प्रदान करें। इस अवसर पर मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने कहा कि बिहार के सभी निवासी वर्तमान बिहार सरकार के कार्यों से प्रसन्न हैं तथा चाहते हैं कि आगे भी ये सुशासन वाली सरकार बनी रहे। बिहार आज तेजी से हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। बिहार भगवान बुद्ध, महावीर, गुरु गोविंद सिंह, चाणक्य, कुंवर सिंह, विद्यापति और जयप्रकाश नारायण की धरती है जहां से पूरे देश को प्रकाश तथा बल मिलता है। बिहार के विकास के लिए माननीय प्रधानमंत्री मोदी के सहयोग को भी भुलाया नहीं जासकता है। इस कार्यक्रम के बोकारो जिला संयोजक रोहित लाल सिंह ने कहा कि भारत श्रेष्ठ तभी बनेगा जब हर राज्य में मोदी जी के नेतृत्व की राष्ट्रवादी विचारधारा वाली सरकारें होंगी। बोकारो नगर भाजपा के अध्यक्ष अनिल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत आए औरंगाबाद जिला के भाजपा उपाध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्र, रघुवर प्रसाद, रमण ठाकुर, अनिल सिंह, लक्ष्मण शर्मा, मुन्ना तिवारी, कृपा शंकर दुबे, ललित कुमार, महेश ओझा, हरेश ओझा, सुनील सिंह, विजय गुप्ता, विजय त्रिपाठी, पिंटू सिंह, अनुराग मिश्र, अभय कुमार गोलू, बी के सिंह, चंदन कुमार, शंकर रजक, धर्मेंद्र सिंह, आर एल द्विवेदी, भगवान पांडेय, उपेंद्र नाथ पांडेय, अनिल उपाध्याय, संजय सिंह, चंद्रशेखर कुमार सहित कई प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

अतिक्रमण के नाम पर किसी गरीब को उजाड़ने नहीं देंगे : सांसद

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सेक्टर 2 स्थित कला केंद्र में मजदूर दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो पहुंचे। ढुल्लू महतो ने इस दौरान बोकारो स्टील में काम करने वाले मजदूरों की समस्या को लेकर अपनी बातों को रखा। उन्होंने बोकारो स्टील प्रबंधन और सेल अध्यक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूरों और विस्थापितों के मुद्दे को प्रबंधन और सेल चैयरमैन उलझने का काम नहीं करें। क्योंकि आज जो बोकारो स्टील में समस्या है उसका जिम्मेदार अगर कोई है तो सेल चैयरमैन है। उन्होंने कहा कि अगर बोकारो में फिर से कोई घटना घटती है तो सीधे तौर पर सेल चैयरमैन पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्रबंधन को प्रोडक्शन और मजदूरों की समस्या पर ध्यान देना चाहिए। उन्हें नेतागिरी करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन कुछ दलाल नेताओं को बढ़ावा देने का काम कर रहा है जो पूरी तरह से गलत है। ढुल्लू महतो ने कहा कि अगर कोई बांग्लादेशी और पाकिस्तानी बोकारो स्टील की जमीन पर कब्जा कर बैठा है तो उसे हर हाल में हटाना होगा। लेकिन गरीबों को किसी कीमत पर उजाड़ने नहीं दिया जाएगा।

केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री का जैनामोड़ में भव्य स्वागत

बेरमो कोयलांचल में व्याप्त समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीशचंद्र दुबे का रांची से धनबाद जाने के दौरान जैनामोड़ में भव्य स्वागत किया गया। फुसरो सीसीएल कोलियरी के विस्थापित एवं मजदूरों की ज्वलंत समस्याओ, क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज, माइनिंग कॉलेज साथ ही उच्च शिक्षा की पढ़ाई की व्यवस्था संबंधी एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से आवासों की बदतर स्थिति, विस्थापितों के लिए स्वास्थ्य की सुविधा कोलियरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों तथा बच्चों को वायु प्रदूषण से होने वाले कैंसर, टीवी, तथा अन्य बीमारियो के इलाज के लिए बेहतर हॉस्पिटल की मांग की गई। मंत्री को भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक मिश्रा के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, भाजपा जिला महामंत्री अनिल स्वर्णकार, प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, अशोक मिश्रा, भाजपा प्रखंड महामंत्री सुनील मंडल, अजय सिंह, बैजनाथ नायक, कमल किशोर सिंह ,सुनील सिंह, राजेश सिंह, उत्तम मिश्रा, मोहन महतो, अश्विनी मिश्रा शामिल रहे।

ऑल ड्राइवर राइट महासंघ की बैठक सम्पन्न

ड्राइवरों के अधिकारों को लेकर उठी आवाज

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ऑल ड्राइवर राइट महासंघ एसोसिएशन बोकारो जिला इकाई की एक अहम बैठक रविवार को चंदनकियारी प्रखंड के नवडीहा मोड़ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के महासचिव मो हुसैन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में महासंघ के सीईओ फैसल खान उपस्थित रहे। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों पेशेवर ड्राइवरों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री खान ने उपस्थित ड्राइवरों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में ड्राइवरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ड्राइवर वर्ग वह है जो अपने परिवार से दूर रहकर 24 घंटे सेवा में तत्पर रहता है। चाहे दिन हो या रात, बारिश हो या गर्मी, वे देश की आर्थिक गतिविधियों को गति देने का काम करते हैं। सीईओ फैसल खान ने कहा कि चुनाव के समय नेता ड्राइवरों से बड़े-बड़े वादे करते हैं, उन्हें अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं। लेकिन चुनाव समाप्त होते ही वही नेता ड्राइवरों की समस्याओं की ओर आंख मूंद लेते हैं। ड्राइवर केवल वोट बैंक बनकर रह गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर भी ड्राइवरों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने ड्राइवरों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित आंदोलन खड़ा करने की अपील की। महासंघ ने यह भी निर्णय लिया कि आने वाले दिनों में ड्राइवरों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन बोकारो जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। बैठक में ड्राइवरों के लिए जीवन बीमा, स्वास्थ्य सुविधा, दुर्घटना बीमा, काम के निश्चित घंटे, सड़क पर पुलिस और प्रशासन द्वारा की जाने वाली अनावश्यक जांच आदि मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने एकजुट होकर ड्राइवर समाज के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। मौके पर अब्दुल वाहिद, दिलीप महतो, समर कुम्भकार, हुसैन अंसारी, सज्जाद खान, उमाशंकर महतो, मिठू सिंह, द्वारिका सिंह, इमरान अंसारी, इस्लाम अंसारी, दीपक महतो, संजय महतो, फनी ठाकुर, संजीब सिंह, मनोज बाउरी आदि उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के आरोपी को धनबाद साइबर सेल ने किया गिरफ्तार

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। ऑनलाइन साइबर ठगी के एक आरोपी को धनबाद साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अभिनन्दन कुमार, पिता-अखिलेश सिंह है जो कि बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के न्यू कलोनी का रहने वाला है। गिरफ्तार शख्स पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी के जरिये ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते हुए करीब 15 लाख रुपये कि साईबर ठगी की है। शिकायत प्राप्त होने पर साईबर थाना में कांड पंजीकृत कर अनुसन्धान प्रारम्भ किया गया। अनुसंधान के क्रम मे वादी के खातो से भेजे गये पैसों की विवरणी विभिन्न बैंक खातो से प्राप्त की गई एवं खाता में दर्ज जानकारी के अनुसार पीछा करते हुए साईबर ठगी के आरोपी अभिनन्दन कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा विभिन्न बैंको में करीब 14 खाता खोलवाया गया था जिसमे कुल 29 शिकायत दर्ज है। गिरफ्तारी के वक़्त आरोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाईल फोन (दो सीम के साथ) जिसमे से एक एन सी आर पी पोर्टल में शिकायत दर्ज है को बरामद किया है।

बिस्को ने किया पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या का आयोजन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑगेनाईजेशन (बिस्को) द्वारा अपने स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक रविवार को विभिन्न कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन गत माह में किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को तथा समाज के लिए विशिष्ट योगदान करने वाले सदस्यों को विशेष रूप से पुरस्कृत करने हेतु रविवार को स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक बोकारो स्टील सिटी शाखा, सेक्टर 4 में पुरस्कार वितरण सह संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन कर किया गया। दीप प्रज्जवलन मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक राजेश कुमार श्रीवास्तव, बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास एवं महासचिव राघव कुमार सिंह के कर कमलों से किया गया। तत्पश्चात रश्मि सोनल, सुनीता राय, सुबोध रजक, अवधेश प्रसाद, हिमांशु शेखर मिश्रा, रीता श्रीवास्तव, पूजा सिन्हा, श्रीजनी सेन गुप्ता द्वारा बिस्को संगठन गीत प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बैंक और बीमा के संयुक्त सहयोग से बना यह संगठन अद्भुत है। इस संगठन के सदस्य अपने कार्यक्रमों के माध्यम से जहां अपने कार्यालय में कार्य करने में एक उदाहरण प्रस्तुत करता है, वही क्रीड़ा, संस्कृति एवं सामाजिक गतिविधियों में अपनी एक अमिट छाप छोड़ता है। कार्यक्रम में विभाष झा, रामाशीष सिंह, राजेश श्रीवास्तव, दीपनारायण कुमार, प्रदीप झा, अवधेश प्रसाद, सुबोध कुमार रजक, राकेश कुमार मिश्रा, सितारे अहमद, प्रशांत कुमार, अवधेश कुमार, ज्ञान स्वरूप सिन्हा, अरूण कुमार, कृष्णकांत कुमार के साथ सैकड़ो सदस्य एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

> दीप प्रज्जवलन मंडल प्रमुख पंजाब नैशनल बैंक राजेश कुमार श्रीवास्तव, बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास एवं महासचिव राघव कुमार सिंह के कर कमलों से किया गया

चंदनकियारी में आज और जरीडीह में 07 मई को लगेगा जनता दरबार

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चन्दनकियारी प्रखण्ड मुख्यालय में आज एवं बुधवार को पूर्वा- 11:00 बजे जरीडीह प्रखण्ड मुख्यालय में उपायुक्त विजया जाधव का जनता दरबार आयोजित होगा। इसकी तैयारी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर उपायुक्त ने संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचलाधिकारी (सीओ) को निर्देशित किया है। उक्त जनता दरबार में सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जनता दरबार में निम्न विषयों से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए त्वरित कार्रवाई की जायेगी। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से सम्बन्धित आवेदन। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना। मनरेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना/अबुआ आवास योजना।

कदाचार रहित शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई नीट यूजी परीक्षा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रविवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए.) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा 2025 कदाचार रहित झ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। सुबह 10 बजे से ही जिले के परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की भीड़ जुटने लगी थी। एन.टी.ए. से प्राप्त निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों का प्रवेश पूर्वाह्न 11.00 से 1.30 बजे तक दिया गया। सभी परीक्षार्थियों ने क्रमवार परीक्षा केंद्र में प्रवेश के बाद निबंधन कराया एवं बायोमेट्रिक अटेंडेंस के बाद परीक्षा कक्ष में गये। ससमय परीक्षा शुरू हुआ। उधर, उपायुक्त विजया जाधव ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों - दंडाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिया। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एन.टी.ए) द्वारा जारी गाइडलाइन का अक्षरशः कड़ाई से अनुपालन को कहा। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर वरीय पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात रहें। नियंत्रण कक्ष में भी पदाधिकारी दिन भर मुस्तैद रहें। जिले में नीट (यूजी) परीक्षा 2025 में कुल 2880 परीक्षार्थी शामिल होने थे, जिसमें 2804 परीक्षार्थी शामिल हुए एवं 76 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। जानकारी हो कि, नीट परीक्षा को लेकर जिले में 08 परीक्षा केंद्र क्रमशः पीएमश्री पंचान्न राजबाला प्लस टू हाई स्कूल सतनपुर, डिस्ट्रिक्ट रामरूद्रा सीएम एसओई चास बोकारो, केंद्रीय विद्यालय नंबर वन सेक्टर फोर, श्री महावीर जी प्लस टू हाई स्कूल बिजुलिया, केंद्रीय विद्यालय सीटीपीएस चंद्रपुरा बोकारो, अपग्रेडेड राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लकरखंदा,पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 03 एवं प्लस टू हाई स्कूल पेटरवार को बनाया गया था।

2804 परीक्षार्थी हुए शामिल 76 परीक्षार्थी रहें अनुपस्थित

45 शिशु मंदिर से जुटे प्रतिनिधि, विद्यालयों के विकास पर हुई चर्चा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हम जीते हैं : डॉ पूजा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 2 ए बोकारो के प्रांगण में विभाग टोली की बैठक आहूत की गई। जिसमें धनबाद विभाग के 45 शिशु मंदिरों से समिति सदस्य, प्रधानाचार्य, आचार्य एवं दीदी सम्मिलित हुए।

इस बैठक की प्रस्तावना को रखते हुए धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय ने धनबाद विभाग सभी विद्यालयों को और समृद्ध बनाने हेतु विषय को रखते हुए कहा कि इस टोली की बैठक का उद्देश्य अपने विभाग के विद्यालयों का विकास कैसे हो इसकी रूपरेखा तय करना है। संकुल स्तर पर समृद्ध विद्यालय छोटे विद्यालयों को साथ लेकर कैसे आगे बढ़े इसकी योजना बनानी है । समय - समय पर वैसे विद्यालयों को सहायता देना एवं उनके शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत निरीक्षण कर उसकी गुणवत्ता में सुधार लाना ही इस टोली का मुख्य उद्देश्य है। विद्या विकास समिति झारखंड की प्रदेश सह मंत्री डॉ पूजा ने धनबाद विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं पंचपदी शिक्षा पद्धति का विद्यालयों में पूर्ण रूपेण क्रियान्वयन पर चर्चा करते हुए कहा कि हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को जीते हैं। जिस समय देश में दूर-दूर तक इसकी चर्चा तक नहीं थी । प्रारंभ कल में ही लज्जाराम तोमर जी ने इसकी योजना बनाई । पंचपदी शिक्षा नीति बालकों के अंदर शिक्षा ही नहीं उनके सर्वांगीण विकास का मूल मंत्र है । जो उनका कौशल विकास कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने का काम करती है।

विद्या भारती के विद्यालयों को ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन सर्वप्रथम अपने विद्यालयों में करना होगा । क्योंकि इस नीति में आए जितने भी विषय हैं वह प्रारंभ कल से विद्या भारती की योजना में रहे हैं। अतः धनबाद धनबाद विभाग में हम सबों का प्रयास होगा कि प्रत्येक विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति सह पंचपदी शिक्षा पद्धति का समावेश हो और इसके तहत ही बालकों के सर्वांगीण विकास की योजना बने। जैक के पूर्व उपाध्यक्ष एवं सरस्वती विद्या मंदिर भूली नगर के सचिव फूल सिंह जी ने पंच परिवर्तन पर चर्चा करते हुए विद्यालयों के द्वारा सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व एवं स्वदेशी का भाव और नागरिक कर्तव्य पर चर्चा करते हुए विद्यालयों की इसमें भूमिका को बताया और इसके माध्यम से बालकों में राष्ट्रीयता की भावना भरते हुए उनके सर्वांगीण विकास कैसे किया जाए इसकी चर्चा की । वहीं बालिका शिक्षा प्रमुख धनबाद टोली की सदस्या सिंदरी की प्रभारी प्राचार्य रंजना सिंह ने लोक माता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्म जयंती और उनके जीवन के बारे में बताते हुए बालिकाओं की शिक्षा और उसके व्यक्तित्व विकास पर चर्चा की। सभी ने मिलकर धनबाद विभाग में विभाग स्तरीय कार्यक्रमों की वर्षभर की योजना बनाई । इस अवसर पर बोकारो 3/सी संकुल के संकुल संयोजक एवं सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर - 2 के अध्यक्ष मार्कंडेय पाण्डेय, उपाध्यक्ष प्रोफेसर सुबीर कुमार, सचिव , विपिन ठाकुर ,कोषाध्यक्ष दीपानंद मिश्रा , प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार पांडे, विद्या मंदिर 3/सी के प्राचार्य संजीव कुमार, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी के प्राचार्य राजेंद्र कामत, के साथ-साथ 42 विद्यालयों से आए समिति सदस्य प्रधानाचार्य एवं आचार्य उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक
कमल किशोर द्वारा डी.बी.
कॉर्प. लि. के लिए भास्कर
प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन
रोड, अशोक नगर, केजी
आश्रम, धनबाद (झारखंड)
से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-
31, कॉपरेटिव कॉलोनी,
बोकारो स्टील सिटी, जिला
बोकारो (झारखंड) से
प्रकाशित। संपादक
कमल किशोर, नवबिहार
टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र
नगर, औरंगाबाद (बिहार),
स्थानीय संपादक :
मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण
संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com